सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:13

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.2 न्यू | 30.4 अधि |
| धर्मशाला | 25.8 न्यू | 36.8 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75170.45 |
| निफ्टी | 22888.15 |
| सोना | 72,930 |
| चांदी | 93,043 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 29 मई, 2024 | 16 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 161, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग सत्र में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया

पृष्ठ 14 पर

**अनंत ज्ञान अपील: छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान**



## न्यूज शॉर्ट्स

### हथियार और गोला-बारूद के साथ 2 आतंकी गिरफ्तार



**जम्मू।** अनंतनाग जिले के पहलगाम के मुलसू सीर इलाके में हथियारों और गोला-बारूद के साथ दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। अनंतनाग पुलिस, सेना की 33आरआर और सीआरपीएफ 96 बटालियन ने संयुक्त रूप से मुलसू सीर अनंतनाग में चेकिंग अभियान के दौरान दो आतंकियों को पकड़ा है।

### मानहानि केस में कोर्ट ने आतिशी को भेजा समन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी को मानहानि केस में समन भेजा है। आतिशी को 29 जून को कोर्ट में पेश होना होगा। मामला दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने दायर किया था। आतिशी ने भाजपा पर 'आप' के विधायकों को तोड़ने की कोशिश करने के आरोप लगाए थे।

### उत्तराखंड में 3.1 तीव्रता का आया भूकंप



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंगलवार सुबह 6:43 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र में पांच किमी की गहराई पर था। भूकंप से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मनी लांड्रिंग के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।

### इंडिगो विमान में बम की सूचना से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** दिल्ली से वाराणसी जाने के लिए तैयार इंडिगो के विमान में मंगलवार सुबह 5:35 बजे बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसके बाद विमान को रन-वे पर ही रोक लिया और सभी यात्रियों को आपातकालीन द्वार से बाहर निकाला गया। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। विमान में एक टिशू पेपर मिला, जिसमें '30 मिनट में बम ब्लास्ट' लिखा हुआ था।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी से मांगा जवाब



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

### अनंत व्यंग्य




# कांग्रेस एससी/एसटी रिजर्वेशन पर डाल रही डाका : जेपी नड्डा

## किन्नौर और रामपुर में विजय संकल्प रैलियों में साधा कांग्रेस पर निशाना



विजय संकल्प रैली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ/रामपुर

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किन्नौर के शोलतु और रामपुर के ननखड़ी और रोहड़ू में विजय संकल्प रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी/एसटी व ओबीसी के रिजर्वेशन पर डाका डाल रही है और मुस्लिम भाइयों को आरक्षण देना चाहती है।

कोरोना और यूक्रेन के युद्ध में बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा गई। अमेरिका, जापान आर्थिक दृष्टि से समस्या में आ गए। चीन पीछे जा रहा है, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भारत 11वें नंबर से पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गई। जब भी विश्व के कई देशों में भूकंप अथवा अन्य त्रासदी आई, सबसे पहले मदद के लिए भारत खड़ा हुआ है। भाजपा ने मोदी के नेतृत्व में देश का राजनीतिक विषय दुनिया में बदल डाला है। 10 साल पहले दुख होता था कि भारत भ्रष्टाचारी देश बन गया है, लेकिन आज पीएम मोदी ने आपके मन में उमंग व विश्वास जगाया है।

**कंगना रनौत को भारी मतों से जिताने की अपील**

उन्होंने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्हें भारी मतों से जिताने और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

### घर में घुसकर मारा, पाक उफ भी नहीं कर पाया

**नड्डा** ने कहा कि एक जमाने में जब पाकिस्तान में गोली चलती थी, तो दिल्ली हेडक्वार्टर कहता था कि रुक जाओ गोली मत चलाना। आज मोदी के नेतृत्व में सीधा ऑर्डर है, जब तक गोली चलाने वाले को मिटा न दो, तब तक पीछे नहीं हटना। बालाकोट में हमने घर में घुसकर मारा और पाकिस्तान उफ भी नहीं कर सका। पहले भारत के पास बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं था। आज भारत बुलेट प्रूफ जैकेट एक्सपोर्ट कर रहा है।

### अब काम के रिपोर्ट कार्ड पर वोट करते हैं लोग

नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में उमंग, हिम्मत, उत्साह की अलख जगाई है। पहले जाति, धर्म और इलाके के नाम पर वोट पड़ते थे, लेकिन अब काम के रिपोर्ट कार्ड पर ही लोग वोट करते हैं। मोदी सरकार ने देश की सभी सीमाओं तक सड़क पहुंचाने का काम किया है। पहले तिब्बत सीमा से सटे किन्नौर का आखिरी गांव छितकुल के नाम से जाना जाता था, लेकिन केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रथम गांव बनाया।

# कांग्रेस ने जनता और भाजपा ने चुनिंदा करोड़पतियों के लिए किया काम : प्रियंका

## कहा- आपदा के समय पीएम मोदी को नहीं आई हिमाचल की याद



प्रियंका गांधी ने ऊना जिले के गगरेट और कुटलैहड़ में न्याय संकल्प रैलियां की। इस दौरान सीएम सुक्खू व अन्य नेता।

अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा के पक्ष में गगरेट और कुटलैहड़ में न्याय संकल्प रैलियां कीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भयंकर प्राकृतिक आपदा आई, लेकिन पीएम मोदी एक बार भी हिमाचल नहीं आए।

मोदी ने हिमाचल में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया। सारी राहत प्रदेश सरकार की ओर से दी गई। कांग्रेस ने गरीब और आम आदमी के लिए काम किया है, जबकि भाजपा ने चुनिंदा करोड़पति लोगों के लिए काम किया है। कांग्रेस की 55 साल सरकारें रही, लेकिन कांग्रेस कभी धन के मामले में देश का नंबर एक राजनीतिक दल नहीं बना। भाजपा की देश में महज दस साल सरकार रही और भाजपा देश नहीं, बल्कि धन के मामले में दुनिया की नंबर एक पार्टी बन गई।

### सरकारें गिराने में करोड़ों रुपए लगा रही भाजपा

**प्रियंका** ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश की। धनबल के साथ चोरों की तरह विधायकों को कभी यहां, कभी वहां छिपाया। यह लोकतंत्र के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध जनता की आंखों के सामने करने की कोशिश हुई। यह हमारे नेताओं की दृढ़ता थी कि सरकार एकजुट रही, जिनको जाना था, धनबल के आधार पर चले गए। भाजपा का सिर्फ एक धर्म सत्ता व संपत्ति है। कांग्रेस पैसों व धनबल के लिए नहीं, जनता के लिए काम करती है। जिन राज्यों में विपक्षी दल की चुनी हुई सरकारें हैं, उन्हें गिराने के लिए भाजपा करोड़ों रुपए लगा रही है।

### हिमाचल में मेरा घर, दिल्ली में नहीं लगता दिल

प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल उनका घर है, दिल्ली में अब उनका दिल नहीं लगता है। अपने घर में यह बताने के लिए आई हूं कि भाजपा ने जिस तरह से देश की जनता को ठगा है, उससे आप सावधान रहें। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बीस साल से हमीरपुर संसदीय सीट से सांसद हैं, लेकिन उतना विकास नहीं करवा पाए, जितना होना चाहिए था। जनप्रतिनिधि लोगों के सुख-दुख में उनके साथ होता है, लेकिन अनुराग ठाकुर जनता से दूर ही रहे।

**30 मई तक राज्य के कई स्थानों पर हीटवेव जारी रहने का अलर्ट, लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल**

# हिमाचल में आग उगल रहा सूर्य, ऊना 11 साल बाद फिर 45°

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** में मई माह में ही सूर्य आग उगल रहा है। मंगलवार को ऊना का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे पहले 2013 में भी यहां का तापमान 45 डिग्री से पार चला गया था।

प्रदेश के आठ शहरों में पारा 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 43.3, धौलाकुआं 43.2, हमीरपुर 42.7, कांगड़ा 40.8, चंबा और सुंदरनगर में 40.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से 30 मई तक राज्य के कई स्थानों पर हीटवेव जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। बिलासपुर, ऊना और हमीरपुर में लोगों का दिन के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।




### रात को भी राहत नहीं

**प्रदेश** के लोगों को गर्मी से रात को भी राहत नहीं मिल रही है। शिमला में न्यूनतम तापमान 20.2, सुंदरनगर 18.5, भुंतर 15.7, कल्पा 11.2, धर्मशाला 25.8, ऊना 20.2, नाहन 23.5, केलांग 8.7, पालमपुर 22.5, सोलन 18.6, मनाली 14.1, कांगड़ा 22.0, मंडी 18.9, बिलासपुर 19.5, हमीरपुर 18.4, चंबा 18.2, डलहौजी 21.7, कुफरी 17.2, कुकुमसेरी 7.4, नारकंडा 14.6, रिकांगपिओ 14.2, भरमौर 17.1, धौलाकुआं 21.9, कसौली 24.8, पांवटा साहिब 31.0, देहरा गोपीपुर 27.0, ताबो 15.4, सैंज 17.4 और बजौरा में 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 45.0° |
| बिलासपुर | 43.3° |
| धौलाकुआं | 43.2° |
| हमीरपुर | 42.7° |
| कांगड़ा | 40.8° |
| चंबा | 40.6° |
| सुंदरनगर | 40.6° |
| नाहन | 38.9° |
| बजौरा | 38.3° |
| भुंतर | 37.8° |
| सोलन | 37.0° |
| धर्मशाला | 36.8° |
| शिमला | 30.8° |

### दो जिलों में तीन दिन स्कूल बंद

**प्रदेश** में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते दो जिलों ऊना और सिरमौर के पांवटा में 29 मई से लेकर 31 मई तक स्कूल बंद रहेंगे। इसको लेकर उपायुक्तों ने अपने-अपने जिलों में आदेश जारी कर दिए हैं। ऊना और पांवटा साहिब उपमंडल में भीषण गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। विशेषकर स्कूली बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 30 मई से एक जून तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव के चलते कुछ स्थानों पर 30 मई से 3 जून तक बारिश हो सकती है।

## प्रचार खत्म कर साधना में लीन होंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार खत्म कर साधना में लीन होंगे। पीएम 30 मई से 1 जून तक 24 घंटे कन्याकुमारी में ध्यान करेंगे। पीएम उसी स्थान पर मध्यस्थता करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था।

पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने कुछ दिन उत्तराखंड में बिताए थे। सभी एग्जिट पोल पहली जून को आएंगे। पहले भी पीएम नरेंद्र मोदी ध्यान साधना करते रहे हैं। केदारनाथ में भी उन्होंने ध्यान लगाया था। इस बार कन्याकुमारी में ध्यान लगाएंगे।

**केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका**

# अंतरिम जमानत याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने की याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने देर से आवेदन करने पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई का अनुरोध चीफ जस्टिस से करें। मुख्य केस सुनने वाली बेंच के एक सदस्य पिछले हफ्ते अवकाशकालीन बेंच में थे। तब आपने मांग क्यों नहीं रखी। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें गंभीर बीमारी है और उनका पीईटी-सीटी स्कैन किया जाना है।

# पुरानी गारंटियां पूरी नहीं, फिर ठगने आई प्रियंका : अनुराग

## कहा- जनता पहली जून को देगी जवाब, हिमाचल से कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ

अनंत ज्ञान, ऊना

**हमीरपुर** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को गगरेट, हरोली, ऊना और कुटलैहड़ में जनसभाएं कर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की रैली को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने मंच से कई नई गारंटियों की घोषणा तो कर दी, लेकिन पुरानी गारंटियां अभी तक क्यों पूरी नहीं हुईं, उसके बारे में क्यों जवाब नहीं दिया? प्रियंका एक बार फिर हिमाचल की जनता को ठगने आई है। सुक्खू और राहुल गांधी झूठी गारंटियां देते थक गए, तो अब प्रियंका को भेजा है। प्रदेश की माताएं-बहनें आस लगाकर बैठी थीं कि शायद प्रियंका 16 महीने पहले किए अपने 1500 रुपए प्रति महीने के वादे पर कुछ बोलेंगी, लेकिन प्रियंका ने नए झूठे वादों की लिस्ट थमा दी है। ठगा महसूस कर रही जनता आक्रोशित हो चुकी है और पहली जून को हिमाचल से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने के लिए वोट करने जा रही है।



अनुराग ठाकुर ने गगरेट, हरोली, ऊना और कुटलैहड़ में जनसभाएं की।

### कांग्रेस किसी तरह सत्ता हथियाना चाहती

**अनुराग** ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ किसी तरह से सत्ता हथियाना चाहती है। एक बार सत्ता में आ जाने के बाद उनका जनता से कोई सरोकार नहीं रहता। हिमाचल पिछले 16 माह से भुक्तभोगी है। कांग्रेस नेता चुनाव के समय झूठ का सहारा लेकर प्रचार में लगे हैं। 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका को बंगाल की संदेशखली में माताओं-बहनों पर हुआ अत्याचार नहीं दिखता है।

# मिजोरम में लैंडस्लाइड से 17 की मौत, दो रेस्क्यू

## रेमल तूफान का नॉर्थ-ईस्ट में दिखा असर, भारी बारिश से पत्थर की खदान ढहने से हुआ हादसा

एजेंसी, आइजोल

**पश्चिम** बंगाल में 26 मई को आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई।

खदान के ढहने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लापता हैं। वहीं दो लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मिजोरम के डीजीपी अनिल



शुक्ला ने बताया कि अब तक 10 शव निकाले गए हैं। इनमें में सात स्थानीय लोगों के हैं, जबकि तीन दूसरे राज्यों के हैं। मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन तेज बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं।

### स्कूल और सरकारी दफ्तर बंद

मिजोरम में लगातार हो रही बारिश के चलते सभी स्कूल और सरकारी दफ्तर आज बंद कर दिए गए हैं। प्राइवेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने के लिए कहा गया है।

### असम में एक की गई जान, 4 जख्मी

**असम** में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई है। मोरी गांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, इसमें 12 बच्चे घायल हो गए।

### स्कूल वैन की चपेट में आकर बच्चे की मौत

**बीबीएन।** नालागढ़ में एक निजी स्कूल की वैन की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गई।

सुनील कुमार पुत्र जोगी राम निवासी अभिपुर ने बताया कि वह सुबह आठ बजे बड़े बेटे को स्कूल वैन में चढ़ाने के लिए आया था। इस दौरान स्कूल वैन ने दूसरे बेटे युवराज को अपनी चपेट में ले लिया। बेटे को नालागढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि चालक गुरदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राम रहीम डेरा मैनेजर की हत्या मामले में बरी

एजेंसी, चंडीगढ़



**पंजाब** एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा चीफ राम रहीम समेत पांच लोगों को डेरा मैनेजर रणजीत सिंह हत्या मामले में बरी कर दिया है। इन आरोपियों को सीबीआई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी थी।

राम रहीम इस वक्त रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है, उसे 3 मामलों में सजा हुई थी। इनमें रणजीत हत्याकांड के अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या और साध्वियों के यौन शोषण का केस भी शामिल है। पत्रकार की हत्या में उसे उम्रकैद और यौन शोषण के 2 केसों में 10-10 साल की कैद हुई थी। इस केस में बरी होने के बावजूद राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा। हाईकोर्ट के फैसले पर डेरा सच्चा सौदा ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर हमेशा पूर्ण विश्वास रहा है और कोर्ट से हमें न्याय मिला है।




# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी टक्की

### जीत भाग रही है



**भाइयों** आपने कहीं जीत को देखा है। अगर किसी को कहीं दिखी है तो बता दो हमें उसके पीछे भागकर पकड़ना है। अब जीत तो हाथ में थी। जेब में डालकर घूम रहे थे। जीत की मजाल नहीं थी कि इधर से उधर खिसक जाए। दो दशकों से उसे अपने खूंटे से बांधकर रखा था। अब भी जीत आस–पास थी। नजरों के सामने थी और बड़ी आसानी से जेब में आती नजर आ रही थी। न जाने वो क्यों नाराज हो गई है। उसे कुछ कहा भी नहीं था और कोई कष्ट भी नहीं दिया था। चुपचाप जीत को जेब में डालकर घूमते फिरते थे। यहां तक कि उसे बड़े बड़े लोगों के साथ उठने बैठते भी अपने पास रखते थे। जीत ने तो उस शिखर पर पहुंचाया था जिसपर बैठने के लिए दुनिया तरस जाती है। न जाने अब बीस साल बाद जीत को क्यों गुस्सा आ गया और नाराज होकर हाथ से छिटक गई है। अब कुछ समझ नहीं आ रहा है कि कहीं दूसरे के पास जाने को तैयार न हो जाए। ऊना से लेकर पता नहीं कहां कहां 45 डिग्री तापमान में उसे तलाश कर रहा हूं। उसे आवाजें भी दे रहा हूं और दुहाई भी दे रहा हूं। लगा नहीं था कि कभी इतनी मुश्किल हो जाएगी कि जीत को खोजने के लिए भाग दौड़ करनी पड़ेगी। रौनकी ताऊ भी टार्च लेकर रात को ही जीत की तलाश में निकल रहे हैं। अब निकलेंगे भी क्यों नहीं, क्योंकि जीत को ताऊ नजदीक से जानते थे। जिनके पास जीत रहती थी उनके ताऊ खास हैं। अब ताऊ निराश होकर बैठ गए हैं कि जीत बेलगाम हो गई है। जिसके भाग्य में होगी उसे मिल जाएगी। –राजेश शर्मा

### साख है दांव पर




**तीन** नेताओं की साख दांव पर लगी है। ये नेता प्रदेश के मुखिया हैं और अपनी साख को बचाने के लिए दिन रात दौड़ रहे हैं। बेशक उनको लग्जरी गाडियों का काफिला मिला हो, लेकिन भाषण देने के साथ साथ नुक्कड़ सभाओं में फराटे वाले पंखे से काम चलाना पड़ रहा है। एक नेता ने तो चिंता छोड़ दी है। वे बाजू से पकड़कर कुछ प्रत्याशियों को उनके गृह विधानसभा क्षेत्रों में छोड़ने पहुंचे थे, लेकिन बाद में उनकी सुध तक लेने नहीं आए हैं। ऐस में अब वे एक किनारे में ठंडे पहाड़ों में आनंद ले रहे हैं। उधर कड़कती गर्मी ने दो प्रमुख नेताओं के पसीने छुड़ा रखे हैं। पसीना उनके उम्मीदवारों की जीत या हार को लेकर नहीं आ रहा है, बल्कि गुस्से में आ रहा है। इतनी गर्मी में उनको चुनावों में धकेल दिया। अब चुनाव ऊना की तपती धरती पर भी हो रहे हैं। ऐसे में यहां पारा 45 पार हो चुका है और सियासी पारे ने तो आग लगा दी है। ऐसे में ठंडा पानी पी पीकर एक नेता ने तो अपना गला खराब करवा लिया है। उनसे अब भाषण भी मुश्किल से दिए जा रहे हैं। अब इज्जत और नाक का भी सवाल बना हुआ है कि वे हर हालत में अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने का दावा कर चुके हैं। सरकार के मुखिया होते हुए दोनों नेताओं ने अब ताकत भी पूरी झोंकी है और एक मंच से यह भी बोल दिया कि यह उनकी साख की लड़ाई है और जनता को उनकी साख बचाने के लिए सहयोग देना पड़ेगा। रौनकी ताऊ भी चुनावी सभा में पहुंचा हुआ था और बोल रहा था कि प्रदेश सरकार को तो बचा देंगे, लेकिन बदले में भी कुछ लेंगे। अब समझ आया सीएम और पीएम वाली कहानी।

# प्रियंका गांधी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

हिमाचल प्रदेश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव एवं बड़सर विधानसभा हलके में उपचुनाव होने जा रहे हैं। दोनों ही दलों के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का कारण बने हुए हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दूसरी तरफ केंद्र में खेल युवा मत्री अनुराग सिंह ठाकुर की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारक कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मैहरे बाजार में रोड शो किया। इस रोड शो में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनता का अभिनंदन किया।

रोड शो में उमड़े जनसैलाब को देखकर जहां प्रियंका गांधी गदगद हुई। उन्होंने गारली चौक से लेकर मैहरे बाजार में ठाकुर नर्सिंग होम तक जनसैलाब का अभिनंदन किया। रोड शो में डीजे की धुनों पर बागी विधायक पर बनाया गाना बजता रहा। (अनंत ज्ञान)




मैहरे बाजार में रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करती हुई।

### प्रियंका गांधी कल सोलन में करेगी रोड शो

**सोलन।** सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री हिमाचल प्रदेश कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल स्वास्थ्य ने कहा कि प्रियंका गांधी 30 मई को दोपहर 1.00 बजे सोलन के माल रोड पर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में रोड शो करेंगी। उनके साथ मुख्यमंत्री सुक्खू रोड शो में भाग लेंगे।

# गगरेट वालेयो, 'इस बार पूरी धक पा देयो धक' : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, गगरेट/ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विधानसभा में भाजपा के 25 विधायक हैं, तो कांग्रेस के 34 विधायक हैं। कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए सिर्फ एक विधायक चाहिए। ऐसे में कांग्रेस की सरकार प्रदेश में अभी अगले 45 महीने और सत्ता में रहेगी।

उन्होंने स्थानीय भाषा में गगरेट में आयोजित चुनावी सभा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दे दे गेड़ा। गगरेट वालेयो इस बार पूरी धक पा देयो धक। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि गगरेट में 14 माह के कार्यकाल में लूट का राज रहा। इस बार लोग इन्हें सबक सिखाएं और बाप–बेटे को उत्तराखंड पहुंचाकर ही दम लें। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने चुनी गई सरकार को धनबल से गिराने का प्रयास किया है, लेकिन अपने प्रयास में भाजपा बुरी तरह से विफल रही है। लोकसभा चुनाव में भी इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके ऊना की मजबूत आवाज को संसद में पहुंचाएं, ताकि आपके मुद्दे संसद में गूंज सकें। उधर, कुटलैहड़ के बसाल की जनसभा में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने विवेक शर्मा विक्कू को विधायक बनाने का मन बना लिया है। इस जनसभा को सतपाल रायजादा, विवेक शर्मा विक्कू, सुदर्शन बबलू, रणजीत राणा, विजय डोगरा आदि ने भी संबोधित किया।

# आम जनता को परेशान कर रही कांग्रेस : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सुक्खू सरकार पर धर्मशाला की जनता को तंग करने के आरोप लगाए हैं। सुधीर शर्मा ने मीडिया बयान में कहा कि रक्कड़ रोड पर दो जगह नाकाबंदी की गई। तंबू लगाए गए हैं, सुरक्षा कर्मी बिठाए गए हैं जो आते जाते आम व्यक्ति को तंग कर रहे हैं और बार–बार उनकी चेकिंग कर रहे हैं।

लोकल लोग भी इससे परेशान हो रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता की गाड़ियों के नंबर भी सुरक्षा कर्मियों ने लिख रखे हैं और बार–बार उनकी गाड़ियों को जगह–जगह रोक कर हमारा समय खराब किया जा रहा। सुधीर शर्मा ने कहा कि मैं सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूं कि इन सब से कुछ होने जाने वाला नहीं है। सिर्फ सरकार ऐसी हरकतें करके हमारा प्रचार खुद ब खुद कर रही है। सिर्फ भाजपा प्रत्याशी यानी उन पर ही घेराबंदी के सवाल पर सुधीर ने कहा कि जैसे नॉर्थ कोरिया से पूरी दुनिया डरती है कि न जाने कब कोनसा बम बनाकर फेंक देगा, ठीक उसी तरह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी मुझसे खतरा रहता है कि न जाने सुधीर रक्कड़ में बैठ कर क्या बना रहा है। कब कौन सी मिसाइल फेंक देगा, जिससे उनके किले की दीवारें हिल जाएंगी। साथ ही सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मैक्लोडगंज दौरे को लेकर कहा कि सुक्खू के जो सलाहकार है वह परिपक्व नहीं है। उन्हें पता ही नहीं है कि कहां जाना चाहिए, किस से मिलना चाइए और क्या बोलना चाहिए। जिस छोटे कद के सीएम सुक्खू हैं उसी कद के उनके समर्थक और उनके सलाहकार है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू पर किया जुबानी हमला

**धर्मशाला** से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सीएम सुक्खू पर फिर से हमला बोला है। मंगलवार को सुधीर शर्मा ने भाजपा के कई पदाधिकारियों और नेताओं महिला मोर्चों से मिलकर धर्मशाला के कोतवाली बाजार में वोट मांगे। सीएम के बयानों पर हैरानी जाहिर करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सुधीर फोबिया हो गया है। उठते-बैठते बस मेरी ही याद आती है और अनाप-शनाप बयानबाजी कर देते हैं। सुधीर ने कहा कि आप प्रियंका गांधी की गंभीरता को इसी से समझ सकते हैं कि उन्होंने प्रत्याशियों को नाम लेना मुनासिब नहीं समझा। प्रियंका गांधी वैसे भी हिमाचल को लेकर गंभीर नहीं है।

# मंडी में कैसे होगा विकास आज तक नहीं बता पाई कंगनाः विक्रमादित्य

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर क्षेत्रवाद की राजनीति करते हैं। क्षेत्रवाद का नारा देकर लोगों की भावनाओं से खेलने का असफल प्रयास करते है।

उन्होंने कहा है कि मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों ने उपचुनावों में भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया था और इस बार भी ऐसा ही होगा। मंगलवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली व बालीचौकी में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने सराज क्षेत्र में विकास की जो नींव रखी थी, वह फलीभूत हुई है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने कभी भी न तो क्षेत्रवाद की कोई राजनीति की और न ही किसी क्षेत्र से कोई भेदभाव। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस बार मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने एक ऐसी अभिनेत्री को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसे न तो कोई समझ है और न ही क्षेत्र की कोई जानकारी।

वह आज दिन तक अपना विजन तक नहीं बता पाई है। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान कर, इधर–उधर की बातें कर लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला होते हुए ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग करती हैं, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 4 जून को चुनाव हारने के बाद वह अपनी नगरी मुंबई लौट जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज वह अपने को मंडी की बेटी बता कर लोगों से वोट मांग रही हैं। आपदा के समय इस बेटी ने इस क्षेत्र में किसी की कोई सुध तक नहीं ली। (अनंत ज्ञान)



विक्रमादित्य को कंधों पर उठा कर ले जाते समर्थक।

## कांग्रेस की अपनी ही नहीं गारंटी जनता को किया भ्रमित : राजीव बिंदल



**शिमला।** 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े नेता हिमाचल प्रदेश आए और अनेक प्रकार की गारंटियां देकर जनता को भ्रमित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अब डेढ़ साल बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू यह कह रहे हैं कि खजाना खाली है। हर चुनाव में कांग्रेस कौड़ी के भाव गारंटी देती है, बाद में खजाना खाली होने का रोना रोती है। अब दोबारा कांग्रेस के नेता नई-नई गारंटियां देने आ गए हैं। पहले 1500 रुपए की गारंटी दी थी, अब एक लाख रुपए की गारंटी देने की बात कर रहे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक झूठी सरकार है और आज तक अपने आराम के लिए उन्होंने 28,000 करोड़ का कर्ज ले लिया है।

## पद रहे न रहे, विचार आगे बढ़ना चाहिए : धूमल



**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भोटा में मंगलवार को वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि विचार आगे बढ़ता रहना चाहिए पद रहे या न रहे। उन्होंने कहा कि भारत माता को परम् वैभव तक पहुंचाना फिर से विश्व गुरु बनाना यही हमारा विचार है और इस लक्ष्य की प्राप्ति दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सफर की शुरुआत जब हुई थी, तब हमारा प्रत्याशी जब चुनाव लड़ता था, जीतने का पता नहीं होता था और इस बात की भी खुशी मना ली जाती थी कि जमानत बच गई, लेकिन आज देश भर के कार्यकर्ताओं की मेहनत तपस्या के कारण विश्व का सबसे बड़ा दल भाजपा बनी है, जिसके सबसे ज्यादा सांसद हैं, विधायक हैं, केंद्र समेत 18 राज्यों में सरकारें हैं।

## योगी आदित्यनाथ की रैली को लेकर जयराम ठाकुर ने लिया तैयारियों का जायजा

**कुल्लू ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की 30 मई को कुल्लू के रथ मैदान में प्रस्तावित विशाल रैली की तैयारियों को लेकर स्माइल रिजॉर्ट मोहल में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 30 मई को कुल्लू के रथ मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होने वाली विशाल रैली की तैयारी को लेकर पूर्व मुख्य मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बैठक में विशेष रूप से शिरकत की। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रैली की तैयारी को लेकर गठित विभिन्न कमेटियों से फीड बैक ली। बैठक में पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद ठाकुर ने बताया कि रैली में कुल्लू, बंजार व मनाली भाजपा मंडल से 15,000 कार्यकर्ता भाग लेंगे। संख्या की दृष्टि से तीनों मंडल अध्यक्षों को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। तीनों मंडल अध्यक्षों ने बैठक में तैयारियों को लेकर विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया।

# हेलमेट और टी शर्ट बांटने से नहीं मिलते वोटः कमलेश ठाकुर

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

प्रदेश में गर्मी अपने पूरे विकराल रूप में है, वहीं लोकसभा चुनावों के लिए मात्र 4 दिन शेष रह रहने के कारण चुनावी प्रचार की सरगर्मियां भी अपने चरम पर हैं।

राजनीतिक पार्टियों द्वारा आरोप–प्रत्यारोप भी जोरों शोरों से लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर ने मंगलवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के कोटला चिलियां में हमीरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनावी प्रचार करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर पर जोरदार जुबानी हमला करते कहा कि युवाओं में हेलमेट एवं टी शर्ट बांटने से वोट नहीं मिलते। वोट प्राप्त करने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र में काम करवाना पड़ता है। क्षेत्र में रोजगार के साधन सृजित करने पड़ते हैं, ताकि बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हो सके।

मुसीबत में लोगों के पास खड़े होना पड़ता है, ताकि उस समय उनकी सहायता की जा सके। कमलेश ठाकुर ने अनुराग ठाकुर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस समय प्रदेश आपदा के संकट से जूझ रहा था, प्रदेश सरकार का प्रत्येक जनप्रतिनिधि आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए उनके घर–घर जाकर उनकी सहायता कर था तो उस दौरान भी आपके द्वारा बार–बार चुने जा रहे सांसद ने प्रदेश में आकर आपदा से पीड़ित प्रदेशवासियों का आकर हाल जानने का प्रयास नहीं किया।



नादौन में जनसभा को संबोधित करतीं कमलेश ठाकुर।

### गांव–गांव जाकर मांग रहीं समर्थन

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जहां समूचे प्रदेश में जनसभाएं करके कांग्रेस के पक्ष में महौल बनाने में व्यस्त थे, तो नादौन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कमान उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर ने बखूबी संभाली हुई है। वह गांव-गांव जाकर कांग्रेस के पक्ष में महौल बना रही हैं। लोगों का काफी जन समर्थन भी मिल रहा है। नादौन के अलावा वह हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में कई जनसभाएं कर चुकी हैं।

# कश्यप को पीएम और सुल्तानपुरी को सुक्खू सरकार का सहारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव में शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। दोनों दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी सिरमौर जिले के मुख्यालय नाहन में बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित कर सियासी माहौल गरमा चुके हैं। भाजपा इस सीट पर पिछले डेढ़ दशक से काबिज है।

भाजपा ने निवर्तमान सांसद सुरेश कश्यप और कांग्रेस ने युवा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को प्रत्याशी बनाया है। सुरेश कश्यप को लगातार दूसरी जीत के लिए पीएम मोदी और विनोद सुल्तानपुरी को खाता खोलने के लिए प्रदेश की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार यानी सुक्खू के मंत्रियों व कांग्रेस के सिटिंग विधायकों का सहारा है। भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं, तो विनोद सुल्तानपुरी की ओर से अपनी सुक्खू सरकार के 16 महीने के कार्यकाल में किए विकास कार्यों को प्रचार में भुनाया जा रहा है।

भाजपा पीएम मोदी के मैजिक से इस सीट पर दोबारा जीत का परचम लहराना चाह रही है। यही वजह है भाजपा नेता अपनी जनसभाओं में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप अपने जनसंपर्क अभियान में मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों को गिना रहे हैं।

भाजपा को उम्मीद है कि इस बार भी मोदी लहर से यह सीट उनकी झोली में आएगी। दरअसल, भाजपा के इस संसदीय क्षेत्र में 17 में से महज तीन विधायक हैं। इसे भाजपा की कमजोर कड़ी माना जा रहा है।

दूसरी तरफ कांग्रेस इस संसदीय क्षेत्र में अपने पांच मंत्रियों के बलबूते अपनी स्थिति बेहतर मान रही है। शिमला लोकसभा सीट पर कांग्रेस के 13 विधायक हैं, जिनमें पांच मंत्री हैं। कांग्रेस ने सभी मंत्रियों और विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में झोंक कर पार्टी प्रत्याशी को लीड दिलाने का टारगेट दिया है।



# राजनीति नहीं, जन–जन का करना है विकास : सुरेंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले सुरेंद्र गौतम ने सुजानपुर में लोगों से अपने लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका मकसद राजनीति करना नहीं है जन–जन का विकास करना है।

गांवों की जनता सड़क सुविधा रास्तों को सुधारना है। गरीब जनता को महीने उतना मेहनताना मिल सके, जिससे उसका चूल्हा सही से जल सके। अस्थायी सरकारी स्टाफ चाहे वह सरकारी स्कूलों में खाना बनाता हो या किसी भी संस्था में काम करता हो, उसकी तनखाह 4500 से 10000 रुपए करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि वह खुद सर्वे करके ऊना से चंबा तक रेल गाड़ी ले जाने का प्रयास करेंगे, जिससे ऊना, बंगाणा, नादौन, चंगर में सुरंग बनाते हुए सुजानपुर पालमपुर को जोड़ते हुए पालमपुर में सुरंग बनाते हुए चंबा को रेल लाइन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अपनी उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि उन्होंने खुद गूगल में सर्वे करके कांगड़ा जिले के लास्ट गांव स्लूही बाटी को पीडब्ल्यूडी सड़क सुविधा से जोड़ा है, जो बहुत ही दुर्लभ था।



**राजनीति** कांग्रेस के खास गेम प्लान में फंसे भाजपा के बड़े और छोटे नेता

# उपचुनाव में भितरघात के 'चक्रव्यूह' में भाजपा प्रत्याशी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी बड़सर और सुजानपुर में कांग्रेस के 'गेम प्लान' में फंसे हुए लग रहे हैं। कर्मचारी और व्यापारी जिस अंदाज में खामोशी धारण किए हुए हैं, उसके ठीक विपरीत भाजपा में भितरघात का माहौल 'मुखर' हो चुका है। रणभूमि के इस अंदाज में कांग्रेस का खेमा इस बात पर चल रहा है कि जो हुआ सो हो चुका। अब 'कवर अप' करने का वक्त आ चुका है। वोटिंग की बैटिंग लिए जिस हरी घास की पिच की उम्मीद कांग्रेस को कुछ समय पहले तक हल्की–हल्की दिख रही थी, वह अब अंकुरित होती दिखाई दे रही है। हो भी क्यों न, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस जिले में जिस तरीके से कमान संभाल रखी है। उसमें भाजपा के भीतर का माहौल भी उनके लिए संजीवनी देने की दिशा में नजर आ रहा है। चुनावी पिच पर आरोपों की 'धार' उन्होंने और पैनी कर दी है। हो भी क्यों न, सीएम का गृह जिला है और इसी मुद्दे पर राजनीतिक माहौल को तैयार करने में उन्होंने जो मशक्कत की है, उसमें भाजपा की भीतरी गुटबाजी का लाभ भी वे बटोर रहे हैं। भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में भी गुटबाजी की वजह से ही काफी नुकसान झेल चुकी है और अब जिस नए अंदाज की भाजपा इस जिला में तैयार हो रही है उसमें कांग्रेस उसे किसी न किसी तरीके से स्टार्टअप देने की दिशा में 'नकेल' डालने में कामयाब भी हो रही है। (अनंत ज्ञान)



### सुजानपुर–बड़सर में असर

**यही** स्थिति सुजानपुर में भी दिख रही है और बड़सर में भी। पार्टी का कुनबा भले ही साथ-साथ चल रहा है, लेकिन हाथ-हाथ भी हिला रहा है। मुख्य धारा में आने से पहले इनके ऑडियो और वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। सुजानपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी कैप्टन रंजीत राणा और भाजपा के राजेंद्र राणा हैं, जबकि बड़सर में कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया और भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत्त लखनपाल हैं।

### जनता हित के मुद्दे गौण

**मुद्दे** चुनावी माहौल से गौण नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के भीतर केवल एक ही मुद्दा सुनाई दे रहा है, वह है सीएम बचाओ अभियान। जिले में भाजपा और कांग्रेस की राजनीति की जो स्थित है, उसमें कर्मचारी और व्यापारी वर्ग भी अच्छा खासा खामोश है। भाजपा का एक खास वर्ग अपने नए नवेले प्रत्याशियों के साथ-साथ चल रहा है, लेकिन भीतरी व्यवस्था में उनकी करनी और कथनी भी फीकी हो चुकी है।

### यही माहौल रहा तो उपचुनाव में पड़ेगा इसका असर

भाजपा के चुनाव प्रचार की स्थिति कांग्रेसियों को भी अब धीरे-धीरे 'रास' आने लगी है। अगले कुछ दिनों तक यदि यह माहौल यूं ही जारी रहा, तो फिर चुनावी माहौल और ज्यादा दिलचस्प हो जाएगा, लेकिन क्या इसका असर केवल उपचुनाव में ही रहेगा? क्या लोकसभा चुनाव की वोटिंग पर भी आंच आ सकती है। अब बस इसी की चर्चा हो रही है। जिला की राजनीति को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिस 'रिपेयरमेंट' में जुटे हुए दिख रहे हैं, उस स्थिति में एक चीज तो दिख ही रही है कि सत्ता के इस माहौल में अलग-अलग केंद्र टकरा रहे हैं।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की जरूरत : शांता कुमार



**शिमला ।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि चुनाव का अंतिम दौर जोर–शोर से एक जून की तरफ बढ़ रहा है। वर्तमान सरकार के विरुद्ध सबसे बड़ी बात गरीबी और बेरोजगारी कही जा रही है। मैं यह मानता हूं कि आज भी कुछ स्थानों पर गरीबी और बेरोजगारी है, परंतु बड़े जोर से कहना चाहता हूं कि इसकी जिम्मेदारी वर्तमान सरकार पर नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। इस सबके बाद भी जो गरीबी और बेरोजगारी है, उसका कारण केवल बढ़ती आबादी का विस्फोट है। मुझे दुख है कि भारत की आज की इस सबसे बड़ी समस्या पर इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने कोई चर्चा नहीं की।

**जागरूकता अभियान**



करसोग : स्वीप टीम ने 'करसोग करेगा शत-प्रतिशत मतदान' थीम के अंतर्गत महानाटी का आयोजन किया । इस महानाटी में क्षेत्र की 82 महिला मंडलों से जुड़ी हुई लगभग 800 महिलाओं ने भाग लिया और महानाटी के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

**घर से मतदान**




सरकाघाट : स्वीप टीम ने कलथर, खुडला और ढलवान पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए भेदभाव रहित, स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझाया।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मंडी संसदीय क्षेत्र में बहुत सारी समस्याएं हैं, दिल्ली में इनकी आवाज बुलंद करने के लिए प्रखर सांसद की आवश्यकता है। यदि सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाएगा तो निश्चित रूप से जनता को लाभ होगा। द्रंग में नमक की खान से अभी भी लोगों को नमक नहीं मिल पा रहा है, लोग समुद्री नमक से हाई व लो ब्लड प्रेशर का शिकार हो रहे हैं। **-खेम चंद अवस्थी, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



हम ऐसा सांसद चुनना चाहते हैं, जो हिमाचल में रोजगार के साधन उत्पन्न करे और बद्दी में जो कंपनियां काम करती हैं, उनमें 70 प्रतिशत हिमाचली होने चाहिए। कागज पूरे करने के लिए हिमाचली दिखाए जाते हैं, जबकि वास्तव में वहां बाहरी राज्यों के लोग काम कर रहे होते हैं। **-संजीव गुलेरिया, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



मंडी लोकसभा से ऐसा सांसद चुना जाए, जो टेक्निकल एजुकेशन को बढ़ावा दे और गरीब विद्यार्थियों की पढ़ाई का खर्चा उठाए। आखिरकार जनता के प्रतिनिधि की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि हर बच्चे को उच्च शिक्षा मिल सके और वह भी फ्री में। **-अरविंद शर्मा, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



बल्ह में टमाटर की अच्छी फसल होती है, लेकिन किसानों की मांग के बाद भी सॉस बनाने वाली कंपनी नहीं लगाई गई है। किसान वर्षों से इसका इंतजार कर रहे हैं, हमारा सांसद ऐसा हो जो बल्ह में टमाटर सॉस की कंपनी सरकारी क्षेत्र में लगवाए। इसके साथ ही बल्ह में खेती योग्य जमीन पर भविष्य में कोई भी उद्योग स्थापित न हो, ताकि इसका संरक्षण हो। **-रजनी अवस्थी, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



वोट सिर्फ उसी प्रत्याशी को जाएगा जो बागवानों की समस्या और प्राथमिकता के आधार पर हल करेगा और बागवानों के हित में कार्य करेगा, इसलिए इस बार के चुनाव में खोखले दावों की बजाए कार्य करने वाले प्रत्याशी को वोट करूंगा। **-सोनम दोरजे, कुल्लू**



मेरा वोट इस बार किसानों और बागवानों के हितैषी को जाएगा। जो भी प्रत्याशी इस बार चुनावों में जिले में किसानों और बागवानों के हित की बात करेगा और उस दिशा में प्रयास करेगा मेरा वोट उसी को जाएगा। **-जितेंद्र कुमार, कुल्लू**



वन रैंक वन पेंशन देने वाली सरकार का साथ दिया जाएगा, मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करेंगे। सनातन हित में अच्छा काम करने वाली पार्टी को ही समर्थन मिलेगा। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी निष्काम भाव से काम करने वाले प्रधानमन्त्री हैं। **-प्रीतम ठाकुर, कुटलैहड़**

# कांग्रेस झूठ की राजनीति नहीं करती : आनंद

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विधानसभा क्षेत्र के सिहुंता में चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा की न्याय संकल्प रैली विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा इससे पहले चार बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं, जोकि हमेशा हिमाचल के हक की बात रखते हुए आए हैं। आनंद शर्मा ही ऐसे व्यक्ति हैं जो चंबा चुवाड़ी सुरंग, होली उतराल सुरंग, पांगी चौहणी सुरंग की आवाज सांसद में उठा सकते हैं। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे हैं जो जिला चंबा की आवाज को सांसद में नहीं उठा पाए, जिसका खमियाजा चंबा की जनता उठा रही है।



चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा व अन्य नेता।

आनंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यह बताना चाहती है जो भारत बना है वह केवल भाजपा ने ही बनाया है। उन्हें हम बताना चाहता है परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष शक्ति और 2-2 युद्ध भारत ने जीते हैं। कांग्रेस पार्टी कभी भी झुठ की राजनीति नहीं करती है, जो कहती है वह करती है।

समूचे भारत में मनरेगा लाई, जिसके लिए कानून बनाया, खाद्य सुरक्षा लाई जिसे लिए भी कानून बनाया, महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी कानून बनाया। कांग्रेस जो वादा करती है उसे अमली जामा पहना कर जनता के आगे पेश किया जाता है न कि 15-15 लाख वाले झूठे जुमले नहीं बोल कर सत्ता में आते।

देश के हालात काफी बिगड़ चुके हैं देश के अन्न दाता को दिल्ली तक न पहुंच सके इसके लिए कंटीली दिवारें खड़ी कर दी गई हैं। उन किसानों पर वह तमाम जुल्म किए जा रहे हैं जो आजादी से पहले अंग्रेज भारतीयों पर उठाते थे। (अनंत ज्ञान)

# मातृ शक्ति की ताकत से भारत बनेगा 2047 तक विकसित राष्ट्र : कंगना

**अनिल शर्मा, मंडी**

भाजपा मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने चुनावी अभियान में सरकाघाट विधानसभा के दर्जन भर कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देशों में शामिल करने के लिए हम सभी देश वासियों का सहयोग आवश्यक है व महिला शक्ति का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं बन सकता जब तक उस राष्ट्र में रह रहीं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित न हो।

आज महिलाएं देश और दुनिया में नेतृत्व देने का काम कर रहीं हैं और महिलाएं दुनिया के कई राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व भी कर रहीं है। अंतरिक्ष से लेकर सांसद तक भारतीय महिलाओं ने भी अपनी शक्ति का लोहा मनवाया है। महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। महिला आरक्षण बिल यह सुनिश्चित करेगा कि संसद में आधी आबादी का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति ग्रहणशील हों, सशक्त हों।



जनसभा को संबोधित करने के दौरान कंगना रनौत व जयराम ठाकुर।

कंगना ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं का बार-बार पाकिस्तान प्रेम जागना दिखाता है कि ये रहते तो हिंदुस्तान में हैं, मगर इनका दिल पाकिस्तान में बसता है। इन लोगों को भारत में रहते हुए पाकिस्तान का गुणगान करने कि आखिर जरूरत क्यों पड़ती है।

# भाजपा का 400 पार का नारा कार्यकर्ताओं की मेहनत व दम पर : राजीव भारद्वाज

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश में तपती गर्मी में प्रदेश की राजनीति भी तपी हुई है। मंगलवार को भाजपा के कांगडा-चंबा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने जवाली के भरमाड़, कोटला ,कुटेड़ नगरोटा सूरियां व सिद्धाथा में नुक्कड़ मे जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के उस ब्यान पर 'भाजपा का 400 पार का नारा लोकतंत्र व मतदाताओं का अपमान है' जवाब देते हुए कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा की इसमें लोकतंत्र का कैसे अपमान है। भाजपा का 400 पार का नारा कार्यकर्ताओं की मेहनत व दम पर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने जो कहा है कि भाजपा राज्यों में लकीरें खिंचने का काम करती है वो मेरी समझ से परे है। मुझे लगात है कि इतनी गर्मी में उन्हे जनता के बीच घूमना पड़ रहा है, जिस कारण वो अपनी सुधबुध भूल चूके हैं। मुझे लगता है कि बड़े-बड़े भवनों तथा ए सी में बैठने वाले कांग्रेस प्रत्याशी तपती गर्मी मे अपनी सुधबुध खो चुके हैं।



चुनावी सभा के दौरान भाजपा प्रत्यशी राजीव भारद्वाज व अन्य।

उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को वोट देगी, भाजपा सरकार बनेगी और मोदी प्रधानमंत्री बनेगें। इसका जवाब चार जून को देश और प्रदेश की जनता देने वाली है और आप जैसे पैराशूटी और लापता उम्मीदवार को वापस आपके ए सी वाले कमरे में भेजने वाली हैं। (अनंत ज्ञान)

# राजेंद्र राणा की नुक्कड़ सभाओं में टूटे लोगों की उपस्थिति के रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के चुनाव प्रचार अभियान ने एक तरह से जन आंदोलन का रूप ले लिया है और उनकी सभाओं में ग्रामीणों की उपस्थिति के पुराने तमाम रिकॉर्ड टूट गए हैं। राजेंद्र राणा ने सर्वाधिक छोटी-बड़ी सभाओं को संबोधित किया है, जिसमें हर वर्ग लोग भारी तादाद में शामिल हुए हैं और आज भी उनके विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भारी भीड़ उमड़ी।

राजेंद्र राणा ने कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक सुजानपुर क्षेत्र की जनता के हितों की रक्षा करेंगे। सुजानपुर क्षेत्र को उन्होंने अपना परिवार समझा है और यह खुशी की बात है कि उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां सभी वर्गों के लोग तन मन से जुटे हुए हैं।



चुनावी सभा के दौरान भाजपा प्रत्यशी राजेंद्र राणा व अन्य।

# करसोग में गडकरी की जनसभा कल

**करसोग।** भाजपा के बड़े नेताओं में शुमार केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 30 मई को भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए वोट मांगने तथा एक विशाल जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। यह कार्यक्रम करसोग विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक दीप राज की दूरदर्शी सोच का नतीजा है। विधायक की इच्छा है कि करसोग विधानसभा दोनों तरफ मंडी तथा शिमला के लिए राष्ट्रीय मार्ग से जुड़े। इसलिए यह जनसभा व दौरा अति महत्वपूर्ण।

नितिन गडकरी भाजपा के एक बहुत ही स्नेहशील, स्पष्टवादी तथा शानदार नेता हैं, इसलिए इनके पक्ष तथा विपक्ष में दोनों तरफ फैन हैं। यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष नेतराम शर्मा ने कहीं। (अनंत ज्ञान)

# बिकाऊ विधायकों ने देवभूमि को किया शर्मशार : देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धन के लालच में अपना जमीर बेचने वाले पूर्व बिकाऊ विधायक के खिलाफ हम सबको मिलकर जन-बल से जीतना है। पूर्व विधायक सहित 5 अन्य पूर्व बिकाऊ विधायकों की करतूतों से हिमाचल की देवभूमि दागदार हुई है। जनता के भरोसे को जीतने के बाद उसे तार-तार करने वाले पूर्व विधायकों की बजह से हिमाचल की छवि को दाग लगा है।



यह बात धर्मशाला उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने मंगलवार को आयोजित विभिन्न जन सभाओं एवं डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कही। देवेंद्र सिंह जग्गी ने बरवाला, कोर्ट परिसर, तंगरोटी खास, सलेट गोदाम, नरवाना खास, थातरी एवं सांभर लाहड़ में विभिन्न जन सभाओं में भाग लिया और डोर टू डोर प्रचार किया। जग्गी ने धर्मशाला कोर्ट में अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जग्गी ने कहा कि पूर्व विधायक ने गत 15 महीनों में धर्मशाला की जनता के लिए अपने घर के गेट बंद रखे। शुभ कार्यों का न्यौता देने के लिए पूर्व विधायक के पास जाने वाले लोगों तक को घर में नहीं आने दिया गया।

अपने घर के बाहर लगे कैमरों से पूर्व विधायक पहले देखते हैं कि कोई गरीब व्यक्ति तो नहीं गेट पर खड़ा है। गरीब व्यक्ति को देखते ही पूर्व विधायक उन्हें चाटुकारों के माध्यम से वापस भेज देते थे।

# बंबर ठाकुर जब विधायक थे तो मुझसे करवाते थे नशे का व्यापार : सौरव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर नशे का व्यापार करवाने के गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार को बिलासपुर मुख्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए घुमारवीं निवासी सौरव पटियाल ने कहा कि जब वह स्कूल में पढ़ते थे, तब बंबर ठाकुर सदर के विधायक हुआ करते थे।

ऐसे में वह उनसे नशे का व्यापार करवाया करते थे। जब उन्होंने यह कार्य करने के लिए कुछ समय बाद मना कर दिया तो बंबर ठाकुर द्वारा पुलिस का दबाव बनाकर उन पर झूठा मामला दर्ज करवाया गया और उन्हें नशे का व्यापार करने के लिए दबाव बनाया गया। प्रेसवार्ता में मौजूद बिलासपुर जिला के मंजीत नड्डा, गौरव कुमार, सूरज, कुलभूषण, आतिष ठाकुर, विनय किशोर व अमीर खान ने कहा कि बंबर ठाकुर द्वारा वर्तमान में उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है।



बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सौरव पटियाल व अन्य।

कांग्रेस सरकार सत्ता में होने के चलते वह पुलिस से उन पर झूठे मुकदमें करवाए जा रहे हैं और साथ ही प्रतिदिन उनकी गाड़ियों के चालान भी करवाए जा रहे हैं। कुछ समय पहले बंबर ठाकुर द्वारा आरोप लगाए गए थे कि उन पर हमला किया गया लेकिन सच्चाई यह है कि बंबर ठाकुर ने रेलवे कार्य में जाकर उन सब के साथ लड़ाई झगड़ा किया और बाद में अपने आप को बेहोश साबित करते हुए मीडिया में सुर्खियां बटोरने का कार्य करने लगे।

# कांग्रेस ने महिलाओं से की ठगी : सुरेश कश्यप

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी झूठ का पुलिंदा है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता से वायदा किया था कि सत्ता में आते ही प्रत्येक महिलाओं को 1500 रुपए दिए जाएंगे, परंतु डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के बाद भी महिलाओं को धन राशि नहीं मिली।

लोकसभा चुनाव में फिर से महिलाओं को गुमराह किया गया तथा अचार संहिता के दौरान फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, जो कि प्रदेश की महिलाओं के साथ धोखा है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने मंगलवार को शिमला ग्रामीण के जलोग में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट बटोरने के लिए झूठे वायदे करके जनता के साथ धोखा करती है। कांग्रेस का झूठ जनता ने समझ लिया है। लोकसभा की चारों सीटों के साथ छह विधानसबा उपचुनाव भी भाजपा जीतेगी। इस अवसर पर शिमला ग्रामीण भाजपा के पूर्व प्रतयाशी रवि मेहता, वरिष्ठ नेता देवराज वर्मा, जिला महासचिव छविंद्र पाल, मंडल उपाध्यक्ष नारायण सिंह तथा अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# तानाशाह मुखिया को चाहिए गूंगे-बहरे सिपहसालार : लखनपाल

**कहा-सुक्खू के अहंकार से बड़सर को 14 महीने बाद झेलना पड़ रहा उपचुनाव**

**अनंत ज्ञान बिझड़ी**

विधानसभा क्षेत्र बड़सर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक तानाशाह मुख्यमंत्री को उनके इशारों पर नाचने, गूंगे-बहरे सिपहसालार ही चाहिए होते हैं। क्षेत्र के मुद्दों, जनता के मुद्दों व लोगों का भला चाहने वालों को तानाशाह मुख्यमंत्री विधानसभा से बाहर निकाल देते है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री के इस तानाशाह रवैय को उपचुनावों के रूप मे झेल भी रही है। समय रहते जनता के मुद्दों पर ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने बड़सर व प्रदेश का विकास करवाया होता तो आज उन्हें बड़सर के गांव-गांव में खुद की पहचान बताने की जरूरत नहीं पड़ती।



भाजपा नेताओं के साथ बड़सर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल।

लखनपाल ने कहा कि अपने संवैधानिक वोट का अधिकार हर किसी को होता है। अगर हमने प्रदेश हित में उसका उपयोग किया तो क्या गलत किया। मुख्यमंत्री ने हर मंच से हमें बुरा भला कहा, लेकिन यह नहीं बताया कि जब हम विधानसभा पहुंचे तो हमें रोकने के लिए गुंडे किसने भेजे। हमें धमकियां किसने दी। हम व्हीप का पालन करते हुए विधानसभा गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री के गुंडों ने हमें गेट पर ही रोक लिया और बिना किसी नोटिस के ही हमारी सदस्यता रद्द करवा दी। उन्होंने मुख्यमंत्री पूछा है कि 14 महीनों की सरकार में उन्होंने बड़सर के लिए कौन सा बड़ा प्रोजेक्ट दिया, कहां नया नींव पत्थर रखा, किस योजना के लिए धन का प्रावधान किया। सुक्खू अगर कागजी घोषणाओं को विकास मानते हैं, तो जनता भी इस बार उन्हें बता देगी कि विकास की परिभाषा क्या है।




## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ के आदित्य डोगरा बने लेफ्टिनेंट



बैजनाथ कस्बे के आदित्य डोगरा अपने माता-पिता के साथ।

**बैजनाथ।** बैजनाथ कस्बे के आदित्य डोगरा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे। आदित्य डोगरा का 2020 में इंडियन नेवल एकेडमी (आईएनए) के लिए चयन हुआ था। केरल के एजीमाला में चार वर्ष के प्रशिक्षण के बाद गत 25 मई को आदित्य लेफ्टिनेंट के तौर पर पास आउट हुए। आदित्य डोगरा के पिता अश्विनी डोगरा व्यवसायी है जबकि माता अनीता डोगरा गृहिणी है। आदित्य डोगरा की प्रारंभिक शिक्षा परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल बैजनाथ से हुई है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों अश्वनी डोगरा, अनीता डोगरा, अनिल डोगरा, सुरिंद्र डोगरा, अजय और शिवांश ने खुशी जाहिर की है।

### बोह स्कूल के टॉपर्स सम्मानित किए



बोह स्कूल के होनहार शिक्षकों के साथ।

**शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत पड़ते सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोह की एसएमसी कमेटी के अध्यक्ष ओमचंद ने अनोखी पहल कर स्कूल के टॉपर्स को हिमाचली टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दसवीं के परीक्षा परिणाम में अक्षिता कौशल ने 93.7 प्रतिशत और अवनीश कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में प्रथम स्थान अक्षिता कौशल ने 93.7 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अवनीश कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा जबकि अजय ने 88 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान हासिल किया है। कमेटी के अध्यक्ष ओमचंद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य बच्चन चंद सहित टीचिंग स्टाफ, छात्र व छात्राओं के अभिवावकों को अच्छे परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह स्कूल टीचर्स, अभिभावक और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई मांगी



नूरपुर अस्पताल में पीड़ित हाकम चंद का हालचाल पूछते गद्दी यूनियन के सदस्य।

**नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश जनजाति विभाग के प्रदेश महासचिव जगदीश चौहान गद्दी यूनियन नूरपुर के प्रधान अर्जुन शर्मा, महासचिव त्रिलोक समयाल ने नागनी के बाण गांव में रात को गद्दी समुदाय के हाकम चंद शर्मा जो सरकारी सेवा में कार्यरत हैं को उनके घर में ही आकर गोली चलाई जाने की घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रशासन से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उक्त नेताओं ने बताया कि वे मंगलवार सुबह नागरिक अस्पताल नूरपुर में पीड़ित हाकम चंद शर्मा का हाल जानने पहुंचे तो उन्होंने बताया कि उनके घर में बेटी और पत्नी कभी-कभी अकेली रहती हैं तो उनकी जान को भी खतरा है। वह स्वयं भी अस्पताल में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं कि यहां भी कोई शरारती तत्व अचानक मुझे मार जाए कोई भरोसा नहीं है। उक्त नेताओं ने बताया कि नूरपुर व जवाली क्षेत्र के आसपास ही गद्दी समुदाय के चार लोग उनके ध्यान में हैं जिन्हें बेवजह ही मौत के घाट उतारा जा चुका है और आरोपी सलाखों से छूटकर बेखौफ घूम रहे हैं। इससे समुदाय में दहशत का माहौल पैदा हो गया है जबकि हाकम चंद ने घुटते हुए कहा कि उन्हें सात बंदूक के छर्रे लगने के बावजूद वह जिंदा बच गए हैं जिसके लिए वह भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं तथा प्रशासन से न्याय की गुहार करते हैं।

# चक्की खड्ड में बेखौफ किया जा रहा अवैध खनन

## डमटाल में प्रशासन और पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, माफिया कूट रहा खूब चांदी

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

डमटाल की चक्की खड्ड में अवैध खनन युद्धस्तर पर चला हुआ है। पहले तो मात्र क्रशर वाले ही अवैध खनन को अंजाम देते थे, लेकिन अब स्थानीय लोगों द्वारा अपनी जेसीबी मशीनें खरीद दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों की सहायता से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। पंजाब तथा डमटाल में लगे क्रशरो को चांदी के भाव खनन सामग्री बेची जा रही है।

सरेआम पुलिस थाना से मात्र कुछ ही दूरी पर सरकारी खनन संपदा को लूटा जा रहा है। प्रशासन और पुलिस विभाग अवैध खनन को रोकने में पूरी तरह से असफल साबित हुआ है। अवैध खनन और नशे के करोबार से मशहूर विस क्षेत्र इंदौरा में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नूरपुर को जिला पुलिस में तब्दील किया गया और पुलिस चौकी डमटाल को थाना में तब्दील किया गया ताकि क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन इसके विपरित पुलिस जिला नूरपुर बनने के बाद क्षेत्र में अवैध खनन युद्धस्तर पर चल रहा है जिसको रोकना प्रशासन और पुलिस विभाग



के बस की बात नहीं रही है। डमटाल की चक्की खड्ड और श्री राम गोपाल मंदिर की सरकारी भूमि पर दिन दिहाड़े सरेआम दर्जनों जेसीबी मशीनों, ट्रैक्टर ट्रालियों और टिप्परों से अवैध खनन कर धरती का सीना छलनी कर रहे है पूरे क्षेत्र में खनन माफिया सक्रिय है। डमटाल राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे दर्जनों ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें खड़ी दिखाई देती है जो शाम ढलते ही सरकारी संपदा को लूटने में लग जाते है। जिला पुलिस नूरपुर में तैनात खनन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा खनन माफिया पर की जाने वाली कार्रवाई रेगिस्तान में दो बूंद पानी ढूंढने के बराबर है।

इंदौरा की जनता ने सरकार से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्र से तुरंत प्रभाव से बदलने की मांग की है। अवैध खनन को रोकने के लिए जैसे ही शिकायत पुलिस और खनन विभाग को की जाती है तो कुछ की पल में यह सूचना खनन माफिया तक पहुंचा दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

### कार्रवाई की जाएगी

डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया की पुलिस समय-समय पर खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करती है। डमटाल की चक्की खड्ड में हो रहे अवैध खनन की सूचना मिली है। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

## हैप्पी बर्थडे



जोगिंद्रनगर के डॉ आयुष बरठा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



करडियाल जवाली की माधवी पंडित को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### केंद्रीय विवि में एचपीकेवी बिजनेस स्कूल की ओर से कार्यशाला आयोजित

# छात्रों को साक्षात्कार कौशल के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

एचपी केवी बिजनेस स्कूल की ओर से विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर एक में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रिज्यूम लेखन, समूह चर्चा और साक्षात्कार कौशल के टिप्स दिए गए। यह कार्यशाला एमबीए और एमसीए बैच के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आयोजित की गई। एमबीए चौथे सेमेस्टर के छात्र चेतन ख्वाला और सुरभि दिवाकर ने मंच संभाला। सत्र की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शान वत्स शर्मा, वरिष्ठ प्रैक्टिस लीडर, टैलेंट एक्विजिशन इंफोसिस, प्रमुख-उत्तर और दक्षिण भारत को वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. संजीव गुप्ता, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार और प्रो. सूर्य रश्मि रावत द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। एचपी केवी बिजनेस स्कूल के विभागाध्यक्ष प्रो. दीपांकर शर्मा और वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. संजीव गुप्ता ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. मोहिंद्र सिंह ने कार्यशाला के आयोजन में प्रो. जगदीप सिंगला के प्रयासों और मुख्य अतिथि के योगदान की सराहना की। इस मौके पर साक्षात्कार प्रक्रिया में व्यवहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए एक मॉक साक्षात्कार सत्र भी आयोजित किया गया । कार्यशाला का समापन एमबीए दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी अमन द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि, संकाय और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में प्रो. मोहिंद्र सिंह, प्रो. दीपांकर शर्मा, प्रो. जगदीप सिंगला ने सहयोग दिया।



एचपी केवी बिजनेस स्कूल की ओर से आयोजित कार्यशाला में मौजूद संकाय सदस्य।

# अग्निकांड प्रभावितों को तिरपाल और राशन दिया

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- बसंतपुर के बेला इंदौरा में झुग्गियों में लगी थी आग

उपतहसील ठाकुरद्वारा के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत बसंतपुर के बेला इंदौरा में सोमवार को आग लगने से 15 प्रवासी परिवारों की 50 झुग्गियां राख हो गई थी। यह उत्तर प्रदेश के रहने वाले परिवार बेला इंदौरा में निरकारी मिशन की छह कनाल भूमि में पिछले 15 वर्षों से रह रहे थे। सोमवार दोपहर को एक झुग्गी में आग लगने से सारी झुग्गियां जलकर राख हो गई थी जिसमें उनका सारा सामान नकदी,जेवरात, टीवी, फ्रिज, कूलर,पंखे ,दो मोटरसाइकिल 40 क्विंटल गेंहू सहित कपड़े भी जल गए। मौके पर पहुंचे लोगों व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। बही बेघर हो चुके 15 परिवारों की मदद के लिए स्थानीय लोगों ने अपने घर के कमरों में रहने व खाने पीने व्यवस्था की। एसडीएम इंदौरा सुरिंद्र ठाकुर ने पीड़ित परिवारों को एक-एक तिरपाल व राशन फौरी राहत के रूप में दिया। बही बेघर हुए पीड़ित परिवारों ने कहा कि हमारे हर परिवार में 10-10 सदस्य हैं। यह राशन सिर्फ दो दिन तक ही चलेगा।

# लोकतंत्र के महाकुंभ में बढ़ चढ़कर लें हिस्सा : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

- बैजनाथ के मतदाताओं से मतदान की अपील

निर्वाचन अधिकारी एवं बैजनाथ के एसडीएम दुनी चंद ठाकुर ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महाकुंभ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि बीते विधानसभा और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की मत प्रतिशत तथा प्रदेश की प्रतिशतता के मुकाबले काफी कम रही है जो कि चिंता के विषय है।

उन्होंने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में 16 पोलिंग बूथों में मत प्रतिशतता 60 फीसदी से भी कम रही है जो कि प्रदेश के अन्य विधानसभा क्षेत्र के मुकाबले काफी कम रही है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के पटेल नगर, मुल्थान, बड़ा भंगाल, ,भुलाना, चोबीन, नगेहड़, तड़ा, बही, संसाल, बिलिंग, भुलाना, इत्यादि पोलिंग बूथों में मत प्रतिशतता कम होने की वजह से इन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया था।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए घर द्वार पर मताधिकार की सुविधा प्रदान की गई थी जिसमें कुल 740 मतदाताओं में से 714 ने मतदान किया है जो की 96 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बड़ा भंगाल पोलिंग बूथ के लिए भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर द्वारा पोलिंग पार्टियां जिलाधीश के आदेशों के तहत भेजी जाएगी।

## टेट परीक्षा को अब 31 मई तक करें आवेदन

**धर्मशाला।** बोर्ड द्वारा आठ विषयों टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल, नोन-मेडिकल, भाषा अध्यापक, जेबीटी शास्त्री, पंजाबी, उर्दू की टेट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हेतु अंतिम तिथि को 28 मई से बढ़ा कर 31 मई तक कर दिया गया है। बोर्ड वेबसाइट सर्वर डाउन होने के कारण कुछ अभ्यर्थी तय समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए थे जिसके चलते उक्त तिथियों में बदलाव किया गया है। लेट फीस 300 रुपए के साथ पहली जून तक आवेदन किया जा सकेगा। 4 से 6 जून तक ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों को दुरुस्त किया जा सकेगा। यह जानकारी स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क किया जा सकता है।

# दशकों बाद कुठारना और नौली में पहुंचा बीएसएनएल का नेटवर्क

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

दशकों के बाद विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र कुठारना व नौली गांव में बीएसएनएल द्वारा 4जी सिग्नल टावर की स्थापना की गई है। चुनाव के दौरान इस क्षेत्र को शैडो जोन घोषित किया गया था। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने इस चुनौती को समझते हुए बीएसएनएल से लोकसभा चुनाव से पहले 4जी टावर लगाने का आग्रह किया था। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी सोच के बिना यह संभव नहीं हो पाता। उपायुक्त ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता दी और आवश्यक संसाधनों और समर्थन को सुनिश्चित किया, जिससे यह क्षेत्र आज आधुनिक संचार सुविधाओं से लैस हो गया है। मंगलवार को स्थानीय प्रशासन और पंचायतों के सहयोग से बीएसएनएल ने कुठारना व नौली गांव में टावरों की स्थापना कर दी है। इस पहल से न केवल स्थानीय निवासियों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के नए द्वार भी खुले हैं।

### पर्यटन को लगेंगे चार चांद

इससे करेरी में पर्यटन को चार चांद लगेंगे। करेरी ट्रैक के दौरान भी काफी हद तक अब सिग्नल उपलब्ध रह सकता है। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण पर्यटक अब इस क्षेत्र में यात्रा करते समय अपने परिवार और दोस्तों के साथ आसानी से जुड़े रह सकते हैं। अपनी यात्रा के अनुभवों को वास्तविक समय में साझा कर सकते हैं। बेहतर नेटवर्क सुविधा से आपातकालीन स्थितियों में मदद प्राप्त करना भी आसान हो जाता है, जिससे पर्यटकों का सुरक्षा का भाव बढ़ता है।

### छात्र कर सकेंगे ऑनलाइन पढ़ाई

बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी से छात्र अब ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग कर सकते हैं, और विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों को दुनिया भर के ज्ञान और जानकारी से जोड़ा जा सकता है। साथ ही शिक्षक भी नए-नए शिक्षण तरीकों को अपनाने में सक्षम होंगे, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी और रुचिकर बनेगी।

# बेटियां फाउंडेशन ने आदित्य को कांस्य पदक जीतने पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन नें अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी आदित्य राणा को सम्मानित किया। संस्था के स्टेट को-ऑर्डिनेटर पूजन भंडारी ने बताया कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के सपैड़ू पंचायत के युवा खिलाड़ी आदित्य राणा ने अंतरराष्ट्रीय हैंडबल चैंपियनशिप में उजबेकिस्तान में हिन्दोस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता है। आदित्य राणा की इस उपलब्धि पर बेटियां फाउंडेशन से पूजन भंडारी, स्टेट यूथ ऑफिसर बाबा त्रिलोक नाथ, अध्यक्ष पालमपुर भाग्य ठाकुर, यूथ को-ऑर्डिनेटर सवीन सिंह ने उनके घर जाकर प्रशंसा पत्र व उपहार भेंट किया। इस मौके पर आदित्य राणा की माता कमलेश व पिता रणजीत राणा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे बेटे नें परिवार, अपने क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। हमें अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने बेटियां फाउंडेशन का धन्यवाद किया।



## पपरोला में 1.8 किलोग्राम चरस बरामद की

**बैजनाथ।** मेन बाजार पपरोला में नाके के दौरान एक कार सवार से बैजनाथ पुलिस टीम व चुनावों के मद्देनजर तैनात टीम ने 1.8 किलोग्राम चरस बरामद की है। टीम ने पपरोला में नाका लगाया हुआ था। इस दौरान मंगलवार सुबह करीब 4.10 बजे एक ऑल्टो की तलाशी ली। बैजनाथ थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस मामले पर कार चालक रूप लाल पुत्र आटकु राम निवासी बुलंग के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कार्यक्रम** पपरोला स्कूल में मनाया विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

# भाषण प्रतियोगिता में वंशिका रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय पपरोला में खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल के आदेशानुसार मनाया गया। यह दिवस प्रधानाचार्य मूलराज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि महावारी स्वच्छता को लेकर आज भी महिलाओं के मन में कई तरह की भ्रांतियां हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने और पीरियड्स में स्वच्छता क्यों जरूरी है, इसके लिए हर साल वर्ल्ड मेंसट्रुअल हाइजीन डे मनाया जाता है। पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। हर लड़की को एक उम्र के बाद पीरियड्स होते हैं। यह हर महिला के लिए बहुत ज्यादा जरूरी माना जाता है। पीरियड्स लड़कियों को हर महीने होते हैं। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को साफ-सफाई का भी खास ध्यान रखना पड़ता है। पीरियड्स के दौरान अगर महिलाएं सफाई का ध्यान न रखें, तो इससे प्रजजन अंगों में इंफेक्शन और कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। आज के जमाने में जब सोशल मीडिया, टीवी और यूट्यूब पर पैड्स, पीरियड्स हाइजीन को लेकर कई तरह के विज्ञापन चलाए जाते हैं, तब भी महिलाओं में पीरियड्स को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं। ऐसे में पीरियड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें वंशिका प्रथम, सानिया द्वितीय व प्रीति तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।



विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर छात्राओं को जानकारी देते खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा



## न्यूज ब्रीफ

### कविता प्रतियोगिता में नीले सदन ने मारी बाजी



**डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में इंटर हाउस अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। सेमीफाइनल में विजेता प्रतिभागियों ने फाइनल में भी जीत हासिल करने के लिए पूरा दमखम लगाया। प्रतिभागियों ने अपने शुद्ध उच्चारण, भाव भंगिमा के द्वारा कविता का लयबद्ध उच्चारण किया। इसमें कनिष्ठ वर्ग में पीले सदन ने प्रथम स्थान और नीले सदन ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि वरिष्ठ वर्ग में नीले सदन ने प्रथम स्थान, हरे सदन ने द्वितीय स्थान और पीले सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्या ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी व भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### रच्छियालु में शीघ्र हल होगी पेयजल किल्लत

**गगल।** पिछले पांच दिनों से गांव कियोडिया व रच्छियालु आदि में पेयजल सप्लाई बंद होने से हजारों ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम पंचायत रच्छियालु की प्रधान संजू कुमारी तथा उप प्रधान मुख्तियार खान ने बताया कि प्रभावित परिवारों द्वारा अपने खर्चे पर टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस बारे में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवदीप सिंह ने बताया कि बिजली बोर्ड का ट्रांसफार्मर जल जाने से पेयजल सप्लाई ठप हो गई है तथा ट्रांसफार्मर की समस्या हल करने के लिए विभाग के अधिकारियों को कहा गया है। इस बारे में विभाग के एसडीओ आशीष कुमार ने बताया कि कांगड़ा से नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया है जिसे शीघ्र ही स्थापित करके विद्युत सप्लाई बहाल करवा दी जाएगी और ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत दिलवाई जाएगी।

### अग्निवीर योजना युवा विरोधी : रोहित



धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते कर्नल रोहित चौधरी।

**धर्मशाला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एक्स सर्विसमैन विभाग चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी ने धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना युवा एवं सेना विरोधी है। इस योजना को लागू कर केंद्र सरकार ने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है और साथ ही देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गत वर्षों के कार्यकाल में देश की संपत्तियों को अंबानी और अडानी को बेचने का कार्य किया है। यदि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तो यह देश की सेना को भी अंबानी और अडानी को बेच देंगे। उन्होंने कहा कि देश की सेना को भी उक्त उद्योगपति चलाएंगे।

### पठानकोट में अरविंद केजरीवाल का स्वागत



आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का स्वागत करते पंजाब प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष स्वर्ण सलारिया

**पठानकोट।** आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के मंगलवार को पठानकोट आगमन पर पंजाब प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष स्वर्ण सलारिया ने विशेष रूप से एयरपोर्ट पर पहुंच कर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ आप युवा नेता सौरभ बहल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मंगलवार दोपहर दो बजे शहर में रोड शो का कार्यक्रम आप की ओर से रखा गया था,परंतु आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के देरी से पहुंचने कारण सायं लगभग साढ़े पांच बजे के बाद रोड शो हुआ। स्वर्ण सलारिया ने कहा कि आप उम्मीदवार शैरी कलसी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे अरविंद केजरीवाल को लेकर समूह नेताओं और कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी भारी मतों से जीत प्राप्त कर रही है, बस इंतजार है तो केवल पहली जून का। वाल्मीकि चौक से लेकर गांधी अहाता चौक तक उनके रोड शो के दौरान जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

### इमारतों पर लगे झंडों-बैनर पर हंगामा

**पठानकोट।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का मंगलवार को पठानकोट में रोड शो था। इससे पहले सरकारी इमारतों पर लगी चुनाव सामग्री को लेकर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया। इस पर आप के वर्कर भी उनके सामने डट गए। पठानकोट के विधायक अश्विनी शर्मा भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से मांग की कि सरकारी इमारत पर लगी आम आदमी पार्टी की चुनाव सामग्री को उतारा जाए क्योंकि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। वहीं भाजपा के विरोध का पता चलते ही आप कार्यकर्ता भी बाजार में पहुंच गए। बहस के दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं में धक्कामुक्की हो गई। मौके पर एसएसपी पठानकोट पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और कार्यकर्ताओं को शांत करवाया।

### शाहपुर में एबीवीपी ने निकाली बाइक रैली

**शाहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांगड़ा जिला की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर इकाई द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से समाज को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रदेश सहमंत्री रितिक पालसरा ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र की यही पहचान है कि शत-प्रतिशत मतदान हो, विद्यार्थी परिषद सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से आग्रह कर रही है की पहली जून को सभी छात्र मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश की संपत्ति होते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### अनुराग पर मुकदमा चलाने की दी चेतावनी

**धर्मशाला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के धर्मशाला में पर्यवेक्षक और उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर मुकदमा चलाने की चेतावनी दी है। धीरेंद्र प्रताप ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह से अनुराग ठाकुर कांग्रेस पर अनाप शनाप आरोप लगा रहे हैं कि उसकी वजह से अब यह तय हो गया कि उनके खिलाफ यदि मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता है तो अपने विषबाण यह बंद नहीं करेंगे। पिछले कई दिनों से अनुराग इस बात का राग अलापने में लगे हैं कि कांग्रेस के पाकिस्तान से नापाक संबंध है।

### छात्राओं को पौष्टिक आहार लेने की दी सलाह

**इंदौरा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला इंदौरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि उन्हें रसायन युक्त अधिक तीखे और चटपटे खाद्य पदार्थों के बजाय पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए और अच्छे विचारों और कार्यों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य मोहन शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इंदौरा से डॉक्टर और स्वास्थ्य शिक्षक निर्मला देवी के साथ मिलकर समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं।

# तीसरी बार किया चुनाव व्यय का निरीक्षण

## रजिस्टर मिलान के दौरान मौजूद रहे उम्मीदवार एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और अकाउंटिंग अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा आम चुनाव और धर्मशाला निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी (आईआरएस) ने मंगलवार को उम्मीदवारों एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों तथा व्यय अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी खर्चे का निरीक्षण किया। बैठक में एडीसी एवं नोडल अधिकारी सौरभ जस्सल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के व्यय एजेंट और सहायक व्यय अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ऑफिस के सभागार में आयोजित इस बैठक में व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के चुनावी व्यय की जांच तथा रजिस्टरों का मिलान किया गया।

बता दें, इससे पूर्व 19 तथा 23 मई को चुनाव व्यय खातों का निरीक्षण किया जा चुका है। मंगलवार को चुनाव से पहले हुई इस अंतिम बैठक में प्रत्याशियों के खर्च रजिस्टर का निरीक्षण तथा शैडो रजिस्टर से मिलान किया गया। प्रतिभा चौधरी ने कहा कि चुनावी व्यय की निगरानी के लिए



राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों तथा व्यय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करती व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी।

गठित टीमें सभी चुनावी गतिविधियों एवं खर्चे पर लगातार नजर रख रही हैं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही उनके प्रश्नों-शंकाओं के जवाब देकर शंका समाधान भी किया। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि उम्मीदवारों को अपने चुनाव प्रचार-प्रसार व अन्य चुनावी गतिविधियों के संबंध में हुए खर्च के ब्योरे को रजिस्टर में दर्ज करना होता है। उम्मीदवार के एजेंट सही तरीके से व्यय रजिस्टर तैयार रखें। व्यय पर्यवेक्षक ने चुनावी खर्च एवं व्यय सीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रत्याशी के नामांकन के दिन से लेकर परिणाम घोषित होने तक के सारे खर्च को प्रत्याशी के चुनाव व्यय खाते में जोड़ा जाएगा और प्रचार के सारे खर्च का हिसाब परिणाम घोषित होने के एक महीने के अंदर देना होगा। लोकसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख रुपए से अधिक की राशि व्यय करने पर प्रत्याशी के विजयी होने पर भी उसकी सदस्यता जा सकती है। विस उपचुनाव के लिए 40 लाख की व्यय सीमा निर्धारित की गई है। इसलिए सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर ही प्रचार पर धनराशि व्यय करें। उन्होंने बताया कि चुनावी व्यय की निगरानी के लिए वीडियो सर्विलेंस टीमें लगातार नजर रख रहीं हैं। शैडो ऑब्जरवेशन रजिस्टर पर उनके सारे खर्चे की गणना की जा रही है।

# कल सायं 6 बजे से लेकर पहली जून तक ड्राई डे घोषित

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

लोकसभा चुनाव पहली जून को होने जा रहे हैं। मतों की गणना चार जून को की जाएगी। कई बार कुछ शरारती तत्वों की ओर से शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करके चुनावों में विघन डालने की कोशिश की जा सकती है। इसलिए इन चुनावों को निष्पक्ष ढंग तथा शांतिपूर्वक करने के लिए तथा कानून की स्थिति को बरकरार रखने के लिए 30 मई को सायं 6 बजे से लेकर पहली जून तक तथा 4 जून को ड्राई डे घोषित किया जाता है। जिला मेजिस्ट्रेट पठानकोट आदित्य उप्पल ने आदेश जारी करते हुए



कहा कि लोकसभा चुनावों-2024 के तहत पंजाब आबकारी एक्ट 1914 की धारा 54 अधीन प्राप्त हुए अधिकारों का प्रयोग करते हुए 30 मई सायं 6 बजे से पहली जून तथा चार जून को ड्राई डे घोषित किया जाता है। जिला मेजिस्ट्रेट ने कहा कि इस समय दौरान जिला पठानकोट की परिधि के अधीन आते किसी भी शराब के ठेके , होटल, दुकान, रेस्टोरेंट, क्लब, बीयरबार, अहाते जहां शराब बेचने तथा पीने की कानूनी इजाजत है अथवा किसी अन्य सार्वजनिक स्थलों इत्यादि पर शराब की बिक्री करने, पीने-पिलाने अथवा स्टोर करने पर पाबंदी है।

## बैजनाथ के पंडोल रोड पर दिखा भालू

**बैजनाथ।** बैजनाथ या आसपास के इलाके में अगर आप सैर करने निकलते हो तो जरा होशियार हो जाए। इसकी वजह यह है कि बैजनाथ के पंडोल रोड मशरूम प्रोजेक्ट से थोड़ी दूरी पर एक भालू देखा गया है। एसबीआई बैजनाथ में कार्यरत मैनेजर नितिन शर्मा तथा स्थानीय दुकानदार संजय शर्मा सैर कर रहे थे तो अचानक उनकी नजर जंगल से थोड़ी दूरी पर खेतों की तरफ गई तो वह वहां पर भालू देकर हैरान रह गए। बैजनाथ के वन विभाग के अधिकारी आदित्य शर्मा ने बताया कि आजकल जंगलों में आग लगी हुई है जिसकी वजह से पानी और भोजन की तलाश में यह भालू शायद नीचे की तरफ आ गया होगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# डीएवी आलमपुर में पोस्टर से माहवारी स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य विभाग जिला कांगड़ा की ओर से स्वास्थ्य खंड थुरल के डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर में माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश गुलेरी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनुराधा ने छात्राओं को मासिक धर्म चक्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माहवारी महिलाओं के शरीर में होने वाली एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो हर महीने होती है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ और स्वस्थ रहने के महत्व के बारे में सभी को याद दिलाने के लिए 28




मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में लोग इसके बारे में खुलकर बात नहीं कर पाते है तथा मासिक धर्म के बारे में जानकारी की कमी से गलत धारणाएं और भेदभाव पैदा होते हैं। इस दौरान पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता हुई और छात्राओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। बेहतर प्रस्तुति के लिए छात्राओं को डॉ. अनुराधा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षिका अर्चना गुरंग, बीसीसी को-ऑर्डिनेटर राजेंद्र शर्मा, थुरल ब्लॉक से सुपरवाइजर शशी पाल, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व डीएवी स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीसी-एसपी ने जांचे मतगणना केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतगणना के लिए चार मतगणना केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मंगलवार को डीसी हेमराज बैरवा तथा एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने ज्वालामुखी तथा पालमपुर में मतगणना केंद्रों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि चार जून को धर्मशाला डिग्री कॉलेज में धर्मशाला, कांगड़ा, नगरोटा तथा शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही पालमपुर डिग्री कॉलेज में पालमपुर, बैजनाथ, सुलह, जयसिंहपुर विस क्षेत्रों की मतगणना होगी इसी के साथ नूरपुर डिग्री कॉलेज में नूरपुर, ज्वाली, इंदौरा, फतेहपुर तथा ज्वालाजी डिग्री कॉलेज में ज्वालाजी विस क्षेत्र की मतगणना होगी।

उन्होंने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक आवश्यक प्रबंध करने के लिए कहा गया है तथा पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था प्लान भी तैयार कर लिया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि मतगणना केंद्रों में विद्युत, पेयजल की उचित व्यवस्था के प्रबंध करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। कड़ी सुरक्षा प्रबंधों में स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाएगी।



डीसी हेमराज बैरवा और एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने मंगलवार को ज्वालामुखी और पालमपुर में मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया।

## शाहपुर में राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में रसायन विभाग हिमालयन लाइफ साइंसेज के सहयोग से रासायनिक और जैविक विज्ञान में फ्रंटियर्स पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 29 मई से किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य विषय सतत विकास और रासायनिक संश्लेषण के लिए कार्यात्मक सामग्री है। सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और प्रोफेसर शामिल होंगे। विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल सहित गुरु घासीदास विवि, छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर नीलांबरी आर दवे उपस्थित रहेंगे।

# सुधीर ने गद्दी समुदाय से किया छल : बेनी प्रसाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्टेट ट्राइबल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद ने कहा कि भले ही भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा गद्दी समुदाय के उनके साथ होने का दावा करते हों लेकिन यह भ्रम मात्र से ज्यादा कुछ भी नहीं। बेनी प्रसाद ने कहा कि धर्मशाला निगम के पिछले चुनावों में वह प्रभारी भी रह चुके हैं।

धर्मशाला में काफी तादाद में गद्दी समुदाय के लोग रहते हैं। प्रसाद ने कहा कि सुधीर शर्मा धर्मशाला के विधायक के अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री भी रहे हैं तथा उन्होंने गद्दी समुदाय के लोगों के साथ बहुत छल-कपट किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व



मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खास होने के बावजूद सुधीर शर्मा ट्राइबल का विशेष बजट नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समुदाय से संबंधित पूर्व सांसद किशन कपूर की टिकट भी काट दी।

बेनी प्रसाद ने कहा कि सुधीर शर्मा ने उनके गद्दी समुदाय के साथ छल किया है। गद्दी समुदाय सुधीर शर्मा के खिलाफ है तथा चार जून को आने वाले नतीजों में इसका प्रमाण मिल जाएगा।

## चनौर में फ्लैग मार्च निकाला

**डाडासीबा।** लोकसभा चुनावों के तहत सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से चाक-चौबंद कर दिया गया है। इसी के तहत डाडासीबा पुलिस चौकी के तहत गांव चनौर में हिमाचल प्रदेश होमगार्ड व पुलिस के जवानों ने डाडासीबा पुलिस चौकी इंचार्ज रविदत्त शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस कर्मचारियों व हिमाचल प्रदेश होमगार्ड के जवानों ने गांव चनौर में फ्लैग मार्च निकाला। लोकसभा चुनावों में किसी भी तरह के शरारती तत्वों से निपटने के लिए व लोकसभा चुनावों में पूरी प्रादर्शता बरतने के लिए चुनाव आयोग ने भी कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर तैनात किया है।

# ज्वालामुखी में फ्लैग मार्च निकाला

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा व एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री के नेतृत्व में पुलिस बल ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए ज्वालामुखी बस स्टैंड से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस ज्वालामुखी तक फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी व उपमंडल अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा, डीएसपी आरपी जसवाल, थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा व पुलिस के जवान मौजूद रहे। उन्होंने ज्वालामुखी महाविद्यालय में चुनावों के तहत निरीक्षण भी किया।

डीसी कांगड़ा व एसपी कांगड़ा ने बताया कि पूरे प्रदेश में पहली जून को लोकसभा चुनावों को लेकर मतदान किया जाएगा, जिसे लेकर



ज्वालामुखी में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकालते जवान।

प्रशासन ने सभी इंतजाम पूर्ण कर लिए हैं। जिला के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी और मतदान शांतिपूर्ण करवाया जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में प्रशासन व पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व लोगों को निर्भय होकर पहली जून के दिन मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया।

## चकवन में कार, कदरेड़ में स्कूटी जली

**गगल।** ग्राम पंचायत चकवन समीरपुर के पूर्व प्रधान स्वरूप कुमार की कार जलकर राख हो गई। गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया की चकवन पंचायत के पूर्व प्रधान स्वरूप कुमार की कार जो घर से बाहर खड़ी थी और सुबह देखा तो जलकर राख हो गई थी। इसका पता कार मलिक को सुबह उस समय लगा जब लोगों ने उसे बताया। वहीं दूसरी और गांव कदरेड़ में एक स्कूटी आग लगने से जलकर राख हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। आयुष चौधरी निवासी कदरेड़ की स्कूटी को आग लग गई। थाना प्रभारी ने बताया की पुलिस ने दोनों घटनाओं को के बारे में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## जनता के हौसले नहीं तोड़ पाएंगे नाके

**धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा व मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने एक संयुक्त ब्यान में कहा कि जिस तरह के हथकंडे मुख्यमंत्री के इशारे पर पुलिस सुधीर शर्मा की घेराबंदी उनके घर को जाने वाले सभी रास्तों व गलियों में पहरा व नाका लगाकर कर रहे हैं, उससे क्षेत्र के आम जनमानस को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को भी बख्शा नही जा रहा है। मुख्यमंत्री जितने भी हथकंडे अपना रहे हैं इसका जवाब धर्मशाला की जनता व महिलाएं पहली जून को वोट की ताकत से देंगी। मुख्यमंत्री धर्मशाला की जनता से सम्मान के साथ जीने का अधिकार को छिनना चाहते हैं। भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा व यहां की जनता पहले ही मान-सम्मान की लड़ाई कांग्रेस सरकार से लड़ रही है तथा यह लड़ाई जीत की दहलीज तक पहुंच चुकी है।

## मतदाता जागरूकता के लिए बाइक रैली



**नूरपुर।** आम लोगों को मतदान का महत्व समझाने तथा वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए कांगड़ा जिला प्रशासन की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत नूरपुर में मंगलवार को चौगान बाजार से लेकर न्याजपुर तक बाइक रैली का आयोजन किया गया। जो कि मुख्य बाजार से होते हुए सयुंक्त कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। विशेषकर युवाओं ने बाइक रैली में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके साथ ही पुलिस,आईटीबीपी, होम गार्ड के जवानों तथा लोगों द्वारा भी जागरूकता रैली निकाली गई जिसकी अगुवाई उपायुक्त ने की। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत बाइक रैली तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई है ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके।

## 31 मई तक करवाएं केवाईसी

**इंदौरा।** इंडेन गैस एजेंसी डमटाल के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध हैं कि अपना केवाईसी अपडेट करवाएं। केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बायोमीट्रिक या आधार फेस से की जा सकती है जिसकी अंतिम तिथि 31 मई 2024 है। इस तिथि से पहले अपना केवाईसी अपडेट करवा लें ताकि किसी प्रकार की रुकावट न आए। केवाईसी अपडेट करने के लिए गैस एजेंसी पर आकर यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं या गैस सप्लाई के ड्राइवर से ऑनलाइन केवाईसी करवाई जा सकती है।

**जागरूकता** | एसडीएम संजीव कुमार ने धर्मशाला में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कार रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वीप कार्यक्रम के तहत आम जनता को मतदान का महत्व बताने और पहली जून को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए धर्मशाला से चामुंडा तक कार रैली निकाली गई। एसडीएम संजीव कुमार भोट ने धर्मशाला में डीसी कार्यालय परिसर में कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गौरतलब है कि इससे पहले मतदाता जागरूकता के लिए साइक्लोथॉन का भी आयोजन किया जा चुका है। इस अवसर पर एसडीएम संजीव भोट ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान




डीसी कार्यालय परिसर में कार रैली के दौरान मौजूद प्रतिभागी व अन्य।

जरूरी है तथा धर्मशाला विस उपचुनाव में मत प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नए वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सभी नगारिकों को मतदान अवश्य करना चाहिए, लोकतंत्र में मतदान ही आम जनमानस की ताकत है। इस ताकत का सही इस्तेमाल कर हम अपने देश तथा समाज का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली जून को मतदान वाले दिन अपने-अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। एसडीएम संजीव भोट ने कहा कि मतदान की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। पोलिंग बूथ पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि मतदाता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस अवसर पर तहसीलदार गिरिराज सहित विभिन्न एसडीएम कार्यालय, स्कूल के प्राध्यापकों तथा निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### समूर में छबील लगाकर लोगों को दी राहत


छबील लगाकर लोगों को गर्मी से राहत दिलाते युवा।

**ऊना।** ऊना जिले में भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी के चलते मगंलवार को गांव समूर में स्थानीय ग्रामीणों की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील और हलवा प्रसाद का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने राह चलते राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर शीतलता प्रदान की। इस मौके पर हरबंस सिंह, अजय ठाकुर, अजय कुमार, विक्की बाबा, रिंकू, करनैल सिंह, चरण सिंह, बिक्कू, रविंद्र सिंह, अजय, बाबा, मंगला, देवी, सुनीता देवी, सत्या देवी, विशाल, मोनू कुमारी आदि मौजूद रहे।

### ट्रक यूनियन ने किया विशाल भंडारे का आयोजन


भंडारे में प्रसार ग्रहण करते श्रद्धालु।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत डूमखर ट्रक यूनियन में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि ट्रक यूनियन द्वारा हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ट्रक यूनियन के सभी कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

### थानाकलां में लोगों से किया वोट डालने का आह्वान


लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते नोडल अधिकारी व अन्य।

**बंगाणा।** लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मगंलवार को थानाकलां बाजार में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि स्वीप और एनएसएस इकाई अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के द्वारा मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने स्वीप की ओर से जारी पंफ्लेट्स मतदाताओं को वितरित किए और सभी मतदाताओं को एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी कीमती वोट का सही प्रयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसएस के यूनिट के स्वयंसेवी परीक्षा, धरा, सोनाक्षी, अनिकता व अन्य मौजूद रहे।

### शिमला, हमीरपुर को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा

**ऊना।** जिला स्तरीय सीनियर वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शिमला का मुकाबला हमीरपुर के साथ ऊना के पीसीपीए स्टेडियम संतोषगढ़ में हुआ। शिमला की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 318 रन बनाए। इसमें वैभव कलटा ने सबसे अधिक 109 रन बनाए। हमीरपुर के साहिल कपलेश और प्रिंस ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। हमीरपुर की टीम 9 विकेट खोकर 267 रन ही बना सकी। इसमें सबसे ज्यादा आतिश पठानिया 78 रन बनाकर नाबाद रहे। शिमला के मुकुल नेगी ने सबसे ज्यादा चार खिलाड़ियों को आउट किया। हमीरपुर की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 267 रन बनाए। शिमला ने अपना अंतिम मैच 48 रन से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### छुट्टियां देने पर लेक्चरर संघ ने जताया आभार

**गोंदपुर बनेहड़ा।** भीषण गर्मी में बच्चों को राहत देना सराहनीय कार्य है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा, जिला प्रधान देवेंद्र सिंह बेली, महासचिव शशि सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा, वरुण लखनपाल, मुकेश सालरिया, नीरज सोंध, पूनम शर्मा एवं लेक्चरर संघ की पूरी कार्यकारिणी ने स्कूलों में बच्चों को तीन दिवसीय छुट्टियां करने के लिए जिलाधीश ऊना जतिन लाल, डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन राजेंद्र कौशल का आभार व्यक्त किया है। लेक्चरर संघ के पदाधिकारी वर्ग ने कहा भीषण गर्मी के चलते यह छठी से 12वीं तक के बच्चों के हित का अनुकरणीय एवं सराहनीय निर्णय है और बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

### लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा


लोगों का कांग्रेस में जुड़ने पर सम्मान किया गया।

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में करीब 6 परिवारों ने आस्था जताते हुए भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग आकर इन परिवारों ने कांग्रेस पार्टी का साथ देने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संजीव कंवर ने बताया कि ऊना विधानसभा क्षेत्र के गांव फतेवाल में हुक्म चंद, कश्मीरी लाल, राम कुमार, सतीश कुमार, रविंद्र कुमार काला, सोमनाथ, अजय कुमार, महिंद्रा देवी, हरमन और हैप्पी ने ऊना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र सहोड़ की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। कंवर ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष ने इन सबको कांग्रेस पार्टी के पटके पहनाकर विधिवत ढंग से शामिल किया। रविन्द्र सहोड़ ने बताया कि इस मौके पर रजिंद्र किसाना नंबरदार, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व सचिव कुमार गौरव, पूर्व प्रधान रवि कुमार, जैमल सिंह, गुरपाल सिंह और हरविंदर सिंह भी उपस्थित रहे। रविन्द्र सहोड़ ने कहा कि भाजपा के नेताओं के अहम के कारण जल्द ही कुछ लोग और कांग्रेस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।

#### चुनावी सभाओं में सीएम ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना पर दी जानकारी

# चुनाव आयोग की अनुमति मिली तो 48 घंटे में महिलाओं के खाते में होगी योजना की राशि : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के लिए चलाई गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना पर भाजपा इतनी विचलित है कि प्रदेश की महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रति माह न मिले, इसके लिए इस योजना की शिकायत चुनाव आयोग से की गई है। उन्होंने कहा कि बुधवार को चुनाव आयोग में पेशी है और अगर चुनाव आयोग से अनुमति मिली तो अगले 48 घंटों में महिलाओं के खाते में दो-दो माह की राशि डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर अनुमति न भी मिली तो आचार संहिता खत्म होते ही महिलाओं के खाते में दो माह की राशि एकमुश्त जमा होगी। इस योजना के लिए प्रदेश सरकार ने 800 करोड़ रुपए का बजट चिन्हित किया है।

मंगलवार को जिला ऊना के गगरेट व कुटलैहड़ में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह चुनाव मुख्यमंत्री चुनने का नहीं है, बल्कि यह चुनाव ईमानदार व बेइमानों के बीच का चुनाव है।


जनसभा में उमड़े लोग, जिन्हें मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने कांग्रेस से छिटक कर भाजपा में गए विधायकों पर भी हमला करता हुए बोला कि जो लोग हाथ को छोड़ कर कमल के साथ गए हैं, उन्हें सबक सिखाने का सही समय है। उन्होंने भाजपा विचारधारा के लोगों का भी आह्वान किया कि जो लोग हाथ के नहीं हुए, वे कमल के भी कभी नहीं हो सकते, इसलिए इन लोगों को पहली जून को कांग्रेस के पक्ष में वोट करके सबक सिखाएं। सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पर भी हमला बोला। उन्होंने नंगल डैम-तलवाड़ा रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा न होने का हवाला देते हुए कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 26 साल से भाजपा के सांसद हैं और दस साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है, लेकिन इस ब्राडगेज रेललाइन का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि ऐसा सांसद चुनकर संसद भेजें जो आपके मुद्दे वहां उठा सके। उन्होंने गगरेट से हो रहे विधानसभा उपचुनाव पर भी भाजपा प्रत्याशी पर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग धन एकत्रित करने के लिए आए थे। गगरेट में चैतन्य टैक्स लगा रखा था। उन्होंने न तो किसी चाय-पकौड़े वाले को छोड़ा और न ही पेट्रोल पंप वालों को बख्शा।

करीब दो महीने पहले उन्होंने किसी अधिकारी का गगरेट में तबादला किया, तो उक्त अधिकारी उनके पास आकर फरियाद करने लगे कि उन्हें बेशक काजा या सिरमौर के दूरदराज क्षेत्र में भेज दीजिए, लेकिन गगरेट न भेजें क्योंकि वह ईमानदारी से काम करना चाहते हैं और उन्हें वहां जाकर भ्रष्टाचार करने को कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाएं, जो पैसे के लिए ही राजनीति में आए हैं।

## इतिहास का सबसे गर्म दिन




**ऊना।** ऊना के इतिहास में 28 मई का दिन आज तक का सबसे गर्म दिन रहा है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गर्मी के कारण आज सड़कें विरान थीं और लोग देर शाम तक घरों में दुबके रहे। आगे भी राहत मिलने का आसार नहीं हैं। इससे पहले सबसे अधिक तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। जिला प्रशासन ने आगामी तीन दिनों तक जमा दो तक सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। उधर, कांग्रेस की रैली भी जिला मुख्यालय के करीब थी, जहां गर्मी में भी हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

### मतदान और मतगणना को लेकर 'ड्राई डे' का ऐलान

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में एक जून को होने वाले लोकसभा आम चुनाव व दो विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत जिले में होटलों, ढाबों, दुकानों अथवा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर शराब इत्यादि जैसे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा मतगणना के दिन 4 जून को भी जिला में 'ड्राई डे' रहेगा। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त ने आदेश जारी किए हैं।

यह पाबंदी मतदान से 48 घंटे पूर्व, यानी 30 मई सायं 6 बजे से पहली जून को सायं 6 बजे तक लागू रहेगी। इसके अतिरिक्त 4 जून को मतगणना के दिन मतों की गिनती की प्रक्रिया संपन्न होने तक उक्त पाबंदी लागू होगी। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# वन रैंक, वन पेंशन मामले में बांटी वित्तीय सहायता राशि की जांच हो

#### पूर्व सैनिकों का ऊना में फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पूर्व सैनिक संघर्ष संघ ऊना की बैठक स्थानीय होटल में संघ के प्रधान कैप्टन शक्ति चंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वन रैंक वन पेंशन, मिलट्री सर्विस पे, विकलांगता पेंशन की विसंगतियां और अग्निवीर योजना बारे चर्चा के दौरान पूर्व सैनिकों का गुस्सा फूट पड़ा।

पूर्व सैनिकों ने कहा की 20 फरवरी 2023 से पूर्व सैनिक जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। कई बार उपायुक्त के माध्यम से रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजे। रामलीला ग्राउंड में धरना दिया, भूख हड़ताल पर बैठे रहे, पर किसी ने उनकी और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। सांसद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को ज्ञापन दिए गए, उनसे मिले



ऊना में पूर्व सैनिकों ने मीटिंग कर लोकसभा चुनाव को लेकर फैसले किए।

किंतु उन्होंने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। भाजपा का मेनिफेस्टो पढ़ने के बाद बहुत निराशा हुई। प्रधानमंत्री ने कहीं पर 75000 करोड़, कहीं पर 90 000 करोड़, कहीं पर एक लाख करोड़, कहीं पर 125000 करोड़ वन रैंक वन के माध्यम से पूर्व सैनिकों को देने बारे कहा है।

मोदी जी ने दिया होगा, किंतु वह पैसा कहां गया? यही तो हम चाहते हैं? सुप्रीम कोर्ट के तीन रिटायर्ड जज की कमेटी बिठाकर इसकी जांच करवाई जाए और सफेद पत्र जारी किया जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। अग्निवीर योजना पर चर्चा करते हुए पूर्व सैनिकों ने कहा कि यह योजना जवानों के साथ और देश के हित के साथ खिलवाड़ है। इसे जितनी जल्दी हो बंद कर देना चाहिए। यदि अग्निवीर योजना इतनी ही अच्छी है, तो इसे पहले लोकसभा राज्यसभा और विधानसभा में लागू किया जाए। इस बैठक में पूर्व सैनिक माननीय सांसद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से इस बात से बहुत नाखुश दिखाई दिए और बार-बार उनका गुस्सा इस बात को लेकर देखा गया कि वह हमारी मांगों को सरकार तक नहीं पहुंचा सके। हमारी पीड़ा को नहीं समझ सके। पूर्व सैनिक हाल ही में विधानसभा के चुनाव को जनता पर थोपे जाने को भी ठीक नहीं मानते।

कांग्रेस के मैनिफेस्टो में ओआरओपी की विसंगतियां को दूर करने तथा अग्निपथ योजना खत्म करने को शामिल करने कारण, फौजी पुत्र सतपाल रायजादा के फौजी फ्रेंडली होने की वजह से उन्हें खुला समर्थन देने पर उतर पड़े हैं।

उधर कुटलैहड़ से आए पूर्व सैनिकों ने कांग्रेस मैनिफेस्टो को ध्यान में रखकर फौजी पुत्र विवेक शर्मा को अपना समर्थन दिया है।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में पूर्व सैनिक सेवा समिति के प्रधान डॉ. बलदेव डोगरा, पूर्व नौसैनिक कल्याण संघ के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व वायु सैनिक सेवा समिति के प्रधान हरिश्चंद्र शर्मा, यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्ससर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा, कर्नल कुलदीप सिंह (रि), कर्नल सत्यदेव (रि) कैप्टन सुशील शौर्य चक्र, भोला सिंह रायजादा, दर्शन सिंह कश्मीर सिंह दिलबाग सिंह, राम सिंह, एसएस वर्मा, जागीरी लाल, शिव कुमार, बलबीर सिंह राणा, महेंद्र सिंह, वीके शर्मा, श्यामलाल शर्मा, शिव कुमार, रोशन लाल, श्याम लाल सैनी, जय सिंह, जगतार सिंह, प्रकाश चंद, सोढी राम, सुरजीत सिंह, मलूक चंद, बलदेव सिंह, रतन चंद, मनोज कुमार कौशल, एस जसवाल, स्वर्ण सिंह, सरवन सिंह, अमित शर्मा, अनिल शर्मा, रामकृष्ण, केवल कृष्ण, सुजीत कुमार, राम प्रकाश, विजय कुमार, लेखराज, सुदर्शन कुमार, नंदू, महेंद्र सिंह, संदीप कुमार, कश्मीरी लाल, ओंकार सिंह, मदन लाल, गुलजार सिंह, मदनलाल, केवल सिंह, रोशन लाल, निर्मल सिंह, कुमार सिंह, अतर सिंह दयाल, अमरीक सिंह, सतीश मनन शास्त्री, कुलदीप सिंह, चूर सिंह, दौलत राम, राकेश कुमार, भीम सिंह, गुरदेव सिंह, तरसेम लाल, जय सिंह, सुमन शर्मा, मदन, एस लाल, सूरम सिंह राणा, राजिंद्र कुमार शर्मा इत्यादि पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

## कांग्रेस की छवि को धूमिल करने वालों को जनता सिखाएगी सबक : विवेक


कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के साथ विक्ट्री चिन्ह बनाते हुए ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने विभिन्न स्थानों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया और मुख्यमंत्री के नेतृत्व मे चल रही सरकार के पक्ष में मतदान की अपील की।

उन्होंने कहा कि आज से 14 महीने पहले एक व्यक्ति शराफत का चोला ओढ़कर परिवार में शामिल हुआ और हमें धोखा देकर चंद पैसों के लिए बिक गया। उन्होंने कहा कि सभी ने बंगाणा में मुख्यमंत्री के मुख से सुना कि किस प्रकार यहां के प्रतिनिधि द्वारा अपने साथ घूम रहे चंद ठेकेदारों को लाभ पहुंचाएं। कांग्रेस की छवि को धूमिल करने वालों को जनता सबक सिखाएगी।

वहीं, राम आसरा ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि कल कुटलेहड़ के दौरे पर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जनता को संबोधित करेंगी। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आप भारी से भारी संख्या में आएं और उनके विचारों को सुनें। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के प्रचार अभियान में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, उपाध्यक्ष विवेक मिन्का, राजेश धीमान, संजय कुमार सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

## उपायुक्त और एसपी ने निगरानी टीमों ने साथ सख्ती से की वाहनों की जांच

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में लोकसभा और दो विधानसभा उपचुनावों को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मंगलवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बीहडू में स्टैटिक सर्वेलैंस टीम-दो के साथ गाड़ियों का औचक निरीक्षण किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मैहतपुर से सटे सीमावर्ती इलाकों पर बनाए गए बैरियरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए एक सप्ताह से कम का समय शेष बचा है, जिसको लेकर जिले में बनाई गई निर्वाचन व्यय निगरानी टीमों ने जांच अभियान को और अधिक तेज किया है, ताकि किसी प्रकार की कोई अवैध गतिविधि न हो। इसके अतिरिक्त वीडियो निगरानी दल, स्थैतिक निगरानी दल व उड़नदस्ते जिले में होने वाली हर गतिविधि पर कड़ी


चुनावों के दृष्टिगत उपायुक्त की निगरानी में वाहनों की जांच करती पुलिस टीमें।

नजर रख रहे हैं। जिले में मंगलवार को उड़नदस्ते टीमें, स्टैटिक सर्वेलैंस टीमें तथा वीडियो अवलोकन टीमें के साथ-साथ पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार फील्ड निरीक्षण कर रही हैं।

जतिन लाल ने बताया कि जिला में चुनाव के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में 3-3 उड़नदस्ते और स्थैतिक निगरानी टीमें, एक वीडियो सर्विलांस टीम और एक-एक वीडियो अवलोकन टीम, सहायक व्यय पर्यवेक्षक टीमें व अकाउंटिंग टीमें तैनात हैं। ये टीमें औचक निरीक्षण तथा चेकिंग का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा चुनावों के चलते निगरानी के लिए 25 इंटर स्टेट नाके और 121 राज्यांतरिक नाके लगाए गए हैं ।

उन्होंने सभी निरागनी टीमों को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि में त्वरित कार्रवाई करें और साथ ही उसकी सूचना प्रशासन से तुरंत साझा करें ताकि चुनावों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके।

### 29 जुलाई से लगेगी विशेष लोक अदालत

**ऊना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायादंडाधिकारी अनिता शर्मा ने बताया कि भारत के उच्चतम न्यायालय में विभिन्न लंबित मामलों के निपटान के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अनिता शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति उच्चतम न्यायालय में लंबित अपने मामलों का निपटान करवाना चाहता है, तो वह उस मामले को लगाई जाने वाली विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है।

अदालतों में लंबित विभिन्न मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। लोक अदालत में कई मामलों का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर किया जाता है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार भारत के सभी न्यायिक परिसरों में समय-समय पर लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 01975-225071 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिले में प्रचंड गर्मी के बावजूद निर्धारित समय पर होंगी परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हीट वेव के प्रचंड प्रकोप के चलते ऊना जिले में 29 से 31 मई तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह आदेश प्री-प्राइमरी और प्राइमरी पाठशालाओं के साथ-साथ सभी माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिला दंडाधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने हीट वेव के चलते छात्रों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्पन्न जोखिमों को ध्यान में रखते हुए और भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आगामी कुछ दिन इसी प्रकार की स्थिति रहने के अनुमान को देखते हुए इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि दोपहर के समय मध्य, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का संचालन जारी रहने से कई छात्रों के बीमार होने के मामले सामने आए हैं। इसलिए, किसी भी आपात स्थिति से बचने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में प्री-प्राइमरी से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों तक जिले में सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 31 मई तक बंद रखने का फैसला लिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक स्कूल प्रमुखों को यह सुनिश्चित बनाने को कहा गया है कि वे सभी स्कूल, जहां मतदान केंद्र हैं, वहां 31 मई और एक जून को एक शिक्षण कर्मचारी, एक चतुर्थ श्रेणी अथवा बहुउद्देश्यीय कर्मचारी और मिड-डे मील कर्मचारी उपस्थित रहें।

जिन स्कूलों में 29 से 31 मई के बीच परीक्षाएं निर्धारित हैं, वहां उनका आयोजन अनिवार्य रूप से सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाए। स्कूलों को परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए पीने के पानी, छायादार क्षेत्रों और परीक्षा हॉल में पंखे, कूलर या एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके अलावा विद्यालयों में प्राथमिक चिकित्सा किट और हीट स्ट्रोक के किसी मामले में तुरंत उपचार के लिए डॉक्टर या नर्स की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने को कहा गया है। जतिन लाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं।

**तैयारी** चुनाव आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया का किया जा रहा पूरा पालन : जिला निर्वाचन अधिकारी

# ऊना जिले में मतदान को लेकर सभी इंतजाम पूरे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले में मतदान को लेकर सभी इंतजाम चाक-चौबंद हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव से पूर्व के अंतिम 72 घंटे और 48 घंटे के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पूरा पालन किया जा रहा है। मतदान का दिन नजदीक होने के चलते चुनाव निगरानी दलों के अभियान को और अधिक सघन किया गया है। जिले में 15 उड़नदस्ते तथा 17 स्थैतिक निगरानी टीमें लगातार फील्ड में हैं। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

उन्होंने चुनाव आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया द्वारा हमीरपुर से ऑनलाइन माध्यम से ली गई बैठक में यह जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह भी उपायुक्त कार्यालय ऊना के एनआईसी कक्ष में उनके साथ रहे। वहीं, व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव गगरेट से ऑनलाइन बैठक में जुड़े।

बैठक में सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने अधिकारियों से चुनावी तैयारियों का ब्यौरा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव ने चुनाव



उपायुक्त और अधिकारी वर्चुअल बैठक में हिस्सा लेते हुए।

के अंतिम चरण में व्यय निगरानी के संबंध में अधिक सजगता बरतने को लेकर दिशा निर्देश दिए। जतिन लाल ने जिले में मतगणना को लेकर किए प्रबंधों से भी अवगत कराया। उन्होंने मतदान के उपरांत ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों की स्ट्रांग रूम में रखने को लेकर मूवमेंट प्लान, भंडारण तथा सुरक्षा को लेकर किए प्रबंधों की भी जानकारी दी।

वहीं, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि जिले में पुलिस चुनावों की दृष्टि से पूरी चौकसी के साथ काम कर रही है। 25 नाकों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर भी उपस्थित रहे।

### अब तक 3736 लोगों ने की होम वोटिंग

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऊना जिले में अब तक 3736 वोटरों ने अपने घर से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा का लाभ लेते हुए मतदान किया है। जिले में होम वोटिंग प्रक्रिया 21 मई से आरंभ हुई है, जिसमें मोबाइल पोलिंग टीमें पात्र वोटरों से चुनाव आयोग के पूरे प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करते हुए मतदान करावा रही हैं।

इस मुहिम में अब तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2621 और 1115 दिव्यांग वोटरों ने मतदान किया है। बता दें, भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में अपने घर से ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। जिले में यह कार्य 29 मई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में 614, ऊना में 396, कुटलैहड़ में 1096, हरोली में 548 और गगरेट में 1082 पात्र मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक



महिला आईटीआई में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ प्रशिक्षणार्थी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा के दिशा निर्देशानुसार राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य युवा लड़कियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने संबंधी जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराना है, ताकि वे अंजाने में किसी जानलेवा बीमारी की चपेट में ना आ जाएं। इस दौरान उन्हें क्या सावधानियां बरतनी चाहिएं, के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बीसीसी समन्वयक कंचन माला ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की सभी छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी पंफ्लेट्स भी बांटे।

इस मौके पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षनार्थियों के बीच भाषण व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य बलराम ढिल्लों, समस्त स्टाफ, आशा कार्यकर्ता किरन, लता तथा रीना सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

**प्यार** करीबी लोगों की देखभाल लेने के द्वारा शुरू होता है, जो आपके घर पर हैं। –मदर टेरेसा

## संपादकीय

# हिमाचल में बस हादसे

हिमाचल में स्कूल बस हादसों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में निजी बस और ट्राले के बीच जोरदार टक्कर हुई। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई अनहोनी न हुई। यह हादसा एक बार फिर कई सवाल खड़े कर गया है कि आखिर इन हादसों के लिए उत्तरदायी कौन है? हाल ही में ऊना के बंगाणा में स्कूल बस का दरवाजा खुलने से टायर के नीचे आई एक छात्रा को जान गंवानी पड़ी थी। कुल्लू के बंजार में एक निजी बस चालक ने सामने खड़ी कार को टक्कर मारकर सड़क से नीचे धकेल दिया। बस भी साथ ही लुढ़क गई। इस हादसे में पांच बच्चे बाल-बाल बच गए। इसके अलावा प्रदेश में और भी कई हादसे हुए हैं।

शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले बच्चों का आखिर कसूर क्या है? बच्चों को क्यों सुरक्षित सफर मुहैया नहीं हो रहा है? इन स्कूल बस दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार स्कूल प्रबंधन को माना जाए, ड्राइवर को या किसी अन्य को? चाहे किसी को भी माना जाए, परंतु जो माता-पिता कई कष्ट सहकर अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं, उनके लिए ऐसी सूचना मिलना किसी आघात से कम नहीं होता है। सड़क किनारे 'दुर्घटना से देर भली' के बोर्ड जगह-जगह लगे होते हैं। वह इसलिए होते हैं कि ड्राइवर अलर्ट रहें, लेकिन प्रदेश में घटित होने वाले स्कूल बस हादसों को देखकर लगता है कि यहां सब उल्टा ही हो रहा है 'देर से दुर्घटना भली'। आखिर जल्दी किस बात की है? हाल की घटनाएं तो यही बयां कर रही हैं। स्कूल बस हादसों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि ज्यादातर मामलों में बस ड्राइवर बच जाते हैं और हादसे में घायल या मरने वाले दूसरे लोग होते हैं। अगर उन्हें गिरफ्तार कर भी लिया जाए तो वे उसी दिन थाने से जमानत पर छूट जाते हैं, क्योंकि दुर्घटना में मौत हो जाने पर भी ये अपराध जमानती होता है। स्कूल बसों में सफर सुरक्षित होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन से लेकर स्थानीय नियमों के पालन में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। इसके लिए निगरानी तंत्र सबसे अहम होता है। कागजों में बने नियम कायदों का धरातल पर शत-प्रतिशत पालन ही सबसे बड़ी सतर्कता मानी जाती है। कभी ड्राइवर की लापरवाही तो कभी अनफिट बसों के कारण भी हादसे हो जाते हैं। चाहे ऑपरेटर हों या स्कूलों के संचालक, ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में नौनिहालों की जान खतरे में न डालें। परिवहन विभाग से लेकर पुलिस स्कूली बसों की चेकिंग को लेकर नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर अलर्ट जरूरी दिखती है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि यह निगरानी तंत्र पूरा साल इसी तरह से चलता रहना चाहिए, तभी प्रदेश में बस हादसों पर ब्रेक लग सकती है। हिमाचल प्रदेश में हजारों स्कूल बसें हैं। स्कूल बसों के संचालन के लिए प्रदेश सरकार ने कई नियम बना रखे हैं। स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिएं। स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर और जीपीएस जरूरी होता है। बस के ड्राइवर के पास पांच साल का अनुभव हो। स्कूली वाहन पीले रंग का होना आवश्यक है।

बसों के आगे व पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में स्कूल बस लिखा होना अनिवार्य है। स्कूल वाहन में कैमरा अनिवार्य रूप से चालू रहना चाहिए। स्कूल वाहन में ड्राइवर के अलावा दो लोगों का स्टाफ जरूरी है। स्कूल वाहन स्टाफ के पास पिकअप और ड्रॉप किए जाने वाले बच्चों की सूची होना जरूरी है। वाहन में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होना चाहिए। हादसे होने के कई कारण होते हैं। ज्यादातर हादसे चालक की लापरवाही से होते हैं। कई बार चालक नींद या नशे में होता है। बस की फिटनेस में लापरवाही बरते जाने के मामले भी सामने आते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश ने विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 15 वर्ष से अधिक पुराने स्कूल वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है तथा चालकों की आयु 60 वर्ष निर्धारित कर दी है। जरूरत इन नियम कायदों को मानने की है, क्योंकि जिंदगी अनमोल होती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध व्यंग्य कवि

हुल्लड़ मुरादाबादी का जन्म गुजरांवाला, अविभाजित भारत (अब पाकिस्तान) में हुआ था। बंटवारे के दौरान परिवार के साथ वह मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश आकर बस गए थे। वह भारत के प्रसिद्ध व्यंग्य कवि थे। एक व्यंग्यकार के रूप में उन्होंने बहुत ख्याति पाई। हुल्लड़ मुरादाबादी पहले वीर रस की कविताएं लिखा करते थे। धीरे-धीरे उनका रुझान हास्य कविताओं की ओर हो गया। सन 1962 में उन्होंने 'सब्र' नाम से हिंदी कविता साहित्य में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, बाद में वह हुल्लड़ मुरादाबादी के नाम से पहचाने जाने लगे। बॉलीवुड के 'भारत कुमार' कहे जाने वाले मनोज कुमार के साथ उनके काफी नजदीकी रिश्ते रहे। फिल्म संतोष एवं बंधनबाहों में भी उन्होंने अभिनय किया था। 'इतनी ऊंची मत छोड़ो', 'क्या करेगी चांदनी', 'यह अंदर की बात है' जैसी हास्य कविताओं से भरपूर पुस्तकें लिखने वाले हुल्लड़ मुरादाबादी को 'कलाश्री', 'अट्टहास सम्मान', 'हास्य रत्न सम्मान', 'काका हाथरसी पुरस्कार' जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। भूतपूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा उनका राष्ट्रपति भवन में अभिनंदन हुआ था। ■



**हुल्लड़ मुरादाबादी**
**जन्म :** 29 मई, 1942
**मृत्यु :** 12 जुलाई, 2014

## अपनी बात

**देवभूमि** में आजकल बेसहारा पशुओं की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या का सामना नगरोटा बगवां शहर के निवासी भी कर रहे हैं। आजकल सड़क पर घूम रहे आवारा पशु वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। दिन को तो ये आराम से दिख जाते हैं, लेकिन जब लोग रात को सफर करते हैं तो कई बार ये अचानक सड़क पर आ जाते हैं और वाहन चालकों को दिखाई भी नहीं देते हैं। इस वजह से कई बार लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो जाते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालक की स्पीड ज्यादा हो तो उसे गाड़ी कंट्रोल करने में समय लग जाता है तथा जब तक गाड़ी कंट्रोल होती है, तब तक एक्सीडेंट हो जाता है। कई बार लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, जिन्हें समय रहते अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो उन्हें जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है। इन आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकार के पास अभी तक कोई पुख्ता योजना नहीं है। कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। कुछ योजनाएं बनती भी हैं तो वह महज कागजी ही साबित होती हैं। ये आवारा पशु फसलों को भी चट कर जाते हैं। किसानों को अपनी फसल का मुनाफा तो दूर की बात बीज और खाद की कीमत भी वसूल नहीं हो रही है। यही वजह है कि लोगों का अब कृषि से मोह भी भंग होने लग पड़ा है।

–रजिंद्र ठाकुर, समलोटी

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# हर साल बढ़ता तापमान; झुलसती धरती, मरते लोग

दुनिया और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे, यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव-जंतु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं, लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाय कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है?

क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है, जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है, तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेक चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है। यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है, लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमी होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं, शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं, जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारुपूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है, तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है।



**लेखिका : आयुषी दवे**
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियर

इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है। शरीर में जलतत्व की कमी का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं, तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं, लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते हैं, जो कि बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है। हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं।

वहीं, गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं। अब भारत में गर्मियों में पहाड़ों वह भी ठंडे इलाकों के जंगलों में लगातार आग की घटनाएं और भी ज्यादा चिंताजनक हैं। ऐसा नहीं है कि गर्मी को लेकर चिंता केवल भारत में ही सबसे ज्यादा है। यूरोप के तो आंकड़े सामने हैं, जब 2022 की गर्मियों में करीब 61,000 लोगों की मौत हुई। वहां भी कुछ वर्षों में तेज गर्मी के चलते जंगलों में भीषण आग लग रही है। बड़े पैमाने पर सूखा पड़ रहा है। यह सब बेहद चिंताजनक है। सोचिए, इस स्थिति में पहुंचने के बाद भी हम कब तक अनजान रहेंगे? सबको पता है कि विकास के नाम पर हो रहे ताबड़तोड़ निर्माण और प्राकृतिक संरचनाओं से लगातार छेड़छाड़ के अलावा बेतहाशा कार्बन उत्सर्जन जिनमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे जीवाश्म ईंधन जलाने, जंगलों को काटने और पशुधन की खेती से जलवायु और पृथ्वी के तापमान पर तेज प्रभाव पड़ रहा है।

इससे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से मौजूद ग्रीन हाउस गैसों में भारी मात्रा में प्रदूषित गैसें, धुआं आदि जुड़ जाती हैं और ग्रीनहाउस प्रभाव और 'भूमंडलीय ऊष्मीकरण' यानी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। प्राकृतिक गैसों, पेट्रोलियम, कोयला, खनिज व दूसरे तत्वों के लगातार दोहन और उपयोग से निकलती प्रदूषित गैसों और दूसरे हानिकारक तत्वों से दूषित होते वायुमंडल के अलावा निरंतर छलनी होते जंगल, पहाड़, नदियां अन्य अनेक प्राकृतिक संपदाओं का क्षरण, दोहन तापमान बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। इसी बेतरतीब दोहन से निरंतर बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भू-तल से लेकर नभ तक प्रदूषित कर रहा है। प्रकृति का सारा का सारा प्राकृतिक नियंत्रण डगमगाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले 99 प्रतिशत से ज्यादा वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका सबसे अहम कारण इंसानी करतूतें हैं, जो कंक्रीट के विकास के दिखावे के लिए विनाश की गाथा लिख रहे हैं।

ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए दुनिया के के पास बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं हैं। पेरिस जलवायु समझौता-2015 अहम है, जो उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को सीमित करने पर केंद्रित है, लेकिन इसे 10 साल होने को हैं, पर लगता है कि क्या किसी भी देश ने इस पर ठोस काम किया? जवाब आपके पास भी है। ऐसे में भला कैसे बढ़ता तापमान नियंत्रित होगा, कैसे प्रकृति से इंसाफ होगा और कैसे हम अपनी भावी पीढ़ी को न्याय की गारंटी दे पाएंगे? निश्चित रूप से जब तक पूरी दुनिया में एक-एक इंसान इसे नहीं समझेगा, तब तक विनाश की ओट में विकास की पल-पल लिखी जा रही गाथा भी नहीं रुकेगी। लगता नहीं कि फिर हम जानते हुए भी भविष्य में रुग्ण, अशक्त मानव बस्तियों के कंक्रीट महलों की तैयारी में हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# साथी को बचाने के लिए दे दी प्राणों की आहुति

**कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर विशेष**

27 से 29 मई कारगिल युद्ध का समय भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इन्हीं दिनों 25 वर्ष पहले कारगिल में हुई घुसपैठ के विरोध में लद्दाख के कारगिल क्षेत्र की बटालिक की पहाड़ियों के लाइन ऑफ कंट्रोल के ऊपर आकाश में वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा भारतीय वायु सेवा का लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे, जब उन्हें अपने साथी फ्लाइट लेफ्टिनेंट के नचिकेता के लड़ाकू विमान को पाकिस्तान सेना के मिसाइल से गिराने व चालक नचिकेता के ईजेक्ट होने तथा पाक अधिकृत कश्मीर के क्षेत्र में पैराशूट से उतरने का पता चला तो स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा एक हेलिकॉप्टर को फ्लाइट लेफ्टिनेंट नचिकेता के विमान क्रैश के स्थान पर मार्गदर्शक का कार्य कर रहे थे।

**लेखक : अनिल शर्मा**
मंडी, हिमाचल प्रदेश

वह एलओसी से काफी उस पार तक साहस करके साथी की रक्षा करने की चाहत में चले गए थे, ताकि उन्हें किसी तरह से बचाया जा सके। कुछ ही मिनट में पाकिस्तान सेना द्वारा उनके लड़ाकू विमान को भी मिसाइल से क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा स्क्वाड्रन लीडर आहूजा भी पैराशूट से उतरकर पीओके के क्षेत्र में लैंड कर गए थे। पाकिस्तानी जमीन पर दोनों पायलटों के उतरते ही उनकी जिंदगी में अलग-अलग घटनाक्रम आए। स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा को पाकिस्तान सेना ने गोलियां चलाकर वहीं पर मार गिराया तथा वह अपने दोस्त को बचाते हुए खुद को देश के लिए शहीद हो गए। यह भारतीय वायु सेवा के पहले कारगिल युद्ध के बहादुर शहीद माने जाते हैं।



वहीं, दूसरी तरफ फ्लाइट लेफ्टिनेंट नचिकेता को पाकिस्तान सेना ने बंदी बना लिया तथा कुछ समय बाद भारत वापस भेज दिया था। स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा को अपने साथी की रक्षा करने के उद्देश्य से अपनी जान की परवाह न करके एक नया उदाहरण पेश किया जो असामान्य था। उन्हें बाद में भारत सरकार द्वारा वीर चक्र से मरणोपरांत सम्मानित किया गया, जो भारत में तीसरा बड़ा बहादुरी का अवॉर्ड होता है।

**देश में तीसरा बड़ा सम्मान :** कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश ने बताया कि स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा को मरणोपरांत वीर चक्कर से नवाजा गया था, जो कि सहस्त्र सेना का देश में तीसरा बड़ा बहादुर का अवार्ड होता है। बता दें कि केंद्र में 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी सरकार थी तथा उस समय केंद्र सरकार ने सेना तथा वायु सेना को लाइन ऑफ कंट्रोल पार करने की अनुमति नहीं दी थी, इसके बावजूद की पाकिस्तान की घुसपैठ को पीछे धकेलना भी था, लेकिन लाइन ऑफ कंट्रोल को पार नहीं करना था, जबकि पाकिस्तान घुसपैठियों ने 168 किलोमीटर एरिया मुशको, द्रास, कारगिल, बटालिक एवं तुर्तुक क्षेत्र में धोखे से कब्जा करके रखा हुआ था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



**जमाना आजकल**
वीना वर्धन, घुमारवीं
आईपीएच कॉलोनी

*__जमाना__ आजकल बदल रहा है,*
*जो कल था वह आज नहीं रहा है।*
*हो रहा है नित नया प्रयास,*
*हर रोज बंध जाती है जीने की आस।*
*कैसा बीत रहा है आज, कल की खबर नहीं।*
*क्या होगा कल, आज जी कर मस्ती भरे नगमे गा लो।*
*क्या होगा कल, बीत जाएंगे ये पल।*
*जो आज मेरा है, पता नहीं कल तेरा हो या न हो।*
*इसी क्षण जी ले तू ए इंसान, मत हो तू यूं परेशान।*
*दुनिया बदलती है तो बदलने दे और बना ले अपनी पहचान।*
*अच्छे काम ही साथ जाते हैं,*
*बाकी मिट जाते हैं नामोनिशान।*
*प्यार दे, प्यार ले, क्या पता बदल जाए जिंदगी तुम्हारी, जिंदगी कोई संवार दे।*
*लोग बदलते हैं, दुनिया बदलती है, रंग बदलते हैं।*
*यहां लोगों के जीने के ढंग बदलते हैं।*

# संविधान में संशोधन की जरूरत, ताकि मतदान करना हो अनिवार्य

जैसा कि हम सभी को पता है कि देशभर में लोकसभा चुनाव का दौर चला हुआ है। इसमें देश-भर में सात चरणों में चुनाव करवाए जा रहे हैं। इसके तहत हिमाचल प्रदेश में पहली जून को मतदान होगा और अब देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू है, तो वहीं चुनाव आयोग द्वारा देशभर में प्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों में उपचुनाव की तिथियां भी इसी बीच घोषित कर दी हैं जिनमें लोकसभा के चुनाव होने हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम सभी युवा और हर मतदाता का नैतिक दायित्व व अधिकार है कि हम बढ़-चढ़कर अपने मतदान का प्रयोग करें और एक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता का परिचय दें, क्योंकि लोकतंत्र में मिले इस अधिकार को हर व्यक्ति और देश वासियों को चिंतन करने की परम आवश्यकता है, क्योंकि आपका एक जागरूक वोट हमारे देश व लोकसभा क्षेत्र की दिशा व दशा बदल सकता है।

अगर हम सही लोकसभा उम्मीदवार को चुनने में अपनी जागरूकता का परिचय देते हैं जिसमें उम्मीदवार अगर शिक्षित, समाजसेवी, अनुभवी, नीति निर्धारण करने वाले, जनता की सेवा के लिए दिन-रात समर्पित रहना, ईमानदार होना इत्यादि ऐसे गुण अगर लोकसभा उम्मीदवार में हों तो ऐसा उम्मीदवार अपने लोकसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से शिखर तक पहुंचाने में कारगर साबित हो सकता है, आज हम सभी मतदाताओं का दायित्व है कि हम सभी खुद भी मतदान का प्रयोग करें और अन्य को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें, जिसमें कि हमारे क्षेत्र के उन तमाम बुजुर्गों से भी अधिक से अधिक मतदान का प्रयोग करवाएं ताकि मतदान करके लोकतंत्र को और मजबूत किया जा सके।



**हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस अधिकार से अगर हम चूक गए तो पांच वर्ष तक यह अवसर फिर संभवत: न मिले, क्योंकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा पांच वर्ष के लिए किए जाते हैं, तो इसी भाव और आशा के साथ हम इस चुनावी बेला में अपने अधिकार अर्थात मताधिकार का प्रयोग सौ प्रतिशत सुनिश्चित करें। हम ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनें, जो हमारे क्षेत्र और समाज को विकास की दृष्टि में और जनता के दुख-दर्द और मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सक्षम भी हो और उम्मीदवार में सेवा भाव भी हो। आज के परिप्रेक्ष्य में हर युवा और खासकर नया मतदाता जो पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेगा, उन तमाम मतदाताओं को इस पुनीत चुनावी बेला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। पहला मतदान करके वह देश का एक जागरूक मतदाता कहलाता है, जैसा कि अभी तक संविधान में देश के हर व्यक्ति को मतदान करना अनिवार्य नहीं किया गया है।

इसी परिप्रेक्ष्य में देश व प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में व्यक्ति मतदान करना जरूरी नहीं समझते और अपनी दैनिक व्यवस्था या कोई और अन्य तर्कहीन बहाना बनाकर मतदान नहीं करते। इसमें अनेक व्यक्ति ऐसे भी हैं, जिन्होंने दशकों से आजतक मताधिकार का प्रयोग ही नहीं किया होगा। इस प्रकार चुनाव आयोग और संविधान में संशोधन करने की भी परम आवश्यकता है कि देश के हर नागरिक को मतदान करना अनिवार्य किया जाए ताकि हर व्यक्ति मतदान की शक्ति और अहमियत को समझ सके, इसलिए आज हम सभी को आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, ताकि हम लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव एक योग्य, सक्षम, ईमानदार, निष्पक्ष और शिक्षित व्यक्ति को चुनें जिसके अंदर अपने लोकसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से शिखर तक पहुंचाने का जज्बा और जुनून हो। इसके अलावा समय-समय पर लोकसभा के पटल अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और विशेषताओं को प्रमुखता के साथ रखने का प्रयास केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री के समक्ष रख सके।

इस प्रकार आज हम सभी देशवासियों को इस अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग और जागरूकता का परिचय देना चाहिए, ताकि भविष्य में हम एक योग्य और सक्षम सरकार को चुनने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें, जो केंद्र सरकार विकास की दृष्टि से शिखर तक और विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित करवाती रहे।

वहीं, चुनाव में धनबल के दम पर खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने की परम आवश्यकता है क्योंकि अनेक क्षेत्रों में चुनाव के समय में इस तरह के हथकंडों का प्रयोग भी इन सभी व्यवस्थाओं से हमें कहीं न कहीं दूर रहना चाहिए और न ही ऐसे उम्मीदवार को अपना किमती वोट देना चाहिए, तो वहीं दूसरी ओर हमें राजनीति के चक्कर में आपसी भाईचारा और सौहार्द को नहीं खोना चाहिए, क्योंकि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अनेक क्षेत्रों में हम अपने अपने दलों की विचारधारा और आवेश में आकर आपसी निजी संबंधों को भी ठेस पहुंचाते हैं, जो आज की 21वीं सदी में किसी भी संदर्भ में उचित नहीं है।

हम राजनीति के लिए अपने संबंधों को भी दांव पर लगाने से गुरेज नहीं करते। इस प्रकार हम सभी को इस तरह की मानसिकता और इस तरह की राजनीति से दूर रहने की जरूरत है। हम यह जरूर सुनिश्चित करें कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और राजनीति में धनबल के प्रलोभन से दूर रहकर और आपसी भाईचारा और सौहार्द को बनाए रखें। हम सभी देशवासी अपने देश और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपना कीमती वोट देकर जागरूकता परिचय देने का प्रयास करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शांति रक्षकों में भारत के बलिदानी सर्वाधिक

**संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर विशेष**

संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इसराइल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं।



**लेखक : योगेश कुमार गोयल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिए आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार 'शांति रक्षा मिशन' को अधिकार दिए गए और 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्राय: ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है, ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके।

यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें ताकि लोगों को सुरक्षा दी जा सके और शांति को बढ़ावा मिल सके। उनका कहना है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा एक अहम निवेश है, लेकिन इसके लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय संकल्प चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'एक्शन फॉर पीस कीपिंग' पहल की शुरुआत की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यूएन मिशनों को मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाना है।

अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस वैश्विक शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्मृति के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने शांति स्थापना में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रबंधन कार्यों में अपने उच्च स्तर की व्यावसायिकता, समर्पण और साहस का प्रदर्शन करते अपनी जान गंवाने वाले शांति रक्षकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। शांति रक्षकों को मरणोपरांत 'डैग हैमारस्जोल्ड मेडल' प्रदान किया जाता है। यह पदक कर्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हैमारस्जोल्ड की स्मृति में की गई थी, जिनकी 1961 में एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। शांति रक्षक अत्यधिक जोखिम उठाते हुए प्रतिदिन विभिन्न देशों में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की हिंसा से रक्षा करते हैं। यूएन के पिछले 76 वर्षों के शांति रक्षक अभियानों में जहां अब तक दुनियाभर के चार हजार से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, वहीं इनमें भारत के शहीद हुए शांति रक्षकों की संख्या करीब 200 है, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा संकल्प समिति की कार्यकारिणी का हुआ गठन



**मंडी ।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की नव चयनित कार्यकारिणी 2024-26 की प्रथम बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में कार्यालय में हुई, जिसमें कार्यकारिणी में अध्यक्ष चन्द्रमणि, उपाध्यक्ष बृज लाल भारद्वाज, विजय कुमार, महामंत्री राकेश कुमार, मंत्री टेक चंद, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल, सह-कोषाध्यक्ष रमेश चंद, संगठन मंत्री रवि दत्त, प्रचार मंत्री ललित जंवाल, कानूनी सलाहकार जीवन लाल, अंकेक्षक बलवीर सिंह, राधा लाल सदस्य नानक चंद शर्मा, मेहर चंद गारला, रूप लाल गारला, पदमा ठाकुर, राम प्यारी, शंकुतला देवी, कल्पना ठाकुर, कैप्टन रघुवीर सिंह, नेक राम, हरवंश सिंह और समीक्षा उप-समिति से करतार सिंह चंदेल, रजनीश सकलानी, देवराज शर्मा को चुना गया।

### करुणामूलक परिवारों के लिए स्थिति स्पष्ट करे सरकार

**मंडी।** करुणामूलक के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा हिमाचल प्रदेश के समस्त करुणामूलक परिवारों के साथ राज्य स्तरीय गूगल मीट का आयोजन किया गया। मीटिंग में राज्य कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी गगन कुमार, मुख्य सलाहकार शशिपाल, आईटी सेल गुलशन कुमार व समस्त जिलों के प्रधान और उपप्रधान मौजूद रहे। वहीं करुणामूलक परिवारों द्वारा प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया इन चुनावों से पहले अपनी स्थिति स्पष्ट करें की भविष्य में सरकार इन परिवारों के लिए क्या कदम उठाने जा रही है ।

### मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया : डॉ. दिनेश



**मंडी ।** जिला स्तरीय मासिक धर्म स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्रा मंडी में डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी को अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसका संचालन कविता कपूर वाइस प्रिंसिपल व पदमाक्षी प्रवक्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर पेंटिंग व स्लोगन लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. दिनेश ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो सामान्यतः बारह से सोलह वर्ष की आयु के बीच आरम्भ होता है।

### सच्चे मन से ध्यान प्रभु सिमरन में लगाएं : भारत भूषण



**सुंदरनगर ।** श्री गोपाल मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण करने के लिए रोजाना भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथा के चौथे दिन आचार्य भारत भूषण महाराज ने कहा कि अपने कर्मों का फल व्यक्ति को स्वयं ही भोगना पड़ता है। भगवान जन्म देता है, लेकिन जीवन जीने का ढंग हमें सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से ध्यान प्रभु सिमरन में लगाना चाहिए। मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. सीपी कौशल ने बताया मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 31 मई को सुबह 9 बजे यज्ञ में पूर्णाहुति के उपरांत मंदिर में दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### मतगणना के लिए अधिकारियों को करवाया पूर्वाभ्यास

**सरकाघाट।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की देख रेख में सरकाघाट के राजकीय डिग्री कॉलेज में मतगणना का पूर्वाभ्यास करवाया गया, जिसमें 10 गणना पर्यवेक्षकों, 16 गणना सहायकों, 12 माइक्रो ऑब्जर्वरों ने भाग लिया। स्वाति डोगरा ने बताया कि पूर्व अभ्यास में मतगणना कर्मियों को 4 जून, 2024 को होने वाली मतगणना प्रक्रिया बारे विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर डॉ. गुलशन ने अधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ईवीएम की विस्तृत जानकारी साझा की और ईवीएम को संचालित करने का तरीका बताया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार सरकाघाट मनीष, ईवीएम ट्रेनर कमलेश, मास्टर ट्रेनर डॉ. गुलशन व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कर्मचारियों को दी मतगणना संबंधी जानकारी

**पधर ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की देखरेख में ईवीएम के तहत मतों की गणना हेतु पंचायत समिति भवन पधर में चुनावी पूर्वाभ्यास करवाया गया। एसडीएम पधर ने मतगणना के लिए तैनात सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को ईवीएम व पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना संबंधी जानकारी प्रदान की गई। बैठक में एसडीएम पधर ने चुनावों के दौरान ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों की जानकारी ली और सेक्टर ऑफिसर तथा उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए चुनाव करवाए।

### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने फ्लाइंग बाबा और प्रोजेक्ट बाला के सदस्यों का इस तरह की कार्यशाला आयोजित करने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्षा मोनू ने भी टीम का आभार व्यक्त किया।

### मतदान करना संवैधानिक अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी



**पधर ।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि सरकार चुनने में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। कार्यक्रम के तहत चौहार घाटी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धर्मेहड़ और ग्राम पंचायत सुधार और स्वाड बूथ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई।

# स्कूल बस और ट्राले की टक्कर में बाल-बाल बचे 30 बच्चे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी जिला के जोगिंद्रनगर में निजी स्कूल बस व ट्राले के बीच जोरदार भिड़ंत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बस स्कूली बच्चों से भरी थी और बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी।

इस घटना में बस चालक को गंभीर व स्कूली बच्चों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। घटना के उपरांत सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति भी पैदा हो गई है। जानकारी अनुसार मंडी पठानकोट हाईवे पर मंगलवार सुबह निजी स्कूल की बस जोगिंद्रनगर से मंडी की ओर जा रही थी, तभी अचानक जोगिंद्रनगर के एप्रोच रोड के पास मोड़ काटते हुए यह बस सामने से आ रहे ट्राले से टकरा जाती है। बताया जा रहा है कि निजी स्कूल की बस बच्चों से भरी थी, जिसमें 30 के करीब बच्चे सवार थे।

घटना की सूचना मिलने के उपरांत 108 एंबुलेंस मौके पहुंचती है। बच्चों व चालक को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर लाया गया है, जहां इनका प्राथमिक उपचार जारी है। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अश्वनी शर्मा ने घटना की पुष्टि की है।




जोगिंद्रनगर में बस और ट्राले में जोरदार भिड़ंत से दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### ट्राला चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**डीएसपी** पधर दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। घायल बच्चों व बस चालक का जोगिंद्रनगर अस्पताल में प्राथमिक उपचार जारी है।

उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि ट्राला चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 30 से पहली जून तथा 4 जून को ड्राई-डे घोषित

**मंडी ।** मतदान से 48 घंटे पूर्व यानी 30 मई सायं 6 बजे से पहली जून सायं 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक ड्राई-डे घोषित किया गया है।

डीसी अपूर्व देवगन ने कहा कि पहली जून को होने वाले चुनावों के दृष्टिगत होटलों, ढाबों, दुकानों अथवा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर शराब इत्यादि जैसे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण पर पाबंदी रहेगी। 4 जून को मतगणना पूर्ण होने तक भी जिला में 'ड्राई-डे' रहेगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

# चंडीगढ़-मनाली फोरलेन निर्माण के कारण लग रहा जाम

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

मंडी पंडोह के मध्य फोरलेन पर आए दिन लगने वाले लंबे सड़क जाम के लिए मालवाहक गाड़ियां ज्यादा जिम्मेदार हैं। यदि सामान ढुलाई में लगी हुई लंबी व बड़ी गाड़ियां रात को ही चलाई जाएं तो दिन में पर्यटकों व अन्य सभी वाहनों को जाम से मुक्ति मिल सकती है।

**पर्यटकों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना**

उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़-मनाली फोरलेन निर्माण के चलते पंडोह क्षेत्र में अत्यधिक सड़क जाम लग रहा है। ऐसे में जब टूरिस्ट सीजन अपने यौवन पर है तो बाहर से आने वाले पर्यटकों का सारा मजा इस जाम के कारण किरकिरा हो रहा है।

बता दें कि इस रोड पर छोटी गाड़ियों, स्कूटी इत्यादि की ढुलाई के लिए जो 20 टायर वाली मालवाहक गाड़ियां चल रही हैं यह जाम का मुख्य कारण बनती है।

यही नहीं बड़े शहरों से अब वोल्वो बसों का भी आकार भी बहुत बढ़ गया है। ऐसे में क्योंकि इस रोड़ पर अभी निर्माण कार्य चल ही हुआ है। यह भी जाम लगने का एक मुख्य कारण है।



चंडीगढ़-मनाली फोरलेन निर्माण कार्य के कारण जाम में फंसे वाहन।

### बड़े वाहनों को रात में चलवाने की मांग

**निर्माणाधीन** फोरलेन के कार्य में लगी गाड़ियों को भी कई बार मलवा ले जाने हेतु कुछ समय तक सड़क पर ही मलवा भरवाना पड़ता है और ज्यादा समय तक रुकने से जाम की स्थिति और ज्यादा बन जाती है। लोगों ने कहा कि माल वाहक बड़े-बड़े वाहन दिन के समय में न चलाकर यदि रात को चलाए जाएं तो दिन में सभी वाहनों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकती है।

### बड़े वाहन भी बन रहे जाम का कारण

**इसके** अलावा लारजी टनल व पंडोह में रोप वे इत्यादि का जो काम चला हुआ है वहां के लिए भी बहुत बड़ी व लंबी गाड़ियां सामान लेकर आती जाती रहती हैं। पंडोह डैम के पास व 6 मील तथा 7 मील के पास सड़क अभी भी पूरी तरह से टू वे की चौड़ाई के बराबर नहीं है। वहां पर बड़ी गाड़ी व छोटी गाड़ी ही आपस में पास दे सकती हैं। दोनों तरफ से यदि बड़ी गाड़ियां आ जाए तो जाम की स्थिति बन जाती है।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

# 285 विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां, नौ को मिला गोल्ड मेडल





मौजूद डिग्रीधारक और (इनसेट में) डॉ. आरके अभिलाषी डिग्री प्रदान करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में 5वें दीक्षांत समारोह का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी उपस्थित रहे। इस समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर, डॉ. एलके अभिलाषी ने की।

वहीं विश्वविद्यालय की तरफ से मुख्यातिथि व अन्य गणमान्यों को सम्मानित किया गया। विवि के वाइस चांसलर प्रो. एचएस बनयाल ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस दीक्षांत समारोह में 285 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई, जिसमें पीएचडी के 9 छात्र, यूजी के 228 विद्यार्थी, पीजी के 48 विद्यार्थियों ने डिग्रियां प्राप्त की। इसके अतिरिक्त 9 विद्यार्थियों को श्री तुलसी राम अभिलाषी मेमोरियल गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया। इस कार्यक्रम में अभिलाषी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नरेंद्र कुमार, डॉ. नर्वदा, डॉ. प्रोमिला, डॉ. नीलम और विभिन्न विभागों के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### इन्हें मिले गोल्ड मेडल

**एमएससी** जूलोजी की संतोष, एमएससी एग्रीकल्चर एग्रोनोमी से सुमेश, एग्रीकल्चर एंटोमोलोजी के ओम प्रकाश, प्लांट पैथोलॉजी की जैस्मिन ठाकुर, बीएससी एग्रीकल्चर की नंदिनी शर्मा, बीएससी-बीएड नॉन-मेडिकल से शिखा, बीए-बीएड से गौरव शर्मा, एमबीए की प्रियंका देवी और बी.फार्मेसी की पल्लवी को गोल्ड मेडल मिला।

### 45 लीटर अवैध शराब बरामद

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने नेर घरवासडा पंचायत में 2 जगह मारे गए छापों में 45 लीटर लोकल शराब बरामद की है। सहायक आयुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग संगीता गुरंग ने बताया कि नेर घरवासड़ा पंचायत में भगवती देवी से 20 लीटर लोकल शराब तथा हरि सिंह से 25 लीटर लोकल शराब बरामद की गई।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39 तथा एक्साइज एक्ट की धारा 2011 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं तथा पकड़ी गई को शराब को मौका पर नष्ट किया गया है। उनके साथ सहायक भूरी सिंह तथा राजेश कुमार भी साथ रहे।

### भटवाड़ गांव में 3 जून से होगी श्रीमद् भागवत कथा

**जोगिंद्रनगर।** 3 जून से जोगिंद्रनगर उपमंडल के गांव भटवाड़ गलू में योगराज शर्मा के निवास में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा तथा सोमवार 3 जून को मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा तथा 9 जून को हवन व पूर्ण आहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। कथावाचक पं. आचार्य राजीव उपाध्याय ने बताया कि धुंधकारी की मुक्ति की तरह जहां श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण होता है वहां कलयुग का प्रभाव खत्म हो जाता है। जहां भक्तों का निवास होता है वहां भगवान का वास हो जाता है।

## एसपीयू मंडी ने किया सीडैक के साथ एमओयू साइन



प्रोफेसर ललित अवस्थी, सीडैक के निदेशक वीके शर्मा और सभी प्रमुख ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एसपीयू मंडी के कुलपति प्रोफेसर ललित अवस्थी ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग मोहाली का दौरा किया, जो तकनीकी भागीदार के रूप में एसपीयू सीईटी 2024 प्रवेश परीक्षा की देखरेख कर रहा है।

कुलपति ने सीडैक के निदेशक वीके शर्मा और सभी अनुभाग प्रमुखों के साथ बातचीत की। अवस्थी ने एसपीयू मंडी के लिए प्रवेश परीक्षा परियोजना पर चर्चा की। वहीं एसपीयू मंडी के कुलपति और सीडैक के निदेशक के बीच एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर करने के समझौते के साथ हुआ, जिससे एक सहयोग को औपचारिक रूप दिया गया, जिससे दोनों संगठनों को लाभ होगा।

## शिक्षकों को पुरस्कार देने के लिए 30 जुलाई तक मांगे आवेदन

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश भर में कार्यरत प्रारंभिक व उच्चतर शिक्षा विभाग के सभी पात्र शिक्षकों को एक फरमान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा अध्यापकों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

आवेदन के लिए उपनिदेशक कार्यालय में 30 जुलाई अंतिम तिथि सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों के मामलों व आवेदनों का निपटारा जिला स्तर पर गठित की गई कमेटी द्वारा किया जाएगा। कमेटी द्वारा प्रत्येक श्रेणी के पात्र शिक्षकों के नाम प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के स्तर पर गठित की गई कमेटी को 10 अगस्त तक प्रेषित करने होंगे।

जिले के 324 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, 154 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों और 389 राजकीय प्रारंभिक विद्यालयों के मुख्य शिक्षकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा उपनिदेशक सुशील शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के लिए यह पुरस्कार एक गौरवशाली सम्मान होता है। इसलिए समय रहते इससे संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जानी चाहिएं।

## किसान के हित में कार्य करने वाली सरकार का करेंगे समर्थन : हरीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

संयुक्त किसान मंच लोकसभा चुनावों में किसानों के हित में काम करने वाली सरकार को अपना समर्थन देने की बात कर रहा है। हरीश चौहान कहा कि कांग्रेस द्वारा किसानों की मांगों को अपने घोषणा पत्र में 6 में से 5 को स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि 2 मई को उनकी एक बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें 6 सूत्री मांग पत्र रखा गया था।

वहीं कहा गया था कि जो राजनीतिक दल इन मुद्दों को अपने घोषणा पत्रों में शामिल करेगा सभी किसान इस पार्टी को समर्थन देंगे। उन्होंने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत द्वारा की गई किसानों पर बयानबाजी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

हरीश चौहान ने कहा कि 10 वर्षों तक किसान बागवानों की अनदेखी बीजेपी सरकार ने की है।



संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान।

## केंद्र ने किसानों से किया विश्वासघात : बीआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जयराम सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए की उनकी सरकार ने फोरलेन प्रभावित किसानों की जमीन के सर्कल रेट कम करके, विना चार गुना मुआवजा दिए, हिमाचल के किसानों के साथ विश्वासघात किया है।

यह शब्द भूमि अधिग्रहण प्रभावित मंच के अध्यक्ष बीआर कोंडल ने कही। इस दौरान उन्होंने पूर्व की जयराम सरकार और वर्तमान की सुक्खू सरकार को भी लपेटे में लिया। राष्ट्रीय उच्च मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए जमीन दे दी गई, दूसरी तरफ किरतपुर-मनाली फोरलेन में अभी तक सुंदरनगर बाइपास, पंडोह बाइपास, नागचाला-पंडोह, नौलखा-डडोर सर्विस रोड का कार्य अभी तक अधुरा है।

वहीं संयोजक, जोगिंद्र वालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन कि बात में कहते रहे की हम किसानों को चार गुना मुआवजा देंगे और यहां तक नितिन गडकरी हिमाचल में कह गए कि हिमाचल कि पूर्व जयराम सरकार चार गुना की अनुशंसा करती है तो हम चार गुणा मुआवजा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर टाल-मटोल व आना-कानी करते रहे और हिमाचल को 5,000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा।

विक्रमादित्य ने टकोली एवं कनेड में फोरलेन प्रभावित किसानों को आश्वासन दिया है कि अगर उनकी सरकार आती है तो वह केंद्र सरकार से चार गुना मुआवजा दिलवाने में पहल करेंगे।




संबोधित करते हुए भूमि अधिग्रहण मंच के अध्यक्ष बीआर कौंडल।

## सिविल एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन की टीम ने जीता क्रिकेट मैच



विजेता टीम को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

सिविल एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन और बार इलेवन करसोग की टीम के मध्य स्वीप मतदाता जागरूकता फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। फ्रेंडली क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में सिविल एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी को अपने नाम किया।

एसडीएम राजकुमार ने कहा कि क्रिकेट मैच के आयोजन के साथ ही करसोग में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाई जा रही जागरूकता गतिविधियां भी संपन्न हुई।

### सन्नी बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश संयुक्त संयोजक



**मंडी।** सन्नी ईपन को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश संयुक्त संयोजक नियुक्त किया गया है। सन्नी ईपन ने कहा कि प्रतिभा सिंह, अध्यक्ष एचपीसीसी, इमरान प्रतापगढ़ी सांसद राज्यसभा और चेयरमैन एआईसीसी माइनॉरिटी विभाग और इकबाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग ने जो मुझ पर विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

**चुनाव**

### पोलिंग पार्टियों की तैयारी के लिए एसडीएम लक्ष्मण ने की बैठक

# अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी से करवाएं चुनाव

**अनंत ज्ञान, गोहर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नाचन निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने व पोलिंग पार्टी को वोटिंग मटेरियल बांटने, वोटिंग मशीन प्राप्त करने, काउंटिंग-डे को लेकर सभी तैयारी को सुनिश्चित करने हेतु सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में महाविद्यालय बासा में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एसडीएम गोहर में चुनावों के दौरान ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों की जानकारी ली व सेक्टर ऑफिसर तथा उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए चुनाव करवाएं।

नाचन निर्वाचन क्षेत्र के 126 बूथ पोलिंग बूथ पर पोलिंग पार्टियों के मूवमेंट पर पोलिंग पार्टी को दिए जाने वाले मटेरियल ,किट बैग व वोटिंग मशीन तैयार कर लिए गए हैं तथा पोलिंग पार्टियों की मूवमेंट 30 मई को सुबह 8 बजे की जाएगी। बैठक में नायब तहसीलदार निर्वाचन इंद्र सिंह, सेक्टर ऑफिसर व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



वोटिंग के तैयारियों के लिए बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम गोहर।

### 7,788 बुजुर्ग और 2,760 दिव्यांग कर चुके हैं घर से मतदान

**मंडी ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि 12 डी फार्म भरने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग मतदाताओं के घर से वोट डालने की प्रक्रिया के अंतर्गत नाचन और धर्मपुर विधानसभाओं के शत प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है और बल्ह विधानसभा में सबसे अधिक 98.06 प्रतिशत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं ने 27 मई तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।

अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 9232 बुजुर्ग मतदाताओं में से 6303 मतदाताओं घर से मतदान का विकल्प चुना था और जबकि 10990 दिव्यांग मतदाताओं में से 2243 मतदाताओं घर से मतदान का विकल्प चुना था। आवश्यक सेवाओं में तैनात 12 डी भरने वाले 641 मतदाताओं में से भी 390 मतदाता 27 मई तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

## 45 मतदाताओं ने घर से डाला वोट





मोबाइल पोलिंग टीम द्वारा घर द्वार मतदान करवाते हुए, (इनसेट भी)।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम गिरीश समरा ने बताया कि ने बताया कि सभी मोबाइल पोलिंग टीमों ने सातवें दिन यानी मंगलवार को 45 मतदाताओं से मतदान करवाया, इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 21, 10 दिव्यांग और 14 आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत मतदाता शामिल है।

आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत मतदाताओं के लिए किसान हॉस्टल सुंदरनगर में मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। अब तक सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र में कुल 727 मतदाताओं से मतदान करवाया जा चुका है। क्षेत्र में 790 ऐसे मतदाता है जो 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग या आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

मैं सर्विसमैन नंबर 2519612F रैंक सिपाही अर्जुन सिंह पुत्र कश्मीर सिंह गांव खंडहार डाकघर गेहरा तह. सरकाघाट जिला मंडी (एचपी) घोषणा करता हूं कि मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि गलत 31/09/1969 दर्ज है। उनकी सही जन्मतिथि 31/01/1969 और सही नाम कश्मीर सिंह है। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत खणी में करवाया मतदान जागरूकता कार्यक्रम

**भरमौर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत मतदाता प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवन खणी में स्वीप अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों के प्रतिनिधियों के अलावा आशावर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवक मंडलों सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।
कार्यक्रम के दौरान स्वीप नोडल अधिकारी स्वरूप कुमार और क्षेत्र समन्वयक संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने महिला मतदाताओं से आगामी 1 जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने की अपील भी की तथा उन्हें इसके लिए शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने उपस्थित लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

### चुनाव प्रचार अवधि 30 मई शाम 6 बजे होगी समाप्त

**मंडी ।** जिला मजिस्ट्रेट अपूर्व देवगन ने आदेश जारी करते हुए मंडी संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे संसदीय क्षेत्र मंडी के गैर मतदाताओं को उनकी उपस्थिति 30 मई शाम छह बजे से लेकर एक जून, 2024 शाम छह बजे तक या मतदान समाप्ति तक प्रतिबंधित कर दी है। यह आदेश उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अनुपालना करते हुए जारी किए हैं। आदेशों में 30 मई, 2024 को शाम 6 बजे के बाद मतदान समाप्ति तक लाउडस्पीकर के उपयोग, रैली निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।
आदेशों में यह भी कहा गया है कि चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के अलावा कोई भी व्यक्ति को मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में या मतदान केंद्र के भीतर सेल्यूलर फोन, वायरलेस फोन या कोई भी उपकरण जो ध्वनि को बढ़ा सकता है, ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर किसी भी राजनीतिक दल/चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी का बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा।

### निर्वाचन प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका को लेकर डीसी ने की बैठक

# बूथ लेवल अधिकारी अपने कर्तव्य का करें पालन


बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य कर्मी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की भूमिका और कर्तव्यों को लेकर बचत भवन में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चंबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि चूंकि स्थानीय लोगों का इन अधिकारियों के साथ सीधा संवाद रहता है। ऐसे में मतदान प्रक्रिया के महत्व को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों को निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का पालन सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। उन्होंने मतदान के दौरान पोलिंग पार्टियों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की भूमिका और कर्तव्यों को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### लोकतंत्र के महापर्व का सभी को बनना चाहिए हिस्सा

**भरमौर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत विशेष कर महिला मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवन उल्लांसा में स्वीप के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी स्वरूप चंद ने मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए मतदान में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने सभी महिलाओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और उनसे यह भी आह्वान किया कि वह अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें।
कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल ,आशा वर्कर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी और आशा वर्कर व अन्य।

# चुनाव आईकन जसप्रीत पाल ने लोगों को किया जागरूक


लोगों को जागरूक करते जसप्रीत व इनसेट में डीसी सम्मानित करते हुए।

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आइकन जसप्रीत पाल ने 28 मई को चंबा विधानसभा क्षेत्र में साइकिल यात्रा द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए एक जून 2024 को मतदान करने की अपील की। जसप्रीत पाल साइकिल द्वारा चंबा पहुंचे जहां पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने उनका स्वागत किया व उन्हें सम्मानित किया।

जसप्रीत पाल ने बनीखेत से चंबा सड़क मार्ग के विभिन्न स्थानों पर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में मतदान का महत्व समझाते हुए मतदान करने बारे संदेश दिया। इस अवसर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड़ तथा मिलेनियम निजी महाविद्यालय चनेड़ में भी संदेश दिया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रदेश निर्वाचन आईकॉन जसप्रीत पाल का जिला चंबा में साइकिलिंग द्वारा तीन दिवसीय प्रभास कार्यक्रम निश्चित किया है। (अनंत ज्ञान)

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉक्टर और आशा वर्कर।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैहला में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन एमओ इंचार्ज पीएचसी मैहला डॉ. रिश्व की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें ब्लॉक मैहला की आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग चंबा स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर ने आशा कार्यकर्ताओं एवं स्टाफ को जागरूक करते हुए इस दिवस को मनाने के महत्व को समझाया। उन्होने बताया कि हर साल महावारी के दौरान स्वछता बरतने, महावरी के बारे में समाज में उपस्थित गलत धारणाएं एवं कलंक को खत्म करने के लिए एवं लोगों को जागरूक करने के लिए इस दिन का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं में मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक क्रिया है । यह इस बात का संकेत है कि महिला मां बनने के योग्य है वह सृष्टि का सृजन कर सकती है। इसको कलंक समझना या शर्म की बात समझना गलत है ओर समाज से इस प्रकार की धारणाओं को दूर करने के लिए इस विषय पर बिना झिझक के अथवा शर्म के सभी लोगों (स्त्री व पुरुष) को जागरूक करना होगा।

इसके अलावा इस दौरान स्वच्छता अपना कर महिलाओं में होने वाले प्रजजन अंग के संक्रमण अथवा यूरिनरी इंफेक्शन जैसी बिमारियों से बचा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हर माह महिला अपने इन दिनों में स्वच्छ पेड (सेनेटरी नेपकिन) का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश वह इसका उपयोग नहीं कर सकती तो साफ सूती कपड़े का प्रयोग कर सकती है परंतु उसे पुनः प्रयोग करने से पहले उसे धुप में अच्छी तरह सूखा ले। लड़कियां पोष्टीक खाना खाएं ओर यदि पीरियड के दौरान ज्यादा दर्द की शिकायत हो तो गर्म पानी की बोतल को कपड़े में लपेट कर पेट अथवा पीठ पर सेक दें। इस मौके पर डॉ. रिश्व द्वारा भी उपस्थित आशाओं के साथ विस्तार से जानकारी साझा की गई।

### मतदान केंद्र के दायरे में लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध

**मंडी ।** जिला दंडाधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से धारा 144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जानकारी दी कि मंडी जिले में मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मतदान के लिए लाइन में लगे और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को छोड़कर 100 मीटर की दूरी तक 5 से अधिक लोगों के एक साथ एकत्रित तथा चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में अग्नि शस्त्र, घातक हथियार, बैनर, स्टीक लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा । डोर-टू-डोर प्रचार के अलावा इस अवधि में चुनाव प्रचार पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# 1.05 करोड़ के नशीले पदार्थ और राशि बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनावों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार पारदर्शी तथा भयमुक्त बनाए रखने के लिए जिला चंबा में सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं तथा कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जा रहा है। इस कड़ी में जिला के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्तर पर जांच व निगरानी टीमों को लगाया गया है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत जिला में लागू सख्त कानून व्यवस्था की बदौलत अब तक कुल 1 करोड़ 5 लाख 1 हजार 145 की नकदी, मादक पदार्थ तथा अन्य वस्तुएं जब्त की जा चुकीं हैं, जिसमें विधानसभा क्षेत्र भरमौर में 6 लाख 98 हजार 143 रुपए, विधानसभा क्षेत्र भटियात में 13 लाख 49 हजार 583 रुपए, विधानसभा क्षेत्र चंबा में 50 लाख 36 हजार 604 रुपए, विधानसभा क्षेत्र चुराह में 7 लाख 80 हजार 581 रुपए तथा विधानसभा क्षेत्र डलहौजी में 26 लाख 36 हजार 234 रुपए की नकदी, मादक पदार्थ तथा अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं।

जिले में अब तक 20989 लीटर शराब जब्त की गई है। 10.627 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है, जिसकी कीमत 40 लाख 99 हजार 312 रुपए है। इसके अलावा जिला में 3 लाख 86 हजार 800 रुपए की नगदी सहित 1 हजार 185 रुपए की 237 अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई है। भरमौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 लाख 98 हजार 143 रूपए की जब्ती की गई है जिसमें 6 लाख 35 हजार 643 रुपए की 1420 लीटर शराब तथा 62 हजार 500 रुपए की 250 ग्राम ड्रग्स शामिल है। भटियात विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 लाख 49 हजार 583 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें 11 हजार 700 रुपए की नगदी के अलावा 2 लाख 12 हजार 83 रुपए की 529 लीटर शराब तथा 11 लाख 25 हजार 800 रुपए की 2.730 किलोग्राम ड्रग्स शामिल है।

चंबा विधानसभा क्षेत्र में कुल 50 लाख 36 हजार 604 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें 3 लाख 75 हजार 100 रुपए नकद के अलावा 24 लाख 37 हजार 4 रूपए की 6432 लीटर शराब तथा 22 लाख 24 हजार 500 की 7 किलो 338 ग्राम ड्रग्स शामिल है। चुराह विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 लाख 80 हजार 581 रुपए की जब्ती की गई है, जिसमें 7 लाख 80 हजार 356 रूपए की 7431 लीटर शराब तथा 225 रुपए की 45 अन्य वस्तुएं शामिल है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में कुल 26 लाख 36 हजार 234 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें 19 लाख 48 हजार 762 रुपए की 5175 लीटर शराब तथा 6 लाख 86 हजार 512 रुपए की 3.08 किलोग्राम ड्रग्स के अलावा 960 रुपए की 192 अन्य वस्तु में शामिल हैं।

### भाषण प्रतियोगिता में सिया प्रथम

**ज्वालामुखी ।** स्वास्थ्य खंड ज्वालामुखी के अंतर्गत आने वाले नर्सिंग कॉलेज कुंडलिहार में खंड चिकित्सा अधिकारी ज्वालामुखी डॉ. संजय बजाज के आदेशानुसार नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल दीपिका की अध्यक्षता में विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दिवस पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल ने कॉलेज की किशोरियों को मासिकधर्म स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

इस दिवस पर नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता और नाटक भी करवाया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सिया ठाकुर, द्वितीय स्थान पर आकांक्षा और तृतीय स्थान पर अदिति कटोच रही। भाषण प्रतियोगिता और नाटक में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ईनाम दिए गए।

# शिमला में 'विकसित भारत 2047' पर किया विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के पीटर हॉफ में विकसित भारत 2047 विषय पर एक बौद्धिक विचार विमर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुख्य वक्ता के रूप शिरकत की और 2047 के विकसित भारत लक्ष्य को लेकर विचार सांझा किए।

कार्यक्रम में प्रदेश के कई बुद्धिजीवी और छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दुनिया में तेजी से विकास करने वाला देश बन गया है। पिछले 10 वर्षों में भारत में 70 साल की अपेक्षा दोगुना विकास हुआ है। जिसकी बदौलत भारत दुनियां के पांचवी बड़ी अर्थवस्था बन गया है और 2047 भारत विकसित भारत के लक्ष्य को भी हासिल कर लेगा लेकिन इसमें सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

दुनिया के दूसरे देश भी आज भारत की डिजिटलाइजेशन में तरक्की से प्रभावित होते हैं। पिछले दस वर्षों में उज्जवला, आवास योजना सहित अन्य योजनाओं से गरीब तबके का कल्याण हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भी केंद्र सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ लोगों को मिला है। डिजिटल की वजह से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी हैं।

# मतदान जागरूकता वाहन से लोग होंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**


मतदान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते एसडीएम भरमौर।

मतदाता जागरूकता वाहन को लघु सचिवालय पट्टी से एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

इस अवसर पर एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देश के अनुसार ये विशेष मतदाता जागरूकता वाहन भरमौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को एक जून अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ऑडियो एवं विजुअल माध्यम से प्रेरित करेगा । उन्होंने कहा कि यह वाहन चौरासी, पट्टी, हडसर, पूलन और थल्ला व शंकु की टपरी से होते हुए प्रचार- प्रसार करते व मतदाताओं को जागरूक करते हुए आज शाम को वापिस तीसा के लिए रवाना हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि एक जून के दिन होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित करने के लिए गांव में प्रचार वाहन को रवाना किया गया है । उन्होंने बताया कि मतदान केवल एक अधिकार है बल्कि एक नागरिक का कर्तव्य भी है ।सहायक निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विधानसभा क्षेत्र भरमौर के वासियों से 1 जून को मतदान करने का आग्रह भी किया है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मीत कुमार, नायब तहसीलदार इलेक्शन सुनील शर्मा उपस्थित रहे ।

### चार विद्यार्थियों का नामी कंपनी में हुआ चयन

**धर्मशाला ।** पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कॉलेज धर्मशाला में वी-वॉक (वैचलर ऑफ वोकेशनल एजुकेशन) के तहत चलाए जा रहे रिटेल मैनेजमेंट के फाइनल ईयर के आकाश गुलेरिया का चयन आइकॉनिक ब्रांड जालंधर में हुआ है और वहीं छात्रा नितिका का चयन ब्रेंड काजो चंडीगढ़ में हुआ है, जबकि अनित का रिलायंस ट्रेंड्स धर्मशाला मे सालाना पैकेज पर चयन हुआ है।

ऋषि का चयन जैक एंड जॉन्स कांगड़ा में हुआ है। प्रिंसिपल प्रो. राकेश कुमार पठानिया और विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार चौधरी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### अनुपमा सिंह ने 'नेशनल सेवेट फेडरेशन कप 2024' का पोस्टर किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


पोस्टर जारी करते अनुपमा सिंह।

प्रोफेसर अनुपमा सिंह, प्रति कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा मंगलवार को नेशनल सेवेट फेडरेशन कप 2024 का पोस्टर जारी किया।

इस मौके पर सेवेट फ्रेंच बॉक्सिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की महासचिव संतोषी देवी ने मंडी में जुलाई माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सेवेट फ्रेंच बॉक्सिंग फेडरेशन कप 2024 में बतौर मुख्य अतिथि के रूप पधारने के लिए विधिवत रूप से निमंत्रण दिया।अनुपमा सिंह ने निमंत्रण लिए सेवेट फ्रेंच बॉक्सिंग एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया साथी विजय हाई स्कूल मंडी के हरीश कुमार और ऋषव शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत और कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी।

अनुपमा सिंह के अनुसार, मूलभूत सुविधाओं के आभाव में भी इन लड़कों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर न केवल मंडी बल्कि प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है जो हमारे लिए गर्व की बात है।

## सूडोकु 0077 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0076 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# हिमाचल की चारों सीटें भाजपा की झोली में होंगी : गुलाब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर के भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने कहा कि भारत को वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए लोगों का प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अटूट विश्वास है।

उन्होंने कहा कि लोग भारत को विश्व गुरु विश्व शक्ति और एक विकसित भारत बनाने के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं उन्हें मोदी पर पूरी आस्था है। जनता पीएम मोदी को 400 सीटें देने जा रही है, इसमें हिमाचल प्रदेश की चारों व मंडी लोकसभा क्षेत्र की सीट भी है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर की जनता हमेशा भाजपा के पक्ष में मतदान करती आई है।

लोग मंडी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कंगना रनौत को भारी मतों से बढ़त देंगे तथा इस सीट को पीएम मोदी की झोली में डालेंगे पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हुई है, जिसका फायदा समाज का हर वर्ग ले रहा है।

महिलाओं के लिए भी बहुत सारी योजनाएं चलाई है, जिसमें कई योजनाओं से महिलाओं को फायदा हुआ है नारी शक्ति बंधन बिल जिसमें महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का प्रावधान है महिलाओं ने इस बिल को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि 1 जून को ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

# 'मेरा वोट मेरी ताकत' के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डाडा सीबा**

डाडा सीबा पचायत के उप प्रधान पंडित परमेश्वरी दास ने लोकसभा चुनाव 2024 मे मतदान प्रतिशता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानिय पचायत कार्यलय मे एक जागरूकता शिवर का आयोजन किया

उपप्रधान परमेश्वरी दास ने इस दौरान जहां मतदाताओं को मतदान करना कितना जरूरी है, इसका महत्व समझाया तो वहीं मतदान में अधिक से अधिक लोगों कि भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया गया।

उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है तथा इसमें सभी भाग लें और पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। उप प्रधान परमेश्वरी दास ने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे।

**वृषभ:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मागना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोड़ने से बचें।

**मिथुन:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था। आज वे ही मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। अपना डॉक्टर बदलें ।

**कर्क :** स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करना पड़ सकती है।

**सिंह:** बहकावे में आप जल्द आ जाते है। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा।

**कन्या :** कार्य होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**तुला:** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

**वृश्चिक:** अपने हिसाब से जिन्दगी जिना पसंद रहेगा। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे। वे आप का विरोध करेंगे। ववादों का अंत होगा।

**धनु :** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मकर:** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें।

**कुंभ :** सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी को परेशान करना अच्छी बात नही है। मेहमानों की खातिरदारी करनी पड़ेगी।

**मीन:** जल्दबाजी में किए फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

## आज का पंचांग

29 मई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** षष्ठी: (1:42) : **नक्षत्र :** श्रवण (8:39), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** एन्द्र (11:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:18 - 2:02।

### विशेष दिन

- 29 मई 2024 : पंचक आज से होंगे प्रारम्भ।
- 30 मई 2024 : हिंदी पत्रकारिता दिवस कल।

# 300 महिलाओं ने रैली निकाल जागरूक किए वोटर


जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के छौहारा ब्लॉक में क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की लगभग 300 महिलाओं द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। जो ब्लॉक कार्यालय छौहारा से लेकर बाजार होते हुए ग्रीन पार्क तक स्लोगन शॉऊटिंग करते हुई पहुंची । इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोंगों को मतदान के प्रति महिलाओं द्वारा जागरूक करना था। महिलाओं को गोलाई में खड़ा करके मतदान की शपत स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर भरत खेपान ने दिलाई।

एनआरएलएम की क्षेत्रीय समन्वयक शिवांगी व संजीव तेगटा के साथ- साथ एफएसटी इंचार्ज प्रो. नलिन चमन व अशोक कुमार भी स्वीप कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# प्रियंका की चंबा रैली रही फ्लॉप : जय सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


जानकारी देते जय सिंह व अन्य।

जिला चंबा मुख्यालय में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की आयोजित रैली को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने पत्रकारवार्ता कर फ्लॉप करार दिया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेत्री भाजपा पर सरकार तोड़ने का जो आरोप लगा रही है उसकी शुरूआत उनकी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत वर्ष में पहली बार 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 माह तक देश में एमरजेंसी लगाई थी। वहीं देश के बड़े-बड़े नताओं को जेल में डाल दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी दादी को सत्ता की इतनी भूख रही कि उन्होंने सत्ता हथियाने के लिए देश के राष्ट्रपति फकरूदीन अली अहमद से जबरन प्रतिलिपि पर हस्ताक्षर करवाएं गए।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संविधान के अनुछेद 352 की धज्जिया उड़ा कर उसका गलत प्रयोग किया। पूर्व पीएम के इस कार्य से स्पष्ट होगया था कि कांग्रेस पार्टी को सत्ता की भूख रही है। इस आपाताकालीन के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य में तत्काल कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व सांसद शांता कुमार की सरकार को अढ़ाई वर्ष बाद गिरा दिया था। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपा पर सरकार गिराने का जो आरोप लगा रही है उन्हें इस बात इल्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश 25 जून 1975 का दिन कभी नहीं भूला सकता है।

उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य सरकार ने नहीं बल्कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई है। जिसका श्रेय वह मुख्यमंत्री सहित स्वयं ले रहे है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर समझ गई है। जिसका जवाब जनता एक जून को अपने मतदान के माध्यम से देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



**कुल्लू।** एनएचपीसी पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा में स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें स्टूडेंट्स ने एकल उपयोग के पॉलिथीन बैग की रोकथाम पर सामान्य जागरूकता संदेश दिया। संदेश में बताया कि एकल उपयोग के पॉलिथीन बैग कम से कम उपयोग करें, ताकि पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। स्वच्छता पर ध्यान देना हम सभी की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनएचपीसी की ओर से बच्चों को जूट बैग वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में पाठशाला की प्रधानाचार्य कविता कपूर, दीपक कुमार गुप्ता, यशपाल शर्मा एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### पोलिंग पार्टियों को लेकर रवाना हुईं 40 बसें

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू से पोलिंग पार्टियों को लेकर मंगलवार को 40 बसें चारों विधानसभा केंद्रों आनी, बंजार, मनाली और कुल्लू के विभिन्न मतदान केंद्रों की ओर रवाना की गई हैं। इन बसों पर पोलिंग पार्टियों, सुरक्षा कर्मियों और चुनाव सामग्री मतदान केंद्र तक पहुंचाने का जिम्मा रहा। ऐसे में जिलेभर में एचआरटीसी के 50 से अधिक रूट प्रभावित रहे। इस कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी। एचआरटीसी ने ग्रामीण रूटों में कटौती की। लोकसभा चुनाव के चलते हिमाचल पथ परिवहन निगम कुल्लू डिपो की 40 बसें पोलिंग पार्टियों को लेकर रवाना हुई हैं। इस कारण जिले के लोकल रूट प्रभावित रहे। समयसारिणी के अनुसार बसों का संचालन न होने से सवारियों की परेशानी बढ़ीं। बसें न चलने से खासकर विद्यार्थियों, मरीजों और जरूरी कामकाज निपटाने के लिए निकले ग्रामीणों को कई किलोमीटर का पैदल सफर कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। इस संबंध में निगम के मंडलीय अधिकारी डीके नारंग ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को कुल्लू डिपो की 40 बसें बुक की गई थीं। लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने तैयारियां पूरी कर दी हैं। बुधवार से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो जाएंगी।

### प्रवासी मजदूरों का थानों में पंजीकरण करना अनिवार्य

**हमीरपुर।** जिला में रह रहे प्रवासी मजदूरों का थानों में पंजीकरण आधार कार्ड सहित उनके स्थायी पते का होना चाहिए। यही नहीं यह प्रवासी मजदूर मकान किराए पर लेते हैं, तो मकान मालिक के पास इनके आधार कार्ड पर स्थायी पते सहित इसकी कॉपी भी होनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना होने पर इनके स्थायी पते पर पहुंचा जा सके। यह बात प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन, दरिद्र कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार व सर्वहित सुधार सभा के अध्यक्ष ने एएसपी राजेश सिंह को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से कही है। इन सदस्यों का कहना है कि देश का कोई भी नागरिक देश के किसी भी कोने में मजदूरी, नौकरी तथा व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, ताकि वह जहां पर जिस किसी भी किराए के मकान में रहता है, तो मकान मालिक के पास उसके आधार कार्ड की फोटो कॉपी होनी अत्यंत आवश्यक है। उनका कहना है कि प्रवासी किराएदार की स्थायी पते सहित आधार कार्ड की कॉपी अपने पास तब तक रखे, जब तक वह उसके मकान में रहता हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जनहित में इस पर कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है।

### उत्तर प्रदेश के मिस्त्री की कसोल में मौत

**कुल्लू।** मणिकर्ण के कसोल में एक उत्तर प्रदेश के मिस्त्री की मौत हो गई है। मिस्त्री 15 दिन पहले ही घाटी में आया था और कसोल में एक होटल के कार्य में लगा था, परंतु सोमवार से उसे सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। उसके साथी उसे मंगलवार को एक क्लीनिक में दिखाने के लिए लाए थे, लेकिन वह क्लीनिक के बाहर ही बेहोश हो गया। उसके बाद जब डॉक्टर ने चेक किया तो तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान श्रीराम गांव गाल्हिपार, डाक घर पचामा, दुधारा, जिला संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

### पुलिस ने बॉर्डर क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



**केलांग।** आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों की तैयारी में लाहौल-स्पीति पुलिस ने (आईटीबीपी) और गुजरात पुलिस के सहयोग से महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के अंतर्गत एटीआर नॉर्थ पोर्टल, जिस्पा, सरचू, सुमदो, काजा, तिंदी और दारचा अंतर-जिला, अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा, फ्लैग मार्च सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को आश्वस्त करने के लिए अवशक है। लाहौल-स्पीति पुलिस सुरक्षित चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तैयार है।

# लारजी क्रशर प्लांट में हो रहा भूमि कटाव

## टनल के पानी से देवता की मलकीयत भूमि खतरे की जद में, सुरक्षा दीवार लगाने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज घाटी के प्रवेश द्वार लारजी में स्थानीय देवता गर्गाचार्य की मलकियत भूमि पर स्थापित स्टोन क्रशर के साथ भारी मात्रा में भूमि कटाव हो रहा है, जिस कारण देवता गर्गाचार्य की पांच बीघा भूमि खतरे की जद में आ गई है। लिहाजा, देव समाज कमेटी ने ऊर्जा कंपनी एनएचपीसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए भूमि कटाव के उपायों एवं सुरक्षा दीवार लगाने की मांग उठाई है।

देवता गर्गाचार्य के कारदार मेहर सिंह सुमन ने बताया कि देवता कमेटी ने वर्ष-1995 में देवता की मलकीयत भूमि पर स्टोन क्रशर स्थापित किया है और इतने वर्षों में क्रशर प्लांट को कोई भी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन जब से एनएचपीसी ने प्रोजेक्ट की आऊट फाल टनल क्रशर प्लांट के मुहाने पर निकाली है, तब से देवता की भूमि को कटाव के जरिए नुकसान हो रहा है। देवता नाबालिक श्रेणी में आता है, जिस कारण देवता के कारदार को देव समाज के पक्ष में न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ती है। मेहर सिंह कारदार ने बताया कि एनएचपीसी ने प्रोजेक्ट निर्माण के लिए देवता की दस बीघा भूमि पहले ही अधिग्रहित की हुई है और उस भूमि पर बाड़बंदी व सुरक्षा के लिए दीवारें स्थापित की गई हैं, लेकिन हैरानी वाली बात यह है कि परियोजना की टनल से निकलने वाला पानी सीधा देवता की भूमि पर गिर रहा है, जिसके चलते भारी मात्रा में भू- कटाव हो रहा है और देवता की भूमि को नुकसान पहुंच रहा है। देवता के कारदार कुबेर सिंह ने बताया कि एनएचपीसी प्रबंधन हर वर्ष कई स्थानों पर व्यर्थ में पैसा खर्च करता है, लेकिन देव समाज के लिए अभी तक एक भी पैसा खर्च नहीं कर पाया है।



लारजी क्रशर प्लांट में हो रहा भूमि कटाव।

देव समाज से जुड़े लोग महेंद्र सिंह धामी, राम सिंह, भगत राम, भोज राज, शेर सिंह, मोहरसिंह, ध्यान सिंह आदि देव सेवकों ने एनएचपीसी प्रबंधन से मांग की है कि लारजी में स्थापित देवता के क्रशर प्लांट पर सुरक्षा के उपाय के साथ-साथ सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाए, ताकि देवता की मालियत भूमि को कोई आंच न पहुंचे। उधर, इस बारी जब पार्वती परियोजना चरण तीन के प्रभारी प्रकाश चंद से बात की तो उन्होंने बताया कि एनएचपीसी ने वर्ष 2016 में उक्त स्थान पर सैकड़ों क्रेएट वायर की स्थापना की है। एनएचपीसी सामाजिक कार्यों के लिए सदैव अग्रणी है।

# सर्किट हाउस के पास ट्रांसफार्मर जला, 50 हजार रुपए का नुकसान



मनाली के सर्किट हॉउस के पास आग लगने के कारण जला ट्रांसफर।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार को सर्किट हाउस के पास ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने से सर्किट हाउस व आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

सुबह लगभग आठ बजे ट्रांसफार्मर में बड़े जोर का धमाका हुआ। सर्किट हाउस के कर्मचारी ट्रांसफार्मर की ओर भागे। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर ने आग पकड़ ली। सर्किट हाउस के कर्मियों ने अग्निशमन विभाग व विद्युत विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर के पास ही सर्किट हाउस का लकड़ी से बना दो कमरों का भवन है। हालांकि आग से भवन को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन ट्रांसफार्मर को करीब 50 हजार का नुकसान पहुंचा है। विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता पूर्ण ने बताया कि आग लगने से बिजली की सभी तारें जल गई हैं साथ ही ट्रासफार्मर को भी नुकसान पहुंचा है।

# आज कुल्लू के ढालपुर मैदान में गरजेंगी प्रियंका गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी आज कुल्लू के ढालपुर मैदान में गरजेंगी। कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में 29 मई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुल्लू में आयोजित होने जा रहे विशाल जनसमूह को संबोधित करेंगी।

ढालपुर मैदान में प्रियंका गांधी की जनसभा को लेकर जहां तैयारियां पूरी हैं, वहीं सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद है। सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने स्वयं ही ढालपुर मैदान में विशाल जनसभा के लिए बनाए जा रहे पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं को निरीक्षण किया। सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रियंका गांधी की विशाल जनसभा में कुल्लू जिले के तीनों मंडलों से करीब 15000 लोग ढालपुर मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के प्रचार-प्रसार के लिए प्रियंका गांधी ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में पार्टी के कार्यकर्ताओं और विशाल जनसमूह को संबोधित कर अपनी बात रखेंगी साथ ही विक्रमादित्य सिंह के लिए जनता से मतदान की अपील भी करेंगी।

**जनसभा को लेकर जहां तैयारियां पूरी, वहीं सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद**

# हिमाचल की जनता कांग्रेस के न्याय और गारंटियों के साथ : अमृत गिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय समन्वयक अमृत गिल ने कहा कि भाजपा साउथ से साफ, नॉर्थ में हाफ और चार जून को पूरी तरफ से साफ हो जाएगी।

प्रेस भवन कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय समन्वयक अमृत गिल ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह बहुत ही मजबूत हैं और प्रदेश में भी कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। हिमाचल की जनता कांग्रेस के न्याय और गारंटियों के साथ है। प्रदेश के लोग सुक्खू की सरकार से बहुत खुश हैं और इस बार मंडी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह जितने जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा की नीतियों के बारे बोलते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा रिजर्वेशन विरोधी है और भाजपा देश की जनता को गुमराह कर देश में नफरती माहौल तैयार कर रही है, जिसे लोग पसंद नहीं कर पा रहे हैं। देश की जनता आज मंहगाई ओर बेरोजगारी से त्रस्त है और साथ ही युवाओं के लिए चलाई गई अग्निवीर योजना भी युवाओं के साथ किया गया खिलवाड़ है। इस दौरान उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी कंगना पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि कंगना रनौत के नफरती भाषण और व्यवहार से जनता भली-भांति परिचित हो चुकी है। एक तरफ नफरत का बाजार है, वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो अभियान के दौरान देश मे करीब 4 हजार किलोमीटर की यात्रा की और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान करीब 6 हजार किलोमीटर की यात्रा कर सभी को जोड़ने का कार्य किया।




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय समन्वयक पत्रकार वार्ता को संबोधित करती हुई।

# पार्वती नदी में गिरा गुजरात का पर्यटक, मौत

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में गुजरात के एक पर्यटक की पार्वती नदी में गिरने के कारण मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कुल्लू अस्पताल लाया और परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार मंगलवार को मणिकर्ण घाटी के जरी स्थित चौहकी के पास गुजरात का युवक सोहम शाह पैर फिसलने से पार्वती नदी में गिर गया। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी है और उनके पहुंचने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोदी ने सिर्फ लगाई वोट की गुहार: पटियाल

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार मांडव ऋषि की तपोस्थली मंडी आए और हिमाचल की त्रासदी की पीड़ा तो छोड़िए, बल्कि मंडी संसदीय क्षेत्र को विकास के पथ पर कैसे ले जाना है, इस पर कोई विजन नहीं रखा। हर बार की तरह इस बार भी सिर्फ वोट की गुहार लगाई।

आपदा से त्रस्त मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता के जख्मों पर मरहम लगाना तो दूर की बात है, बल्कि जिक्र तक नहीं किया। ये बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की अपनी तर्ज पर प्रधानमंत्री ने आपदा प्रबंधन के लिए सभी राज्यों को दी जाने वाली परंपरागत राशि में भी घोटाले का आरोप प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जड़ा। आपदा में हिमाचल के लोगों को लावारिस छोड़ने वाले भाजपाई हर मोर्चे पर जनता के साथ खड़ी कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए दुष्प्रचार कर रही है। इंदु पटियाल ने कहा कि ये अति खेदजनक है कि देश के शीर्ष पदों पर बैठे भाजपा नेतृत्व केवल मात्र चुनावी लाभ अर्जित करने के लिए दुष्प्रचार करें और अपने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आपदा में हिमाचल के मुख्यमंत्री के निर्देशों पर समस्त विधायकों, मंत्रियों, नेताओं और कांग्रेस कमेटियों ने आपदा राहत कमेटी के रूप में जनता के बीच रह कर सजग, सहयोगी भूमिका निभाई है।

**सुक्खू ने 51 लाख की राशि की प्रदान**

मुख्यमंत्री राहत कोष की स्थापना कर 4500 करोड़ का राहत पैकेज जारी कर प्रभावित परिवारों को आवंटन किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने अपनी कुल जमा पूंजी 51 लाख की राशि भी दान की। प्रभावितों को राहत राशि और मुआवजा राशि तीन गुणा बढ़ाई और तीन माह तक मुफ्त राशन के साथ मकान का किराया भी अदा किया। अवैध खोखा मालिकों को भी समान राहत प्रदान की। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कर हिमाचल को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर विशेष राहत पैकेज जारी करने की गुहार लगाई, किंतु मोदी ने सुनवाई न की।

# लोकसभा चुनाव में आनी के 89673 मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 25 आनी आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार आनी चुनाव विभाग की ओर से तैयारियां जोरों से शुरू की दी गई हैं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मंडी संसदीय सीट के लिए 25 आनी आरक्षित विधानसभा क्षेत्र के कुल 89, 673 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 45643 पुरुष तथा 44030 महिला मतदाता शामिल हैं और इनमें 2906 नए युवा मतदाता शामिल हैं। मतदान की प्रक्रिया भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ईबीएम की ओर से निभाई जाएगी, जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग मतदाताओं की वोटिंग पोस्टल बैलेट के द्वारा गत 21 मई से 27 मई तक पोलिंग पार्टियों की ओर से घर-घर जाकर करवा ली गई है।



**145 मतदान केंद्र स्थापित**

एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान मतदान की प्रक्रिया को पूरी पारदर्षिता व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आनी में कुल 145 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। चुनाव की प्रक्रिया प्रातः सात से सायं 6 बजे तक निभाई जाएगी और चुनाव के दौरान पूरी चौकसी व सतर्कता बरती जाएगी।

# विक्रमादित्य की घोषणा के आधार पर समर्थन करेगी समिति : दिनेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

फोरलेन संघर्ष समिति जिला कुल्लू के प्रभावितों एवं विस्थापितों की बैठक संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में देवधाम कांप्लेक्स बाशिंग में आयोजित हुई।

बैठक का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी दी कि वर्तमान लोकसभा के मद्देनजर संघर्ष समिति का संपर्क कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह व भाजपा के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद सिंह ठाकुर से हुआ, लेकिन गोविंद ने आनाकानी करते हुए इस मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ दिया, जबकि विक्रमादित्य ने गत दिनों अपने कुल्लू प्रवास के दौरान इस विषय पर विभिन्न जनसभाओं के दौरान अपने संबोधन में फोरलेन संघर्ष समिति को भविष्य में अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। इस विषय को भाजपा तथा कांग्रेस दोनों दलों ने अपने-2017 के विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में सम्मिलित किया था। 2022 तक प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने व इस समस्या के समाधान के बारे गठित राजकीय समिति के अध्यक्ष तत्कालीन मंत्री गोविंद ठाकुर को बनाया गया था, कई बार अधिकारियों व संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठकों के बावजूद भी सरकार की ओर से परिणाम शून्य रहा।



फोरलेन संघर्ष समिति के प्रभावितों एवं विस्थापितों की बैठक के दौरान चर्चा करते सदस्य।

# पुलिस कर्मी और ड्राइवर-कंडक्टर 29 से 31 तक करेंगे वोटिंग

**हमीरपुर।** एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि मतदान ड्यूटी पर तैनात होने वाले हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पुलिस कर्मचारियों, होमगार्ड, ड्राइवरों, कंडक्टरों, वीडियोग्राफरों और अन्य कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान हेतु एसडीएम कार्यालय परिसर के कोर्ट रूम में फेसिलिटेशन सेंटर (सुविधा केंद्र) स्थापित किया गया है। ये कर्मचारी इस सुविधा केंद्र पर 29, 30 और 31 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

# एवरेस्ट फतह कर इतिहास रचने वाली रमा पहुंची मनाली

**कमलेश वर्मा, मनाली**

विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर इतिहास रचने वाली मनाली की बेटी पर्वतारोही रमा ठाकुर मंगलवार को अपने घर मनाली पहुंची।

उन्होंने मनली में जैसे ही कदम रखा, वैसे ही परिजनों व लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पुष्प गुच्छ तथा फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। घर पहुंचने पर उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इतनी बड़ी सफलता हासिल कर मनाली अपने घर लौटने पर रमा को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। रमा ने माल रोड में माता दुर्गा मंदिर पहुंचकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। रमा ने बताया कि माउंट एवरेस्ट के टॉप पर सबसे पहले जब कदम रखा, तो बहुत खुशी हुई। इतने सालों से की मेहनत अब पूरी हुई है। माउंट एवरेस्ट फतह करने के बाद मुझे बहुत ही अच्छा लगा साथ ही साथ खुद पर गर्व भी हुआ कि 37 साल की उम्र में जो सोचा उसे करके दिखाया है। मेरे से प्रभावित होकर आने वाले समय में बेटियां धूम मचाएंगी। रमा ने बताया कि वह 23 मई को माउंट एवरेस्ट के टॉप पर पहुंची। पहुंचते ही तिरंगा फहराया साथी ही बेटी बचाओ का परचम फहराते हुए दुनिया को महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। उनका यह अभियान करीब 44 दिनों तक चला। उन्होंने बताया कि अपनों के प्यार स्नेह, हिम्मत और सभी के समर्थन से इतिहास रचने में सफल हुई हूं।




माउंट एवरेस्ट फतह कर इतिहास रचने वाली मनाली की बेटी पर्वतारोही रमा।

**37 साल की उम्र में फतह किया माउंट एवरेस्ट**

पर्वतारोहण के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल कर चुकी मनाली की रमा ने माउंट एवरेस्ट फतह कर लिया है। रमा ने 20 अप्रैल को पर्वतारोहण शुरू किया था और बेस कैंप पहुंच गई थी। इसके बाद उन्होंने एवरेस्ट की ओर कदम बढ़ाए। रमा अपने सभी प्रयासों के बावजूद माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाल सरकार को रॉयल्टी के रूप में दी जाने वाली 23 लाख की रकम नहीं जुटा पाई थीं। उसने सामाजिक संस्थाओं से भी मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद वह एवरेस्ट फतह करने निकली थी।

**परेशानी** ग्रामीणों ने विभाग पर लगाया गांव के साथ भेदभाव करने का आरोप, लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा

# कमांद गांव 11 महीनों से बस सेवा से महरूम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिले के खड़ीहार पंचायत के अंतर्गत आने वाले कमांद गांव के ग्रामीण पिछले 11 महीनों से गांव में बस सेवा को बहाल होते देखने का इंतजार कर रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कमांद गांव के पूर्व प्रधान जगत राम ने बताया कि गांव के सभी ग्रामीण पिछले 11 महीनों से गांव के लिए होने वाली बस सेवा से महरूम हैं, जिस कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो चुका है। जगत राम ने बताया कि 11 महीने पहले सड़क का डंगा गिर गया था, जिसे संबंधित विभाग द्वारा अब तक अनदेखा कर उसी हालात पर छोड़ दिया गया है। सड़क पर डंगा गिरने की वजह से गांव के लिए पिछले 11 महीनों से अब तक कोई बस सेवा नहीं आ पाई है। वर्तमान में कमांद गांव से तीन किलोमीटर पीछे तक ही छोटे वाहन जा पा रहे हैं, जिस कारण ग्रामीण परेशान हैं। इस बारे में संबंधित विभाग से 2-3 बार शिकायत कर गांव की सड़क को दुरुस्त करने के बारे मांग की मगर इस पर अब तक कोई कार्य नहीं किया गया। सड़क का डंगा गिरने के साथ-साथ सड़क की टारिंग भी पूरी तरह से उखड़ चुकी है, जिस पर भी विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है। जगत के अनुसार गांव के बच्चे जो गांव के 6 किलोमीटर दूर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलोगी में पढ़ते हैं उन्हें हर रोज सड़क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कमांद गांव की आबादी करीब 300 से 400 तक है और ऐसे में सड़क की समस्या के चलते पिछले 11 महीनों से ग्रामीणों को हर रोज आवाजाही के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कमांद गांव के जगत राम, पृथ्वी सिंह, हीरा लाल, मान चंद, लाल चंद, रोशन लाल, तारा चंद, सुख चंद ओर शाम चंद ने बताया कि संबंधित विभाग को समस्या के बारे में अवगत करवाने के बावजूद भी विभाग लगातार ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ ही महीनों में बागवानों का सीजन शुरू होने वाला है, ऐसे में अगर अब भी ग्रामीणों की मांग को अनसुना किया गया, तो आने वाले समय मे ग्रामीणों को होने वाले नुकसान की भरपाई कौन करेगा। (अनंत ज्ञान)



खड़ीहार पंचायत के अंतर्गत आने वाले कमांद के लिए जाने वाली खस्ताहाल सड़क।

# योग से मतदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में तांदी संगम के वामतट पर जिला आयुष विभाग ने योगाभ्यास के द्वारा स्वस्थ चित्त योग से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और योग अभ्यास में भी भाग लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के प्रति जानकारी देते हुए कहा कि वोट देना सफल लोकतंत्र के लिए जरूरी है, सभी वोट देकर लोकतंत्र में भागीदारी दें। योगाभ्यास में आए सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए सभी मतदाता एक जून को मतदान करें तथा अपने बड़े भाई-बहनों, मित्रों सहित मतदान करने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेने को प्रेरित करें। योगाभ्यास के उपरांत संभागियों ने मतदान की आवश्यकता एवं महत्व संबंधी परिचर्चा की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत केलांग मुख्यालय में उपायुक्त कार्यालय परिसर से उपायुक्त ने स्टूडेंट्स की जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने केलांग बाजार में स्लोगन के जरिए मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए जागरूक किया।



लाहौल स्थित तांदी संगम के वामतट पर योगाभ्यास के द्वारा स्वस्थ चित्त योग से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देते डीसी सहित अन्य अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 बोतलें अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत गांव टांग निचली में एक व्यक्ति से करीब 24 बोतलें अंग्रेजी शराब की बरामद कर मामला दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार आगामी चुनाव के मद्देनजर गठित टीम की ओर से नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति पुनीत कुमार की गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें 24 बोतलें अंग्रेजी शराब की अवैध रूप से रखी हुई पाई गईं। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आगामी करवाई शुरू कर दी है।

### मतदान में शत-प्रतिशत सहभागिता का किया आह्वान

**सोलन।** कोठी देवरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा डॉ. जगदीश चंद नेगी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने उपस्थित जनों से मतदान में शत-प्रतिशत सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने वहां उपस्थित युवाओं में गाने के माध्यम से जोश भरा तथा निर्वाचन विभाग का संदेश साझा करते हुए स्वीप गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. बीएन कमल ने एक-एक वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### अमर शहीद शेर सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित



**पांवटा साहिब।** शहीद के पैतृक गांव सूरजपुर स्थित शहीद शेर सिंह के शहीद स्मारक पर प्रातः 10 बजे भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र तथा परिवार के सदस्यों ने मुख्यातिथि तहसीलदार पांवटा साहिब, उद्योगपति दीपक गोयल की उपस्थिति में अमर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व शहीद की पत्नी वीना देवी व परिवार के सदस्यों ने शहीद स्मारक स्थल पर पूजा एवं यज्ञ करवाया। शहीद शेर सिंह के स्मृति स्थल की देखरेख की जिम्मेदारी स्वेच्छा से तिरुपति फार्मा ग्रुप के पास है। तहसीलदार पांवटा साहिब दीपक गोयल ने परिवार तथा भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर तिरंगा फेहराया।

### वोट डालना अधिकार नहीं, महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**बीबीएन।** नालागढ़ क्षेत्र की स्वीप टीम ने दभोटा स्कूल में एक विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. नरेश ठाकुर ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की नींव मतदान पर टिकी हुई है। वोट डालना केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। हर एक वोट हमारे समाज की सामूहिक आवाज को सशक्त बनाता है और हमें अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी एक छोटी सी क्रिया, एक बड़ा बदलाव ला सकती है। अपने अधिकारों का सही उपयोग करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। स्वीप टीम के सदस्य रवि नंदन शुक्ला व देवेश शर्मा ने छात्रों का आह्वान किया कि वे अपने परिजनों और दोस्तों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तिलक राज प्रवक्ता चरणजीत कौर, हरदेव सिंह, वनिता शर्मा, वीना कुमारी आदि मौजूद रहे।

### बिशु मेला शिरगुल देवता की छड़ी यात्रा के साथ आरंभ



**राजगढ़।** ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पारंपरिक व दशकों से आयोजित होने वाले बिशू मेला गेलियो नौहराधार शिरगुल देवता की पारंपरिक छड़ी यात्रा के साथ आरंभ हो गया। यह मेला तीन पंचायत नौहराधार, देवना धलगा व देवामानल पंचायतों के लोगों के सहयोग से सामूहिक रुप से आयोजित किया जाता है। यह जानकारी देते हुए मेला कमेटी अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि पारंपरिक वाद्ययंत्रों की देव धुनों के साथ शिरगुल महाराज की छड़ी गेलियो में स्थित शिरगुल महाराज के मंदिर के लिए रवाना हुई। इस छड़ी यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। छड़ी स्थापित होने के बाद देव आज्ञा से मेले का शुभारंभ किया गया।

### स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी जाएंगी मशीनें

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान 50-अर्की, 53-सोलन व 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मतदान मशीनों (ईवीएम व वीवीपैट) को राजकीय महाविद्यालय सोलन में स्थापित स्ट्रांग रूम तथा 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मशीनों को राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में स्थापित स्ट्रांग रूम में मतगणना के लिए रखा जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार उक्त स्ट्रांग रूमों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे की लाइव फुटेज राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उन्हें आवंटित कमरे में उपलब्ध करवाई जाएगी।

# एमसी ने पानी की बचत के लिए निर्माण कार्य पर लगाई रोक

## एक महीने तक भवन निर्माण के लिए प्रयोग नहीं कर पाएंगे निगम का पानी, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भीषण गर्मी से सूखते पेयजल स्रोत से नगर निगम सोलन को जल शक्ति विभाग से शहर की प्यास बुझाने के लिए मांग का 50 से 60 फीसदी पानी मिल रहा है। खपत बढ़ने के कारण उपभोक्ताओं को अब 4 से 5 दिन बाद पानी मिल रहा है।

पानी की बचत और फिजूलखर्ची रोकने के लिए नगर निगम ने अब कड़े फैसले लेते हुए निजी भवन निर्माण और अन्य छोटे-बड़े निर्माण पर फिलहाल एक महीने तक रोक लगा दी है। इसके तहत अब निर्माण कार्य के लिए नगर निगम का पानी प्रयोग नहीं किया जाएगा। वहीं, शिकायत मिलने पर पानी का कनेक्शन और जुर्माना भी हो सकता है। यदि किसी को निर्माण कार्य करना ही है, तो उसे अपने स्तर पर पानी का इंतजाम करना होगा। इसके लिए बाकायदा निगम को सूचित करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### पाइप लाइन फटने से दिन भर व्यर्थ बहता रहा पानी

**सोलन।** एक तरफ नगर निगम पानी की कमी का रोना रो रहा है, लेकिन शहर के कई हिस्सों में लगातार पानी के लीकेज हो रही है, जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है पर नगर निगम समय रहते पाइप लाइन की मरम्मत नहीं कर पा रहा। बताया जा रहा कि सपरून में एक मोबाइल कंपनी ने फाइबर लाइन बिछाने को सड़क की खुदाई की है, जिससे पानी की पाइन लाइन डेमेज हो गई। मंगलवार को यहां दिन भर पानी की लीकेज चलती रही पर निगम ने इसकी सुध नहीं ली।



नगर निगम कार्यालय सोलन।



जल शक्ति विभाग से नगर निगम को प्रतिदिन फिलहाल 50 से 60 लाख लीटर पानी सप्लाई हो रहा है, जबकि जरूरत 90 लाख लीटर की है। निगम ने पानी बचत के लिए निजी भवनों और अन्य निर्माण कार्य पर रोक लगाई है। साथ ही लोगों से पेयजल बचत की अपील है।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### धर्मपुर और कसौली की पंचायतों में एक महीने से पानी की समस्या विकराल

धर्मपुर और कसौली की दर्जन पंचायतों में पिछले एक महीने से जल संकट चल रहा है। पंचायतों में अब टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन प्रभावशाली लोगों को तो टैंकर से पानी पहुंचा रहा है पर ग्रामीण में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि पहले पानी की सप्लाई पांच दिन बाद आती थी, उसके बात सात दिन बाद पर अब तो हद हो गई अब विभाग नौ दिन बाद पानी की सप्लाई दे रहा है, जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में धर्मपुर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धर्मपुर स्थित ड़गरोह पेयजल स्कीम में पानी की भारी कमी हो गई है। ड़गरोह खड्ड में बारिश न होने के कारण पानी में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आ गई गई है। उनका कहना है कि इस योजना से रोज एक से डेढ़ लाख लीटर पानी ही उठाया जा रहा है, जबकि धर्मपुर क्षेत्र में 10 लाख लीटर पानी की जरूर होती है। इस मांग को पूरा करने के लिए फिलहाल गिरि पेयजल योजना से धर्मपुर को पानी की सप्लाई हो रही थी, जिससे जैसे-तैसे करके काम चलाया जा रहा है।

### लगातार घट रहा पेयजल स्रोतों का जलस्तर

जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की मानें तो पिछले 20 से 25 दिनों से गिरि और अश्विनी नदी में पानी का जल स्तर कम हुआ है, जिसकी वजह से पानी की दिक्कत पेश आ रही है। गिरि और अश्विनी नदी सहित धर्मपुर-कसौली की छोटी पेयजल योजनाओं का जलस्तर स्तर कम होने से जहां नगर निगम को जल शक्ति विभाग से मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है, वहीं धर्मपुर-कसौली में उत्पन्न हुए पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। दरअसल सोलन शहर की प्यास बुझाने वाली गिरि पेयजल योजना से इन दिनों धर्मपुर-कसौली के लिए पानी की सप्लाई दी जा रही है। इसका सीधा असर सोलन शहर पर पड़ रहा है। मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से नगर निगम शहर वासियों को सप्ताह में एक बार पानी मिल रहा है। बताया यह जा रहा है कि गिरि और अश्विनी पेयजल योजनाओं में पानी की मात्रा कम होने के बावजूद धर्मपुर और कुमारहट्टी में गिरि पेयजल योजनाओं से पानी की सप्लाई दी जा रही है। उसकी वजह से भी सोलन शहर में पानी का संकट चल रहा है।

# सोलन जिले को टमाटर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट का इंतजार

## प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक कर चुके प्रोसेसिंग यूनिट की वकालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सिटी ऑफ रेड गोल्ड नाम से मशहूर सोलन को राजनेताओं की घोषणाओं के बावजूद आज तक टमाटर पर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं मिल पाया।

प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सोलन में टमाटर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की वकालत कर चुके हैं पर चुनाव होते ही सारी घोषणाएं हवा-हवाई हो जाती हैं। अमूमन हर चुनाव में किसान का वोट हासिल करने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट के सपने दिखाए, जो सपने ही बन कर रह गए। 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी ने ठोडो ग्राउंड की जनसभा में इसी मुद्दे को फिर से हरा किया था, लेकिन आज तक जिले का किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है।



सोलन-सिरमौर के किसानों को टमाटर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए किसान सभा से लेकर अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मांग बुलंद की गई पर राजनीतिक पार्टियों को वोट लेने के समय ही प्रोसेसिंग यूनिट की याद आती है।

**विकास ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान।**

### तीन जिलों में अधिक पैदावार

**प्रदेश** के कुल टमाटर उत्पादन का 40 फीसदी से अधिक टमाटर अकेले सोलन जिले में पैदा होता है। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र के जिला सिरमौर का योगदान कुल उत्पादन का करीब 30 फीसद है। यही वजह है कि कई वर्ष से टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट की मांग इस संसदीय क्षेत्र में की जा रही है। हैरानी की बात है कि तीन दशक बीत गए, लेकिन यह मुद्दा वहीं का वहीं अटका है। जिला सोलन व सिरमौर के किसानों की आर्थिक रीढ़ माना जाने वाला लाल सोना यानी टमाटर आज भी मंडियों में बिकने तक ही सीमित है। कम उत्पादन पर तो किसानों को टमाटर का उचित मूल्य मिल जाता है, लेकिन जब एक साथ टमाटर की पैदावार होती है, तो किसानों को लागत मूल्य से भी कम दाम में टमाटर बेचने पर विवश होना पड़ता है। करीब दो दशक से जिले में टमाटर पर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणाओं को किसान सुनता आ रहा है, लेकिन आज तक इस यूनिट को लगाने के लिए किसी ने पहल नहीं की।

### समर्थन मूल्य नहीं तय

टमाटर उत्पादकों को अब भी टमाटर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट का इंतजार है। जिले को न तो संयंत्र मिला और न ही टमाटर का समर्थन मूल्य तय हुआ। हालांकि लंबे समय से विभिन्न किसान संगठन इसकी मांग करते आ रहे हैं, लेकिन बात कभी आश्वासन से आगे नहीं बढ़ी। वर्तमान राजनीतिक दलों ने इस दिशा में पहल करने की बात कह चुके हैं पर हकीकत यह है कि चुनाव के बाद इस विषय पर कभी सार्थक चर्चा तक नहीं होती न सांसद और न ही स्थानीय मंत्रियों व विधायकों ने कभी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की जहमत समझी।



**सोलन** में करीब दो दशक से टमाटर पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट की बाते हो रही है पर आज तक न योजना बनी न जमीन का चयन हुआ।

**कपिल मेहता, उन्नत किसान, सोलन।**

**टमाटर** आधारित प्रोसेसिंग यूनिट के लिए जमीन का चयन किया जाना है। फिलहाल उपयुक्त जमीन नहीं मिली है।

**रविंद्र शर्मा, सचिव, एपीएमसी, सोलन।**

### कुष्ठ रोगियों के लिए सहायक मतदान केंद्र होगा स्थापित

**सोलन।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कसौली नारायण सिंह चौहान ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत ऐसे मतदान केंद्र जहां पर वृद्धाश्रम, कुष्ठ रोग अस्पताल आते हैं, वहां पर सहायक मतदान केंद्र स्थापित किया जाना है।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोगियों को मतदान की सुविधा के लिए सोलन जिले के 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 27(ए)-ढिल्लों सहायक मतदान केंद्र लोहांजी स्थित क्षेत्रीय कुष्ठ रोग अस्पताल में स्थापित करने के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति प्रदान की है।

### अवैध लकड़ी से भरे 2 ट्रैक्टर पकड़े

**पांवटा साहिब।** सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के खंभानगर में वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बता दें वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी से भरे दो ट्रैक्टर पकड़े हैं। विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टरों को जब्त कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को सूचना मिली कि गिरिनगर की तरफ ट्रैक्टर में अवैध रूप से लकड़ी लाई जा रही है। सूचना मिलने के तुरंत बाद विभाग की टीम ने गिरिनगर के खंभानगर में नाकाबंदी की। इस दौरान 2 ट्रैक्टरों को जांच के लिए रुकवाया। दोनों ट्रैक्टर लकड़ी से भरे हुए थे। वन विभाग की टीम ने जब ट्रैक्टर चालकों से लकड़ी से संबंधित कागजात मांगे, तो दोनों ट्रैक्टरों के चालक कोई भी कागजात नहीं दिखा सके। वन विभाग पांवटा साहिब के डीएफओ ऐश्वर्य राज ने मामले की पुष्टि की है।

# भीषण गर्मी के चलते पांवटा साहिब में तीन दिन स्कूल बंद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने पांवटा साहिब उपमंडल में भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी सार्वजनिक व निजी विद्यालयों को 29 से 31 मई तक जनहित में बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

आदेशों के अनुसार उपमंडल पांवटा साहिब के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में संचालित सभी सार्वजनिक व निजी विद्यालयों को 29 से 31 मई तक बंद रखा जाएगा। इन आदेशों की अनुपालन उपनिदेशक उच्च शिक्षा तथा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सिरमौर की ओर से सुनिश्चित की जाएगी। आदेशों में बताया कि जिले के विभिन्न भागों में असामान्य रूप से गर्म हीट वेव के रूप में जानी जाने वाली स्थितियां देखी गई हैं, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। साथ ही मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में हीट वेव की स्थिति का पूर्वानुमान लगाया है। पांवटा में 45 डिग्री तापमान पहुंचा।

### पांवटा में 45 डिग्री पहुंचा तापमान

जिले के अन्य भागों की भांति उपमंडल पांवटा साहिब में भी पिछले दो-तीन दिनों से अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इस उपमंडल के क्षेत्राधिकार में भीषण गर्मी के कारण तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है। इस प्रतिकूल और कठोर गर्म मौसम के कारण क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक व निजी विद्यालयों के छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण जनहित में 29 से 31 मई तक स्कूलों को बंद किया गया है।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण : मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश में जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस की रैली के दौरान लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का जिस तरह से अपमान हुआ, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।



सिरमौर भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि वह स्वयं भी 38 वर्षों तक सूचना जनसंपर्क विभाग में कार्य करते हुए मीडिया के साथ जुड़े रहे और जिस तरह से कांग्रेस की रैली में न केवल मीडिया के लिए बैठने की उचित व्यवस्था ही नहीं थी, बल्कि राहुल गांधी की ओर से लगभग आधे घंटे तक मीडिया को बिकाऊ करार देते हुए अपमानित करते रहे। कांग्रेसी नेताओं को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान करना शोभा नहीं देता। मीडिया हमेशा देश में लोकतंत्र की मजबूत कड़ी रहा है और मीडिया का अपमान करना राष्ट्र का अपमान है और इसे इस तरह से बिकाऊ करार देना कांग्रेसी नेताओं की घटिया मानसिकता को दर्शाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कभी कांग्रेसी नेता देश की जानी-मानी अभिनेत्री और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत जैसी पद्मश्री सम्मान से अलंकृत महिला को बिकाऊ बताकर महिला शक्ति का अपमान करते हैं और अब पत्रकारों को भी बिकाऊ बताकर राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मीडिया के बारे में अनाप-शनाप टिप्पणी कर रहे हैं।

### गीत से मतदान का दिया संदेश

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में पहली जून को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम अर्की ने सूरजपुर स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती और सुदृढ़ता के लिए जागरूक मतदाता की अहम भूमिका रहती है। इसलिए मतदान वाले दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें क्योंकि आपका मत आपकी ताकत और आवाज है। योगेश ने मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया।

# शूलिनी मेले में लोक कलाकारों को पारंपरिक परिधानों में ही देनी होगी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मां शूलिनी मेला-2024 की प्रथम बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोक संस्कृति तथा उभरते हुए कलाकारों को बड़े स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा।



मां शूलिनी मेले के आयोजन को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी अजय यादव।

मां शूलिनी मेले के लिए गठित सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संगीत अथवा नृत्य विधा में पारंगत कलाकारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इस बारे में उन्हें अपने आवेदन के साथ संबंधित कला अथवा विधा के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी। सभी लोक कलाकारों को मंच पर अपनी प्रस्तुति पारंपरिक परिधानों में ही देनी होगी। समिति ने मुख्य कलाकारों के चयन के लिए सुविख्यात एवं नए कलाकारों को सूचीबद्ध करने पर भी चर्चा की। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि सोलन की संस्कृति को उभारने के लिए प्राचीन लोक नृत्य एवं लोक गायन से जुड़े स्थानीय कलाकारों एवं सांस्कृतिक दलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त लोक वाद्यों एवं लोक नृत्य करयाला की प्रस्तुति की संभावनाएं तलाशने के लिए जिला भाषा, कला संस्कृति अधिकारी को निर्देश दिए गए।

# एंबुलेंस में ईएमटी विनोद ने किया महिला का सफल प्रसव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऋषिता पत्नी रंजीत उम्र 20 साल गांव, डाकघर मंझोली तहसील कुपवी जिला शिमला का आज प्रात 05:39 पर हरिपुरधार (सिरमौर) स्थित 108 एंबुलेंस पर कॉल आया कि यहां पर महिला को तेज प्रसव पीड़ा हो रही हैं।

ईएमटी विनोद पायलट रमेश को यह जिम्मा मिला और मंझोली के लिए अपनी टीम के साथ रवाना हुए, तो वहां पहुंच कर पाया कि महिला की प्रसव पीड़ा और बढ़ती जा रही थी। हालात नाजुक थे। ईएमटी विनोद ने मरीज का चेकअप किया और जांच में पाया कि स्थिति नाजुक बनी हैं। ईएमटी विनोद ने डॉक्टर एके एंथल से संपर्क किया और उनसे बात करके महिला की कंडीशन डॉक्टर को बताई कि बच्चे की नाल गले में लिपट हुई थी। डॉक्टर से सलाह लेकर ईएमटी विनोद ने एंबुलेंस के अंदर ही सफल प्रसव करवाने का निर्णय लिया तथा 07:21 पर सफल प्रसव करवाया। ईएमटी विनोद का कहना है कि पहाड़ में आज भी स्वास्थ्य जैसी सुविधा से लोग वंचित रहते और कई बार जान भी गंवानी पड़ती है, जिस चलते पहाड़ों में 108 एंबुलेंस सर्विस गरीबों के लिए वरदान साबित होती है।



### ग्रीन हिल्स कॉलेज कुमारहट्टी में नेशनल कूडो चैंपियनशिप आयोजित

# हिमाचली खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से ग्रीन हिल्स कॉलेज कुमारहट्टी सोलन में आयोजित नेशनल कूडो चैंपियनशिप में हिमाचल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कई पदकों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के पहले दिन 7 वर्ष से कम आयु वर्ग में हनाया जसवाल ने स्वर्ण पदक जीता।





चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले सोलन के खिलाड़ी।

9 वर्ष से कम आयु वर्ग में वंशिका ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लड़कों की श्रेणी में 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के यथार्थ ने स्वर्ण पदक जीता। इसी आयु वर्ग के हितेन ने कांस्य पदक जीता। 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में नित्य ने स्वर्ण, वहीं 11 वर्ष से कम आयु वर्ग में आरव ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के 30 किलो भार वर्ग में कैरवी नेगी ने रजत, 12 से कम आयु वर्ग में प्रियांशी ने स्वर्ण जीता है। इसके अलावा 14 वर्ष से कम आयु में गर्विता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 42 भार वर्ग में अंशिका ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के 39 भार वर्ग में रितिका शर्मा ने रजत पदक जीता। लड़कों के 21 वर्ष से कम आयु वर्ग में ओपन कैटागिरी में रोहन पांटा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 31 मई तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से 950 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और जिनका जिन खिलाड़ियों की प्रतियोगिता बाकी है। उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**जागरूक** नाहन में मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# एक जून को जरूर करें मतदान : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने सिरमौर जिले के सभी पात्र मतदाताओं को एक जून को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश में लोकतंत्र का महापर्व है और इस पर्व में हम सबको अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। डीसी ने नाहन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश की ओर से नाहन पहुंची मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर यह उदगार व्यक्त किए।



उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते हुए।

इस मतदाता जागरूकता एलईडी वैन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश की ओर से प्रदेश के सभी मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। यह एलइडी वाहन सिरमौर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करेगी। यह मतदाता जागरूकता वैन 27 मई और एक जून को नाहन क्षेत्र में, 28 को पांवटा साहिब, 29 को राजगढ़, 30 को संगड़ाह और 31 को शिलाई में मतदाताओं को जागरूक करेगी।

# एलईडी मतदाता जागरूकता वाहन को किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सहायक निर्वाचन अधिकारी व उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंद्र पाल ने अपने कार्यालय परिसर से एलईडी मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस वाहन के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के विशेष मतदाता जागरूकता संदेश को ऑडियो और वीडियो के माध्यम से अर्की के अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से एक जून को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। लोकतंत्र में सभी मतदाताओं की भागीदारी अनिवार्य है। यह वाहन अर्की, कराड़ाघाट, दाड़लाघाट, चमाकड़ीपुल, भराड़ीघाट, धुंदन, बखालग, बातल चौक और कुनिहार आदि में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है। वाहन के साथ सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) अर्की का दल भी उपस्थित था।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### सचिन रंजटा परिवार सहित कांग्रेस में शामिल

**कोटखाई।** कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाघी से सचिन रंजटा ने अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्य को देखते हुए भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए सचिन का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**रोहड़ू।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलगांव व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुटाडा में स्वीप कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। इस दौरान छात्रों ने स्लोगन राइटिंग भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोंगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। स्वीप अधिकारी प्रो. भरत खेपान द्वारा प्रमाण पत्र व कॉपी पेन पुरस्कार के रूप में दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दलगांव स्कूल के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा, आशा, देस राज झामटा अन्य अध्यापक वर्ग व स्वीप के सदस्य संजीव तेगटा मौजूद रहे। कुटाडा स्कूल में कार्यवाहक प्रधानाचार्य रजनीश कुमार, प्रशांत रंजन व अन्य अध्यापक वर्ग भी स्वीप टीम के साथ मौजूद रहे।

### पल्याड मैदान में 2 जून को होगा कुश्ती मेला

**सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के पल्याड घरयाणा पंचायत का प्रसिद्ध कुश्ती मेला दो जून को मेला मैदान पल्याड में आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी के पदाधिकारियों गिरिराज गुप्ता, जगत राम, नारायण सिंह व ओम प्रकाश ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पल्याड की प्रसिद्ध कुश्ती-छिंज रविवार दो जून को करवाई जाएगी। कुश्ती का प्रथम पुरस्कार 21 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपए रखा गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 45 सालों से पल्याड पंचायत घरयाणा में कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है।

### पांच दिवसीय गुरु संज्ञास मेला रारंग 12 जून से

**रिकांगपिओ।** पांच दिवसीय राज्य स्तरीय गुरु संज्ञास मेला रारंग का आयोजन 12 जून से 16 जून तक किया जाएगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पूह विनय मोदी ने मेले की तैयारियों को लेकर मेला आयोजन समिति के मध्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंचायत वासियों सहित खंड के लोगों के सक्रिय सहयोग से इस वर्ष भी मेले का आयोजन भव्य ढंग से किया जाएगा। बैठक में मेले के मुख्य अतिथि को लेकर चर्चा की गई। मेले में स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुकड़ नाटक, खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। मेले के अंतिम दिन स्टार नाइट होगी। बैठक में मेले के संचालन के लिए कमेटियों का भी गठन किया गया। बैठक में तहसीलदार मूरंग विक्रमजीत सिंह, थाना प्रभारी मूरंग जय सिंह, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग जगत, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कल्पा राकेश श्याम, रारांग ग्राम पंचायत के प्रधान राजेंद्र सिंह, रारंग मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार नेगी आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में मासिक धर्म पर किया जागरूक

**घुमारवीं।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष शर्मा के निर्देशानुसार मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल ने की। स्वास्थ्य शिक्षका लीला शर्मा ने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस साल 2013 में जर्मन की एनजीओ वाश ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की थी, इसके बाद साल 2014 से इसे पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य महिलाओं के बीच मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखना और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करना है। मासिक धर्म किशोरावस्था में शुरू हो जाता है यह उम्र 10 साल से शुरू हो जाती है, अगर किसी लड़की को 15 वर्ष तक महावारी न आए तो उसे डॉक्टर को दिखाना चाहिए, साथ में आयरन युक्त भोजन लेना चाहिए। उन्होंने कहाद कि मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्कूलों में मुफ्त सेनेटरी पैड दिए जाते हैं। उनका प्रयोग करें, तथा प्रयोग करने के बाद पैड को डस्टबिन या जमीन में खड्डा बनाकर उसमें दबा दें।

# शिमला में बढ़ी पानी की किल्लत

## पेयजल कंपनी का शहर में पांच दिन पानी देने का दावा फेल, लोग परेशान

**आशिमा बैरागी, शिमला**

शहर में इन दिनों पानी की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। शहर में पेयजल कंपनी सप्ताह में पांच दिन पानी देने का दावा कर रही है, लेकिन शहर के वार्डों में पांच दिन के बजाय तीसरे या चौथे दिन पानी की सप्लाई मिल रही है। यानी पेयजल कंपनी का पांच दिन पानी देने का दावा फेल हो गया है। शहर के कई क्षेत्रों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

शहर के भट्टाकुफर के नेरीधार व गाहण, टुट्टू, ढली, खलीणी, न्यू शिमला, पंथाघाटी, कसुम्पटी, अन्नाडेल, में लोगों को पानी की बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। शहर के पंथाघाटी, कसुम्पटी, अन्नाडेल में तीसरे दिन पानी की सप्लाई मिल रही है। इसके अलावा गाहण व नेरीधार में लोगों को चौथे दिन पानी मिल रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



शिमला में लगातार तापमान बढ़ रहा है। एक तरफ गर्मी लोगों को परेशान कर रही है तो दूसरी तरफ पानी की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है।

### शहर को मिला इतना पानी

| | |
|---|---|
| गुम्मा | 19.70 एमएलडी |
| गिरी | 16.06 एमएलडी |
| चुरट | 1.47 एमएलडी |
| सियोग | 0.00 एमएलडी |
| चैहड़ | 0.58 एमएलडी |
| कोटि ब्रांडी | 1.30 एमएलडी |
| कुल पानी | 39.11 एमएलडी |

हालांकि पेयजल परियोजनाओं में पानी की सप्लाई बढ़ी है, लेकिन शहर के वार्डों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

शिमला शहर को सोमवार को विभिन्न पेयजल परियोजनाओं से 43 एमएलडी पानी मिला है। बावजूद इसके शहर के लोग पानी को तरस रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### टैंकरों से हो रही पानी की सप्लाई

**शहर** में लोगों की पानी की टंकियां खाली पड़ी हैं, ऐसे में लोग पानी के टैंकर मंगवा रहे हैं। शहर के रिहायशी इलाकों से पानी की डिमांड बढ़ रही है। लोग टैंकरों के माध्यम से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं पेयजल कंपनी के मुताबिक रोज़ाना 20 टैंकरों से विभिन्न क्षेत्रों में पानी की सप्लाई की जा रही है। इनमें स्कूलों व पब्लिक टॉयलेट के लिए पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं। अगर किसी भी क्षेत्र से पानी की शिकायत मिल रही है और टैंकर की मांग की जा रही है तो उन क्षेत्रों में टैंकर भेजे जा रहे हैं।

# ओपन एथलेटिक्स में नौ पदक जेजवीं स्कूल के नाम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

जिला बिलासपुर ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5 पदक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के नाम रहे। विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा कोमल राणा ने 3000 मीटर तथा 1500 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता। 10वीं कक्षा की छात्रा ज्योतिषा ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 300 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। 12वीं कक्षा के छात्र विवेक कुमार ने 3000 मीटर में कांस्य पदक जीता। 10वीं कक्षा के छात्र राम कुमार ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक और 200 मीटर दौड़ में भी रजत पदक जीता। 11वीं कक्षा के छात्र अनमोल ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 2000 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय पहुंचते ही प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने इन खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया और सभी बच्चों को इससे प्रेरणा लेने के लिए कहा।



विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य रेखा शर्मा व अन्य।

# 30 .75 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिलासपुर पुलिस ने इस साल की सबसे बड़ी चिट्टे की खेप के साथ दो नेपाली और एक कुल्लू के युवक को पकड़ा है। पुलिस की टीम ने इन युवकों से 30.75 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। तीनों के खिलाफ स्वारघाट थाना में मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



चिट्टे के साथ पकड़े गए युवक पुलिस टीम के साथ।

जानकारी के अनुसार पुलिस की विशेष टीम को रात के समय गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने गरामोड़ा आरटीओ बैरियर के पास नाकाबंदी की। इस दौरान वहां पर खड़ी एक कार की पुलिस ने जांच की। कार में चालक सहित तीन युवक मौजूद थे। पुलिस को देख तीनों घबरा गए।

पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने कार और युवकों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 30.75 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। नेपाल निवासी दोनों आरोपी हाल ही में 15 मील पतलीकूहल तहसील मनाली जिला कुल्लू में रह रहे थे। इस साल अभी तक की यह चिट्टे की सबसे बड़ी खेप है।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया की तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# शिमला व बिलासपुर में आग का तांडव

## जीव-जंतुओं सहित करोड़ों की वन संपदा राख, राजधानी में डीसी तो झंडूता में एसडीएम ने देखा मौका

**अनंत ज्ञान, शिमला/झंडूता**

भीषण गर्मी के बीच शिमला के कई क्षेत्रों में जंगलों में लगी आग ने तांडव मचा रखा है। शिमला में चारों तरफ, तारादेवी, मशोबरा, घनाटी, गोलछा सहित अन्य जगलों में आग लगी है। जहां आग से करोड़ों की वन संपदा आग की भेंट चढ़ गई है वहीं कई जीव-जंतु अपनी जान से हाथ धो बैठे। पिछले 24 घंटे से आग लगी हुई है। शिमला में वन विभाग के साथ अग्निशमन विभाग की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। अग्निशमन के कर्मी ने बताया कि कल से तारा देवी के जंगल में आग लगी हुई है आग को बुझाने के लिए दो-तीन फायर टेंडर लग चुके हैं, लेकिन आग काबू नहीं हुई।





टूटीकंडी बालिका आश्रम के समीप लगी आग का जायजा लेते डीसी व एसपी तथा झंडूता में भड़की आग पर काबू पाते कर्मचारी।

इसी बीच उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी के साथ शिमला शहर के टूटीकंडी बालिका आश्रम के समीप जंगल में लगी आग का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान यहां प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से आग पर समय रहते काबू पाया गया और किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान को रोका गया। **वहीं,** बिलासपुर जिला के झंडूता विस क्षेत्र के बरनोट जंगल में मंगलवार दोपहर के समय भंयकर आग लग गई। लगी भीषण आग से सड़क मार्ग भी बंद हो गया। धुंए की वजह से वाहन चालकों को भी गाड़ियां चलाने में मुश्किलों का सामना करना पडा।

सूचना मिलते ही झंडूता एसडीएम योगराज धीमान भी मौके पर पहुंचे और अग्निशमन टीम को भी मौके पर बुलवाया। जिसके काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना नहीं मिलती तो इस आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाना था और यह आग रिहायशी मकानों तक पहुंच जानी थी। बिलासपुर वन विभाग के 634 हेक्टेयर भूमि में आगजन की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और साथ ही विभाग को कुल 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। विभाग इस सारे नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रहा है।

### अग्निकांड की घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी

**हिमाचल** में पिछले साल यानी 2022 में 1223 आग की घटनाएं सामने आई हैं। पिछले कुछ वर्षों में आगजनी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जहां वर्ष 2015-16 में 672 घटनाओं में 5,750 हेक्टेयर वन भूमि को क्षति पहुंची थी, वहीं वर्ष 2016-17 में 1,832 आग की घटनाएं दर्ज की गई थी। इसी तरह 2017-18 में 1,164 और 2019-20 में 1,445 और 2020-21 में 1,027 घटनाएं दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि 2050 तक ऐसी घटनाएं खतरनाक स्तर तक पहुंच जाएंगी।

# सुन्नी कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चला वोटरों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनएसएस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान 'वॉल आफ डेमोक्रेसी' चलाया गया। अभियान का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएल शर्मा ने हस्ताक्षर कर किया।




'वॉल आफ डेमोक्रेसी' अभियान के दौरान वोटरों को जागरूक करता शिक्षक व छात्र।

इस दौरान उन्होंने ने एनएसएस स्वयंसेवकों और कॉलेज के अन्य छात्रों को वोट डालने और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-64 शिमला ग्रामीण के अपने स्थानीय समुदाय को वोट डालने के महत्व के बारे में जागरूक करके इस चुनाव का पर्व, देश का गर्व अभियान का हिस्सा बनने के लिए भी प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर शिक्षण संकाय ने भी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर सुष्मिता ठाकुर ने एनएसएस स्वयंसेवकों को निर्देश दिए और इसे एक सफल मतदाता जागरूकता अभियान बनाने के लिए स्वयंसेवकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की।

# महिलाओं को बांटे प्रमाण पत्र

**सुन्नी।** एनटीपीसी कोल्डेम के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावितों के लिए सुन्नी तथा घरयाणा में चल रहे ब्यूटी पार्लर और मशीन निटिंग के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सुन्नी स्थित रेन बसेरा में आयोजित किया गया।

हिमकॉन द्वारा आयोजित चार माह अवधि के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के महा प्रबंधक मधुर अग्रवाल ने बतौर मुख्याथिति शिरकत की। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर सहायक प्रबंधक कोल डैम पूर्ण सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा, प्रधान घरयाणा संजय भारद्वाज, मनोज आदि मौजूद रहे।

# तहबाजारियों को उजाड़ने पर सीटू आगबबूला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

तहबाजारियों को ओल्ड बस स्टैंड शिमला और आईजीएमसी लक्कड़ बाजार से उजाड़ने तथा एचआरटीसी प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ आगबबूला हुई रेहड़ी फड़ी तहबाजारी यूनियन संबंधित सीटू ने एचआरटीसी प्रबंध निदेशक कार्यालय पुराना बस अड्डा शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया।



तहबाजारियों को उजाड़ने के विरोध में प्रदर्शन करते सीटू के सदस्य।

इस दौरान सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, तहबाजारी यूनियन अध्यक्ष सुरेंद्र बिट्टू व उपाध्यक्ष शब्बू आलम ने कहा कि एचआरटीसी प्रबंधन की तानाशाही व तहबाजारियों को उजाड़ने की मुहिम किसी भी रूप में सहन नहीं होगी। अगर इस कार्रवाई को तुरंत बंद न किया तो स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 व वर्ष 2007 में माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी को लागू करवाने के लिए यूनियन अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगी। जरूरत पड़ी तो तहबाजारियों को उजाड़ने के विरुद्ध तहबाजारी ओल्ड बस स्टैंड परिसर में ही अपनी दुकानें सजाकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने तयबजारियों को उजाड़ने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है क्योंकि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 इसकी इजाजत नहीं देता।

उन्होंने हैरानी व्यक्त की है कि पिछले दिनों ओल्ड बस स्टैंड पर हुए दर्दनाक बस हादसे में एक महिला की जान जाने पर एचआरटीसी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होने के बजाय पिछले चालीस वर्षों से कार्य कर रहे तहबाजारी धारकों को एक महीने से बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब एचआरटीसी अधिकारियों द्वारा अपनी गलतियों को छिपाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पुराना बस अड्डा पर कानूनी रूप से स्ट्रीट वेंडर्स सर्टिफिकेट धारक तहबाजारियों के कार्य को रोका गया व आईजीएमसी प्रशासन द्वारा अन्य तहबाजारियों का सामान तत्काल न लौटाया गया तो उग्र आंदोलन होगा।

**ओल्ड बस स्टैंड में किया प्रदर्शन, कहा-तहबाजारियों का सामान न लौटाया तो सीटू करेगी आंदोलन तेज**

# देवला-छांब छिंज में रोहित ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले की ग्राम पंचायत हरनोड़ा के देवला-छांब में बीडीटीएस के पूर्व चेयरमैन हरनोड़ा निवासी नंदलाल ठाकुर ने विशाल कुश्ती का आयोजन करवाया। इसमें बरमाणा के तमाम ट्रांसपोर्टरों व बीडीटीएस के सभी वर्तमान व पूर्व में रहे कार्यकारिणी सदस्यों छिंज में शिरकत की।



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते गणमान्य।

इस दौरान चेतराम ने लखदाता पीर व बजरंगबली हनुमान जी के आशीर्वाद से विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर दंगल शुरू करवाया। दंगल में बड़ी माली में दिल्ली के पहलवान रोहित और भिलाई के पहलवान घोड़ा बाबा के बीच में रोचक मुकाबला हुआ। इस दौरान दिल्ली के पहलवान रोहित ने जीत दर्ज की। इसके अलावा छोटी माली में पहुंचे ध्वाल अखाडा के धीरज और धनजय चांदपुर में हुए मुकाबले में धनजय को हार का समाना करना पड़ा। दंगल कमेटी द्वारा बड़ी माली के विजेता को 6100 रुपए व गुर्ज दिया गया और उपविजेता को 4100 रुपए की राशि प्रदान की गई। छोटी माली के विजेता रहे धीरज को 5100 रुपए और गुर्ज उपविजेता व उपविजेता धनजय को 4100 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर इंस्पेक्टर रामलाल ठाकुर, कट्रैक्टर सुखराम ठाकुर, पूर्व बीडीटीएस चेयरमैन लेखराम वर्मा, नंदलाल, श्याल लाल, संजय ठाकुर, जीत राम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेतराम ने कहा कि प्रत्येक युवा अपने जीवन के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, ताकि समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतर कर हम देश हित में कार्य कर सकें।

# कल्याण कला मंच की मासिक संगोष्ठी बध्यात में 2 जून को

**बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला-कलम संगोष्ठी 2 जून को नगर के साथ लगती बामटा पंचायत के बध्यात गांव के साकेत ईको पार्क में होनी निश्चित हुई है। मंच की प्रेस सचिव रेखा चंदेल ने बताया कि उक्त बैठक 11:00 बजे से 2:00 बजे तक दो सत्रों में होगी, जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र में मंच द्वारा प्रस्तावित हिंदी में बाल कविता संग्रह के लिए तीन-तीन बाल कविताएं, एक पृष्ठ का लेखकीय परिचय पत्र और एक फोटो प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय सत्र में सदस्य अपनी- अपनी नवीनतम कला का प्रदर्शन करेंगे। मंच का संचालन तृप्ता देवी कौर मुसाफिर करेंगी। मंच के संयोजक अमरनाथ धीमान ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# करुणामूलक परिवारों के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करे सरकार

**अनंत ज्ञान, शिमला/कुल्लू**

करुणामूलक के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार की ओर से हिमाचल प्रदेश के समस्त करुणामूलक परिवारों के साथ राज्य स्तरीय गूगल मीट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर के सैकड़ों परिवारों ने भाग लिया।

मीटिंग में राज्य कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी गगन कुमार, मुख्य सलाहकार शशिपाल, आईटी सेल गुलशन कुमार और समस्त जिलों के प्रधान, उपप्रधान मौजूद रहे।

गूगल मीट के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के समस्त परिवारों ने करुणा मूलक नौकरी संबंधित अपने विचार रखें। यह परिवार 20 से 25 सालों से अपने माता या पिता के जाने के पश्चात नौकरी की मांग सरकार से करते आए हैं। सैकड़ों बार अपनी मांग राजधानी शिमला से लेकर प्रदेश के हर एक कोने से में उठाते आए हैं।

इनका कहना है कि सरकार बिना किसी शर्त से इन्हें एकमुशत करुणामूल्क नौकरी दे, क्योंकि इन परिवारों ने अपने परिवार का सदस्य सरकार की सेवाकाल के दौरान खोया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि इन चुनावों से पहले अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि भविष्य में सरकार इन परिवारों के लिए क्या कदम उठाने जा रही है।

# उज्बेकिस्तान से लौटी टीम का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

14 से 21 तारीख तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में हुई चतुर्थ सेंट्रल ओपन पुरुष वर्ग की हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी में वापस लौटकर नर्सरी के दोनों खिलाड़ियों हितेन व सुमित व उनके साथ बिलासपुर के राज्य खेल छात्रावास में कोच जो कि टीम में सहायक कोच मनोज ठाकुर व बिलासपुर से ही बरठीं से अंतरराष्ट्रीय रैफरी चंदन ठाकुर के स्वागत में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



हैंडबॉल टीम के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ी व अन्य गणमान्य।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि आनंदेश्वर पांडे महासचीव साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ, एक्सयूकेटिव डारेक्टर, लीग कॉर्डिनेटर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया, सदस्य स्टैंडिंग कमेटी स्पोर्ट्स ऑल ओलंपिक कौंसिल इंडिया, कोषाध्यक्ष इंडियन ओलंपिक संघ ने शिरकत की। आनंदेश्वर पांडे ने हैंडबॉल खिलाड़ी सुमित व हितेन व कोच मनीज व रैफरी चंदन ठाकुर को सम्मानित किया।

मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता ने अकेडमी के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर श्यामलाल कौंडल, डॉ. कर्ण, जगदीश आदि मौजूद रहे।

**राजनीति**

## पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कांग्रेस पर विस चुनावों में झूठी गारंटियां देकर सत्ता हथियाने का लगाया आरोप

# कांग्रेस का प्रलोभन अब लोकसभा चुनावों में नहीं चलेगा : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

विधानसभा चुनावों में झूठी गारंटिया देकर हिमाचल की सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस का कोई भी प्रलोभन लोकसभा चुनावों में नहीं चल पाएगा। महिलाओं, युवाओं, किसानों सहित हर वर्ग को ठगने वाली कांग्रेस को जनता लोकसभा चुनावों में आईना दिखाएगी। हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोकसभा की चार सीटों के अलावा उपचुनाव की सभी सीटों पर परचम लहराएगी।



चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य समर्थकों के साथ।

यह बात मंगलवार को पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की पंतेहडा पंचायत के बंदेहडा सहित एक दर्जन स्थानों पर चुनाव प्रचार के दौरान कही। इस दौरान सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन कमल राज तथा कैप्टन बतन सिंह ने भाजपा का दामन थामा, जिन्हें पूर्व मंत्री ने पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। लोगों को संबोधित करते हुए गर्ग ने कहा कि हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से 2019 के लोकसभा चुनावों में मिली लीड से अधिक बढ़त दिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश भर में विकास के नए आयाम स्थापित किए है। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल जहां केवल व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति के लिए सत्ता हासिल करना चाहते हैं, वहीं भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष से ईडी ने की पूछताछ



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष रंजन मंगलवार को ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने मनीष रंजन से टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आईएएस मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आतम को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ भी की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री आलम उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से हुई अब तक की पूछताछ में मनीष रंजन की संलिप्तता सामने आई है।

### पाकिस्तान में बैठे दो आतंकियों की संपत्तियां कुर्क



**बारामूला।** बारामूला में पुलिस ने दो आतंकी आकाओं की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। दोनों मौजूदा समय में पाकिस्तान से अपना आतंकवादी नेटवर्क चला रहे हैं। कुर्क की गई संपत्ति (3 कनाल और 19 मरला) लाखों रुपए की जमीन जंबूर पट्टन निवासी राज मोहम्मद के बेटे जलाल दीन और कमलकोट उड़ी निवासी मस्ताना भट्टी के बेटे मोहम्मद साकी की है। अधिकारियों ने कहा कि ये दोनों आतंकी संचालक पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

### रूस उज्बेकिस्तान में बनाएगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र



**मॉस्को।** रूस उज्बेकिस्तान में एक छोटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाएगा, जो सोवियत संघ के बाद के मध्य एशिया में अपनी तरह की पहली परियोजना होगी, यह बात उज्बेक राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में कही। यदि परमाणु समझौता क्रियान्वित होता है, तो इससे रूस की न केवल ऊर्जा, बल्कि नए एशियाई बाजारों में उच्च तकनीक वाले उत्पादों के निर्यात की क्षमता का भी पता चलेगा

### राफा हमले के बाद इसराइल से कोई बातचीत नहीं: हमास

**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा पर इसराइल के हमले के बाद हमास ने कथित तौर पर मध्यस्थों को बता दिया है कि वह युद्ध विराम या कैदी विनिमय समझौते पर कोई बातचीत नहीं करेगा। समाचार एजेंसी ने हमास के एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह निर्णय इसराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों को निशाना बनाने और दर्जनों को मारने और घायल करने के जवाब में लिया गया है। सूत्र ने यह भी कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के बारे में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को एक प्रेस बयान में कहा कि रफा शहर के पास विस्थापित लोगों के टेंट पर इसराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए।

### हमास के हमले के लिए ईरान, चीन व रूस जिम्मेदार



**यरुशेलम।** इसराइल के दौरे पर गईं निक्की हेली ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ईरान ने रूसी खुफिया जानकारी के आधार पर हमले की साजिश रची। चीन ने पूरे ऑपरेशन को आर्थिक मदद पहुंचाई। निक्की हेली ने कहा कि वे सभी हत्यारे और सहयोगी हैं। हमें ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए खुद के प्रति ईमानदार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अमेरिका आत्मसंतुष्ट और अहंकारी हो गया, तो वहां भी यही होगा। हालांकि, निक्की हेली ने घटना में चीन और रूस के शामिल होने का कोई सबूत नहीं दिखाया।

### मेजर लीग क्रिकेट को मिला 'लिस्ट-ए' का दर्जा

**सैन फ्रांसिस्को ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक 'लिस्ट-ए' का दर्जा प्रदान किया है। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा होगा। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी को आधिकारिक दर्जा मिलने का मतलब है कि यह अमेरिका के स्थानीय खिलाड़ियों और खेल के उभरते सितारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान का अवसर प्रदान करेगा। इससे देश में घरेलू प्रतिभा के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### यूरो 2024: स्पेन ने अस्थायी टीम घोषित की

**मैड्रिड ।** स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने यूईएफए यूरो 2024 के लिए 29 सदस्यीय अस्थायी टीम की घोषणा की। टीम में बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी फर्मिन लोपेज को पहली बार बुलाया गया है। फुएंते ने दानी कार्वाजल और लैमिन यामल को टीम में शामिल किया, जबकि मार्को असेंसियो टीम में जगह बनाने से चूक गए। स्पेन, जो यूरोपीय चैम्पियनशिप में क्रोएशिया, इटली और अल्बानिया के साथ ग्रुप-बी में शामिल है, टूर्नामेंट से पहले अंडोरा और उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ अभ्यास खेल खेलेगा।




**गोलकीपर :** उनाई साइमन, एलेक्स रेमिरो, डेविड राया।

**डिफेंडर :** दानी कार्वाजल, जीसस नवास, आयमेरिक लापोर्टे, नाचो फर्नांडीज, रॉबिन ले नॉर्मैंड, पाउ कुबार्सी, दानी विवियन, एलेक्स ग्रिमाल्डो, मार्क कुकुरेला।

**मिडफील्डर :** रोड्रिगो, मार्टिन जुबिमेंडी, फैबियन रुइज, मिकेल मेरिनो, पेड्रि, मार्कोस लोरेंटे, एलेक्स गार्सिया, एलेक्स बेना, फर्मिन लोपेज।

**फॉरवर्ड :** अल्वारो मोराटा, जोसेलु, दानी ओल्मो, निको विलियम्स, मिकेल ओयारजाबल, अयोज पेरेज, फेरान टोरेस, लैमिन यमल।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले सीरीज खेलेंगी ऑस्ट्रेलिया-भारत की 'ए' टीमें

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया 'ए' और भारत 'ए' की बीच दो मैचों की चार दिवसीय सीरीज इस साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले होगी, जो भारतीय टीम की तैयारी और दोनों पक्षों के खिलाड़ियों के लिए टेस्ट चयन के लिए दावा पेश करने का मौका है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना में और दूसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक एमसीजी में खेला जाएगा। पूरी भारतीय टीम, जिसमें मुख्य टूर पार्टी और 'ए' टीम दोनों शामिल हैं, पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में 22 नवंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट से पहले 15 से 17 नवंबर के बीच वाका में आंतरिक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करेगी।

#### विश्व रैकेलटन चैंपियनशिप-2024

### भारत की कप्तानी करेंगे विक्रमादित्य चौफला

**नई दिल्ली ।** विक्रमादित्य चौफला को रोटरडम में 31 जुलाई से चार अगस्त तक होने वाली विश्व रैकेलटन चैंपियनशिप-2024 के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। रैकेलटन एक संयुक्त खेल है जिसमें प्रतिस्पर्धियों को चार रैकेट खेल (टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश) खेलना होता है। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी विक्रमादित्य पिछली दो विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की रैकेलटन टीम का हिस्सा रह चुके हैं। टीम में निहित कुमार सिंह, करण तनेजा, प्रशांत सेन, निखिल मनसुखानी और एकमात्र महिला खिलाड़ी नैना तनेजा को जगह मिली है।

### हार्दिक टी-20 विश्व कप में अच्छा करें: हरभजन




**चेन्नई :** हार्दिक पांड्या के लिए पिछले दो महीने काफी मुश्किल भरे रहे हैं और उन से हमदर्दी रखने वाले पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह चाहते हैं कि यह भारतीय हरफनमौला आगामी टी-20 विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन से इस बुरे समय को पीछे छोड़े। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का इंडियन प्रीमियर लीग में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम तालिका में 10वें पायदान पर रही और इस दौरान वह खुद गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उनके लिए चीजें उस समय और मुश्किल हो गई जब स्टेडियम के अंदर दर्शक उनके खिलाफ हूटिंग करने लगे। हरभजन को हालांकि उम्मीद है कि अमेरिका में टी-20 विश्व कप के दौरान चीजें बदलेंगी। उन्होंने कहा '' जब वह नीली जर्सी (भारतीय टीम की जर्सी) पहनेगा तो वह एक अलग हार्दिक पांड्या होगा क्योंकि हम जानते हैं कि वह रन बना सकता है और विकेट ले सकता है। मैं चाहता हूं कि हार्दिक अच्छा प्रदर्शन करें क्योंकि वह बहुत कुछ झेल चुका है और मैं उन्हें भारत के लिए बहुत अच्छे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।''

# दिल्ली में टूटा 100 साल का रिकॉर्ड, चूरू में पारा 50 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में गर्मी कहर बरपा रही है। दिल्ली में गर्मी का सौ साल का रिकॉर्ड टूट गया है। मंगलवार को तापमान 49.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। राजस्थान के चूरू में तापमान 50.5 डिग्री पहुंच गया है।

बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। हालात बिगड़ते जा रहे हैं। देश के अधिकांश राज्यों में प्रचंड गर्मी और लू का दौर बदस्तूर जारी है।




**प्रमुख शहरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| मुंबई | 30.5 |
| दिल्ली | 49.4 |
| चेन्नई | 37 |
| बंगलूरू | 29 |
| चूरू (राजस्थान) | 50.5 |

इससे पहले साल 2022 में 15-16 मई को दिल्ली में 49.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। राजस्थान में हीटवेव के कारण मौत को लेकर चिकित्सा विभाग का कहना है कि प्रदेश में अभी तक एक व्यक्ति की मौत हुई है. वहीं, सरकार के ही आपदा प्रबंधन विभाग ने हीटवेव से छह मौत का दावा किया है।

# भारत को मजबूत नेता, स्थिर सरकार की जरूरत : जयशंकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया तनावपूर्ण स्थिति में है और चल रहे संघर्षों के जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है।

इस परिदृश्य में भारत को एक स्थिर सरकार और नेटवर्किंग, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ एक मजबूत और शक्तिशाली नेता की जरूरत है। यहां उन्होंने मीडियाकर्मियों के एक समूह से बातचीत करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इसराइल-गाजा-ईरान में संघर्ष चल रहे हैं और भारतीय सीमाओं पर भी मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि भारत के पास एक मजबूत नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि मैं आगे चार-पांच साल का कठिन समय देख रहा हूं और मतदाताओं को समझदारी से मतदान करना चाहिए, क्योंकि हमारी सीमाओं पर भी इसी तरह के संघर्ष हो सकते हैं। चीन सीमा पर 1962 में ली गई जमीन पर सड़क, पुल और मॉडल गांव का निर्माण कर रहा है।

## बदलाव चाहते हैं देश के लोग: शशि थरूर



**शिमला।** देश के लोग बदलाव चाहते हैं और नॉर्थ व साउथ इंडिया में विपक्षी गठबंधन को लोगों का समर्थन हासिल हुआ। पिछले दस साल में देश के किसी परिवार को भाजपा सरकार की योजना का कोई लाभ नहीं मिला है। यह बात कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व सांसद शशि थरूर ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर हर वर्ग के विकास के लिए विपक्षी गठबंधन ने अपने मेनिफेस्टो में वादे किए हैं।

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ में इन दिनों जवान एक्शन मोड में हैं। नक्सल क्षेत्रों में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत मंगलवार को फिर गुमलनार गांव से 15 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं, साथ ही एक आईईडी भी बरामद की गई है। डीआरजी बस्तर और गीदम थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। बता दें कि सोमवार को बीजापुर से भी पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

उस वक्त पुलिस थाना तर्रेम क्षेत्रांतर्गत पेददागेलुर, चिन्नागेलुर, गुंडम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरानपेद्दागेलुर से 2 माओवादियों को पकड़ा गया।

## ज्यादा टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 मई तक पैन को आधार से जोड़ें करदाता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है।

आयकर नियम के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। विभाग ने एक अन्य पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने को भी कहा है।

## भारत की मेजर राधिका सेन को संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित



**नई दिल्ली।** कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को एक प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने उन्हें ''सच्चा नेता और आदर्श'' बताया। कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में गुतारेस द्वारा प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया जाएगा।

## ग्लोबल वॉर्मिंग: अंटार्कटिका में टूटा एक और हिमखंड, एक शहर के बराबर की बर्फ गायब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले सप्ताह अंटार्कटिका में करीब 380 वर्ग किलोमीटर बड़ा हिमखंड टूट गया। यह हिमखंड ब्रंट आइस शेल्फ से टूटकर अलग हुआ है, जो कि एक विशाल हिम चट्टान है।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में हिमखंड टूटने की यह पिछले चार सालों में तीसरी घटना है।

रिपोर्ट के अनुसार, को हिमखंड टूटने की घटना जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ के कमजोर पड़ने और हैलोवीन क्रेक के बढ़ने का



नतीजा है, जो बर्फ की चादर में काफी अर्से से देखी जा रही थी। हिमखंडों की निगरानी कर रहे जलवायु वैज्ञानिकों ने उपग्रह चित्र की मदद से इस हिमखंड को अलग होते देखा है।

## शाहजहां शेख पर लगी आपराधिक साजिश हत्या की कोशिश की धारा

**कोलकाता।** संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों से घिरे टीएमसी के निष्कासित नेता शाहजहां शेख की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल सीबीआई ने शाहजहां शेख, उनके भाई और पांच अन्य लोगों पर आपराधिक साजिश और हत्या की कोशिश करने की धाराएं लगाईं हैं। सीबीआई के आरोप पत्र में शाहजहां शेख, उनके भाई आलमगीर, उनके साथी जियाउद्दीन मुल्ला, मुजफ्फर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला समेत सात लोगों का नाम शामिल किया गया है।

## निवेशकों ने एक दिन में गंवाए 3 .33 लाख करोड़

**एजेंसी, मुंबई**

मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। मंगलवार के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी।

बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार के कारोबार के दौरान एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीददारी होती नजर आई। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 416.62 लाख करोड़ रुपए हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.95 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.33 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया।

# टी-20 विश्व कप में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं गेंदबाज

### वेस्टइंडीज की पिचें धीमी, कई बार गेंद रुककर आती

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल-2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था, लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्ट इंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर



बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था। सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया, ''वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से।''

### आईपीएल का औसत स्कोर 180 से ऊपर एंटीगा में 123 रन

आईपीएल-2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।

हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।

## चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : इयोन मोर्गन



**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी020 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है, जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी।

हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा, ''चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है।''

## ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए टीम की योजना अमेरिका के करीब रहने की थी: अमोज जैकब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय धावक अमोज जैकब ने कहा कि पुरुष चार गुना 400 मीटर रिले टीम ने अपने समय में सुधार के साथ विश्व एथलेटिक्स रिले से पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने और अमेरिका की मजबूत टीम के समय के करीब रहने की योजना बनायी थी। मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और जैकब की भारतीय पुरुष टीम ने इस महीने की शुरुआत में नासाउ (बहामास) में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

भारतीय चौकड़ी तीन मिनट 23 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। इस हीट को अमेरिका (दो मिनट 59.95 सेकंड) ने जीता था।

जैकब ने कहा, ''हम जानते थे कि हमारी हीट में अमेरिका है और वे ज्यादातर तीन मिनट से कम समय में दौड़ पूरी करते हैं। इसलिए, हमारी योजना उनके करीब रहने की थी।

## नॉर्वे शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को हराया

**एजेंसी, स्टेवेंगर ( नॉर्वे )**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया।

सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले, जबकि अलीरेजा को सात, लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को



अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके अपना पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरिकी फाबियानो करूआना को हराया।

पहले दौर के बाद प्रज्ञानानंदा, कार्लसन और नाकामूरा 1.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि अलीरेजा, लिरेन और करूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं।

## रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग सत्र में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी, रियाद**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे।

इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और



सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया।

**फ्रेंच ओपन**

### महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा ने लेओलिया जीनजेन को हराया

# पहली बार शुरुआती दौर में हारे राफेल नदाल

**एजेंसी, पेरिस**

14 बार के चैंपियन राफेल नदाल को पहली बार फ्रेंच ओपन के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर में वह लगातार तीन सेटों में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए।

वहीं, महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्वियातेक ने पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर लेओलिया जीनजेन को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने पहले दौर के सबसे रोमांचक मुकाबले में नदाल को 6-3, 7-6(5), 6-3 से हरा दिया, जो शायद टूर्नामेंट के 134 साल के इतिहास में इस चरण का सबसे उल्लेखनीय मुकाबला भी है। 27




वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव रोलां-गैरा में चौथे दौर से पहले नदाल को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने। नदाल फ्रेंच ओपन में कभी लगातार सेट नहीं हारे थे, लेकिन ज्वेरेव ने सब बदल दिया। फिलहाल नदाल 2024 ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस में वापस आने की योजना के साथ, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखना जारी रखेंगे।

## पहले दौर में खाचानोव से हारे सुमित नागल

**शीर्ष** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल को फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के पहले दौर में 18वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से हार का सामना करना पड़ा। नागल के लिए यह एक कठिन मैच होने की उम्मीद थी क्योंकि वह एक शीर्ष-20 खिलाड़ी का सामना कर रहे थे, हालांकि मैच में उन्होंने खाचानोव को कड़ी चुनौती दी और मैच को टाईब्रेकर तक ले गए। 26 वर्षीय नागल अंततः कोर्ट 7 पर खेले गए 2 घंटे और 27 मिनट के मैच में 6-2, 6-0, 7-6(5) से हार गए, जो शुरू में बारिश से बाधित था।